आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 09:39 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 1 अक्टूबर 2024

वर्ष 3 , अंक 42, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आसमान में चमक बिखेरने लगा है धूमकेतु-ए 3 14

27,000 रन पूरे करने वाले चौथे बल्लेबाज बने विराट 13

## एक नजर

### मदुरै के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**मदुरै (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु में सोमवार को नारिमेदु स्थित केंद्रीय विद्यालय सहित कुछ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। धमकी के बाद से अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन में दहशत फैल गई और प्रबंधन को बच्चों को जल्दी घर भेजने पर मजबूर होना पड़ा। बम तलाशी एवं निरोधक दस्ते सहित पुलिस की टीमें केंद्रीय विद्यालय और तीन अन्य स्कूलों में पहुंचीं तथा गहन जांच की। जांच में बम की धमकी अफवाह प्रतीत हुई।

### झारखंड में परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो अक्टूबर को झारखंड के हजारीबाग का दौरा करेंगे और इस दौरान धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत करने के अलावा 83,300 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

### महाराष्ट्र में आया 4.2 तीव्रता का भूकंप

**नागपुर।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में सोमवार की दोपहर 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने यह जानकारी दी। अमरावती के स्थानिक उपजिलाधिकारी अनिल भटकर ने कहा कि किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान की कोई खबर नहीं है। एनसीएस ने कहा कि भूकंप जिले के चिखलधारा तालुका के टेट्रू गांव में दोपहर बाद 1.37 बजे आया। भूकंप का केन्द्र 13 किलोमीटर की गहराई पर था।

### डीयू के 12 कॉलेजों की होगी विशेष ऑडिट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 12 कॉलेजों की विशेष लेखापरीक्षा शुरू की है। मुख्यमंत्री आतिशी ने इसकी स्वीकृति दे दी है। डीयू के यह कॉलेज दिल्ली सरकार द्वारा पूर्ण रूप से वित्त पोषित हैं। एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद लेखापरीक्षा निदेशालय ने विशेष ऑडिट करने के लिए आठ सदस्यीय टीम का गठन किया है।

## मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी



- 8 अक्टूबर को दिया जाएगा 74 वर्षीय अभिनेता को सम्मान

हिंदी सिनेमा में डिस्को डांस को लोकप्रिय बनाने वाले तथा मृगया, सुरक्षा, डिस्को डांसर और डांस-डांस जैसी फिल्मों के मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सरकार ने सोमवार को उन्हें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार देने की घोषणा की। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'एक्स' पर यह घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चुने जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें एक सांस्कृतिक दूत बताया। चक्रवर्ती (74) ने कहा कि जब उन्हें यह खबर मिली तो उनके दिमाग में भोजन और सिर छुपाने के शुरुआती संघर्ष के दिनों सहित जीवन की अब तक की तमाम यादें ताजा हो गईं। चक्रवर्ती को यह पुरस्कार आठ अक्टूबर, 2024 को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में दिया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर में अंतिम चरण का मतदान आज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को 40 विधानसभा क्षेत्रों में अंतिम चरण में मतदान होगा, जिनमें कश्मीर के 16 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। ये क्षेत्र कुपवाड़ा, बारामूला और बांदीपुरा के तीन जिलों में फैले हैं। उत्तरी कश्मीर के डीआईजी मकसूद-उल-जमान ने कहा कि मंगलवार को तीसरे और अंतिम चरण के मतदान के लिए तीन सीमावर्ती जिलों में विभिन्न सुरक्षा बलों की 400 कंपनियां तैनात की गई हैं। यह तैनाती सेना और बीएसएफ सहित उन बलों के अतिरिक्त है जो एलओसी पर निरंतर निगरानी बनाए हुए हैं।

## महाराष्ट्र में देशी गाय को राज्यमाता का दर्जा

**शिंदे सरकार ने प्राचीन परंपरा का हवाला देते हुए जारी किया आदेश**

मुंबई, एजेंसी

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार ने सोमवार को भारत में गायों के सांस्कृतिक महत्व और उसकी परंपराओं का हवाला देते हुए गाय को ''राज्य माता'' घोषित करने का आदेश जारी किया। आधिकारिक आदेश में महायुति सरकार ने कहा कि गाय भारतीय परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है और प्राचीन काल से ही इसका आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और सैन्य महत्व रहा है।

आधिकारिक अधिसूचना में शिंदे सरकार ने कहा कि प्राचीन काल से ही गायों का मानव जीवन में एक अनूठा महत्व रहा है। वैदिक काल से गायों के धार्मिक, वैज्ञानिक और आर्थिक महत्व को देखते हुए उन्हें कामधेनु कहा जाता है।



**राज्य में देशी नस्ल की बढ़ाई जाएगी संख्या**

राज्य के विभिन्न हिस्सों में गायों की अलग-अलग देशी नस्लें पाई जाती हैं, लेकिन दिन-ब-दिन देशी गायों की संख्या में भारी कमी आ रही है। देशी गायों के दूध में मानव आहार में अधिक पोषण मूल्य होता है। देशी गायों का दूध एक संपूर्ण आहार है, क्योंकि इसमें मानव शरीर के पोषण के लिए महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं।

**गाय पालन के लिए सब्सिडी योजना भी लागू**

रिपोर्टों के अनुसार महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने देशी गायों के पालन के लिए 50 रुपये प्रतिदिन की सब्सिडी योजना लागू करने का निर्णय लिया है क्योंकि राज्य में गोशालाएं अपनी कम आय के कारण इसका खर्च वहन नहीं कर सकती थीं इसलिए उन्हें मजबूत बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया।

# भगवान को तो सियासत से दूर रखें

**तिरुपति लड्डू विवाद** सुप्रीम कोर्ट ने जांच के बिना चंद्रबाबू के बयान पर जताई नाराजगी

नई दिल्ली, एजेंसी



- अदालत ने कहा-जांच लंबित होने तक बयान देना उचित नहीं था
- लड्डू बनाने में दूषित घी के इस्तेमाल के नहीं थे ठोस सबूत

उच्चतम न्यायालय ने ''तिरुपति लड्डू'' विवाद मामले में मुकदमा दर्ज होने और विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का आदेश देने से पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की ओर से प्रसाद में कथित तौर पर दूषित घी के इस्तेमाल के बारे में बयान देने पर सोमवार को नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उसे उम्मीद है कि देवताओं को राजनीति से दूर रखा जाएगा।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि 18 सितंबर को प्रेस के सामने बयान देने का औचित्य क्या था? इस बात का कोई ठोस सबूत नहीं था कि लड्डू बनाने में वास्तव में दूषित घी का इस्तेमाल किया गया था। पांच आपूर्तिकर्ता थे। जिनमें से केवल एक की आपूर्ति दूषित पाई गई। पीठ ने यह भी पूछा कि क्या सभी आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त घी को इस्तेमाल से पहले मिलाया गया था। पीठ ने कहा कि हमारा प्रथम दृष्टया मानना है कि जब जांच लंबित थी तो सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए बयान देना उचित नहीं था। शीर्ष अदालत भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी, इतिहासकार डॉ. विक्रम संपत, सुदर्शन टीवी चैनल के संपादक सुरेश चव्हाण और एक अन्य व्यक्ति के द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से यह निर्देश लेने को कहा कि क्या राज्य सरकार द्वारा गठित वर्तमान एसआईटी को ही जारी रहने दिया जाना चाहिए या कोई अन्य एसआईटी गठित की जानी चाहिए। आंध्र प्रदेश सरकार और तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) बोर्ड की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और सिद्धार्थ लूथरा ने मुख्यमंत्री के 18 सितंबर को दिए गए बयान का बचाव करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि चूंकि आपूर्ति (घी की) मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई थी, इसलिए इसे परीक्षण के लिए आनंद में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की प्रयोगशाला में भेजा गया था। जांच की रिपोर्ट आने के बाद मिलावट संबंधी जानकारी सामने आई।

**दुनियाभर के भक्तों की भावनाएं आहत हुईं**

सुब्रमण्यम स्वामी के वकील ने कहा कि वह इससे चिंतित हैं कि मुख्यमंत्री ने किस आधार पर स्पष्ट बयान दिया है, क्योंकि इससे देवता के प्रति सम्मान कम हुआ और दुनिया भर के भक्तों की भावनाएं आहत हुई हैं। अधिवक्ता लूथरा और रोहतगी ने स्वामी पर टीटीडी के पूर्व अध्यक्ष वाई वी सुब्बा रेड्डी के पक्ष में बोलने का आरोप लगाया। रेड्डी ने घी के स्रोत और गुणवत्ता पर विस्तृत फॉरेंसिक रिपोर्ट तथा भक्तों की भावनाओं की रक्षा के लिए मुद्दे को प्रचारित करने पर अस्थायी रोक लगाने को अलग से याचिका दायर की है।

**दूषित घी का प्रयोग अस्वीकार्य, जांच होनी चाहिए कि कौन है जिम्मेदार**

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह आस्था का मामला है और यदि दूषित घी का उपयोग किया गया है तो यह अस्वीकार्य है। इसकी जांच की जानी चाहिए कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है। शीर्ष अदालत ने तीन अक्टूबर को अगली सुनवाई पर सॉलिसिटर जनरल से जवाब मांगा है। नायडू ने दावा किया था कि राज्य में पिछली वाई एस जगनमोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान तिरुपति के लड्डू बनाने में पशु वसा का उपयोग किया गया था, जिससे बड़ा विवाद शुरू हो गया।

## केजरीवाल-आतिशी के खिलाफ कार्यवाही पर लगी रोक

**मानहानि मामला**





**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मानहानि के एक मामले को रद करने से इनकार किए जाने संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी एक याचिका पर सोमवार को दिल्ली सरकार तथा भाजपा नेता राजीव बब्बर से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने इस विषय में नोटिस जारी किया और निचली अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी।

आतिशी और केजरीवाल की ओर से शीर्ष अदालत में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने दलील दी कि मानहानि मामला भाजपा की दिल्ली इकाई के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में बब्बर द्वारा दायर किया गया है।

## डेढ़ गुना बढ़ा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का वर्दी भत्ता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो लाख कर्मियों और एक लाख वाहन चालकों को मिली राहत
- मुख्य सचिव समिति की सिफारिश पर राज्यपाल ने दी स्वीकृति

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने सभी राजकीय विभागों समेत सचिवालय में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मियों और वाहन चालक संवर्ग के वर्दी भत्ता में डेढ़ गुना की बढ़ोत्तरी की है। मुख्य सचिव समिति की सिफारिश को राज्यपाल ने मंजूरी दी है। पांच साल बाद भत्ता बढ़ने से करीब दो लाख कर्मियों और एक लाख वाहन चालकों को राहत मिली है।

वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने सोमवार को सचिवालय प्रशासन समेत अलग-अलग प्रमुख सचिवों को बढ़ोत्तरी से संबंधी शासनादेश भेजा है। चतुर्थ श्रेणी में दफ्तरी, जमादार, चपरासी, चौकीदार और सफाईकर्मी शामिल हैं। सभी विभागों के चतुर्थ श्रेणी व वाहन चालक संवर्ग के लिए वर्दी, वर्दी नवीनीकरण, धुलाई भत्ता और सिली वर्दी लेने के लिए तय रकम में अलग-अलग वृद्धि की गई है। वर्दी नवीनीकरण की समय सीमा भी घटा दी गई है। वर्दी धुलाई की दरें 40 से बढ़ाकर 90 रुपये की गई है। चालकों के लिए हर दो साल में एक जोड़ी जूता-मोजा और पांच साल में एक छाता भी मिलेगा।

**चतुर्थ श्रेणी कर्मी व चालक के लिए वर्दी की दरें**

| वर्दी | भत्ता | नई संस्तुति |
|---|---|---|
| ग्रीष्मकालीन | 680 | 1020 |
| शीतकालीन | 1310 | 1965 |
| जूता | 164 | 246 |
| कंबल | 200 | 300 |
| छाता | 96 | 144 |
| रेनकोट (5 वर्ष पर) | 500 | 750 |

(नोट : सभी आंकड़े रुपये में)

**बगैर वर्दी ड्यूटी आने पर होगी कार्रवाई**

एसीएस दीपक कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जिन कर्मचारियों को वर्दी अथवा वर्दी भत्ता दिया जा रहा है, उन्हें ड्यूटी पर वर्दी पहनना अनिवार्य होगा। वर्दी न पहनने पर संबंधित पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

## अयोध्या गैंगरेप : पीड़िता के भ्रूण से मोईद का डीएनए मैच नहीं हुआ

विधि संवाददाता, लखनऊ

- मामले में दूसरे अभियुक्त राजू की डीएनए रिपोर्ट आई पॉजीटिव, 3 को होगी सुनवाई

**अमृत विचार :** अयोध्या दुष्कर्म मामले में पीड़िता के भ्रूण की डीएनए रिपोर्ट आ गई है। जो मुख्य अभियुक्त और सपा नेता मोईद अहमद के डीएनए से मेल नहीं खा रही है। सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में मामले की सुनवाई के दौरान उक्त डीएनए रिपोर्ट राज्य सरकार की ओर से न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई। हालांकि मामले की सुनवाई नहीं हो सकी, न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए 3 अक्टूबर तिथि नियत की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने अभियुक्त मोईद अहमद की जमानत याचिका पर पारित किया। पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने निदेशक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला को एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। अभियुक्त के अधिवक्ता ने बताया कि आदेश के अनुपालन में प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में दूसरे अभियुक्त राजू से डीएनए मेल खाने की बात तो कही गई है लेकिन मोईद अहमद से नहीं। मोईद की ओर से दलील दी गई कि वह 71 वर्ष का वृद्ध है और मामले में उसे राजनीतिक कारणों से फंसाया गया है। वहीं राज्य सरकार का कहना है कि मामला बहुत ही गंभीर प्रकृति का है, पीड़िता नाबालिग है जिसके साथ दुराचार का आरोप अभियुक्त व उसके नौकर पर है। पीड़िता गर्भवती भी हो गई थी, गर्भपात के पश्चात डीएनए जांच के लिए सैंपल भेजा गया था।

## प्रदेश के 4000 क्रय केंद्रों पर आज से होगी धान की खरीद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, आगरा, अलीगढ़, झांसी और लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर जिलों में धान की खरीद मंगलवार से शुरू हो जाएगी। किसानों से धान खरीद को लेकर 31 जनवरी तक चलने वाली इस प्रक्रिया के लिए राज्य सरकार ने 4000 क्रय केंद्र बनाए हैं।

धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 व धान ग्रेड ए का 2320 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। किसानों को धान की उतराई, छनाई व सफाई के मद में 20 रुपये प्रति कुंतल की दर से प्रतिपूर्ति की जाएगी। मुख्यमंत्री ने क्रय केंद्रों पर धान बेचने वाले किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान कराने का निर्देश दिया है। खाद्य-रसद विभाग की ओर से धान खरीद के लिए पहली सितंबर से पंजीकरण शुरू हो गया था। 30 दिनों में अब तक लगभग 32 हजार किसानों ने पंजीकरण कराया है। कृषि विभाग के मुताबिक, खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए धान से आच्छादित क्षेत्रफल 61.24 लाख हेक्टेयर है। इस वर्ष धान का उत्पादन 265.54 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है। औसत उत्पादन लगभग 43.36 कुंतल प्रति हेक्टेयर अनुमानित है।

## लेखपालों को दौड़ाकर पीटा, अभिलेख छीने

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



- ग्राम उखरा में राजस्व टीम पर गांव वालों ने किया हमला
- एसडीएम, सीओ, जिला पंचायत अध्यक्ष के सामने मारपीट
- 28 सितंबर को गांव में जेसीबी से ढहाए गए थे 18 मकान

**अमृत विचार :** थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम उखरा में 28 सितंबर को प्रशासन ने जेसीबी से अवैध रूप से बने 18 मकानों को ढहा दिया था। सोमवार को राजस्व विभाग की टीम जांच करने गांव पहुंची तो जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, सीओ तथा एसडीएम की मौजूदगी में गांव वालों ने लेखपालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। उनसे सरकारी अभिलेख भी छीनकर गायब कर दिए गए।

ग्राम उखरा में पंचायत की भूमि पर 18 लोगों ने अवैध कब्जा कर मकान बनवा लिए थे। राजस्व एवं पुलिस प्रशासन ने 28 सितंबर को इन मकानों पर जेसीबी चलवा दी थी। इससे गांववाले नाराज थे। सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव, एसडीएम कायमगंज रविन्द्र सिंह, सीओ मोहम्मदाबाद अनिल कुमार लेखपालों के साथ गांव उखरा पहुंचे।

मोनिका यादव व नरेंद्र सिंह यादव गांव वालों से बातचीत कर रहे थे कि तभी गांव वालों ने राजस्व टीम पर हमला बोल दिया। ग्रामीणों ने दो लेखपालों रुद्र प्रताप सिंह और सौरभ पांडे को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। अभिलेख छीनकर फाड़ दिए। किसी तरह बचकर वे गांव से निकले।

लेखपालों की पिटाई की सूचना पर दर्जनों लेखपाल थाना नवाबगंज पहुंच गए और कार्रवाई की मांग पर धरने पर बैठ गए। इस संबंध में एसडीएम कायमगंज रविन्द्र सिंह ने बताया कि उनके सामने लेखपालों पर जानलेवा हमला किया गया है। हमलावरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लेखपाल संघ के अध्यक्ष अजीत दुबे ने बताया कि दो लेखपालों के साथ मारपीट हुई है। अभिलेख फाड़े गए हैं। तहरीर तैयार की जा रही है।

## टैंक की सफाई को उतरे तीन मजदूरों की दम घुटने से मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



- गणपति एग्री बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में हुआ हादसा

**अमृत विचार :** देवा मार्ग पर स्थित मुर्गी दाना और राइस ब्रान बनाने वाली फैक्ट्री के भूमिगत डीजल टैंक में उतरे तीन मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। जबकि तीन अन्य श्रमिकों को लोगों ने सकुशल निकाल लिया। हादसा देवा मार्ग पर जहांगीराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भटेहटा स्थित गणपति एग्री बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में हुआ। इस कारखाना परिसर में एक ओर राइस मिल तो कुछ ही दूरी पर मुर्गी दाना बनाने का भी प्लांट है। शाम करीब पांच बजे कारखाने में डीजल का टैंकर आया था। भूमिगत टैंक में डीजल डालने से पहले उसकी सफाई के लिए कहा गया। इस काम के लिए तीन मजदूर नीलेश (22) व सुनील (30) जहांगीराबाद, और धर्मेंद्र (22) जिला अंबेडकरनगर लगाए गए। काफी देर तक तीनों बाहर नहीं आए तो अन्य तीन साथी नीचे उतरे जहां पर तीनों मजदूर बेसुध पड़े हुए थे।

## वायुसेना के नए प्रमुख ने संभाला कार्यभार

**नई दिल्ली।** एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी के सोमवार को सेवानिवृत होने पर एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने वायु सेना के नए प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने वायु सेना प्रमुख के रूप में तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर वायु सेना मुख्यालय में एयर चीफ मार्शल सिंह को वायु सेना की कमान सौंपी। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने सुबह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एयर चीफ मार्शल सिंह फरवरी 2023 से वायु सेना उप प्रमुख की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

**निष्क्रिय उपभोक्ता** खाद्य एवं रसद विभाग ने एनआईसी को दिए निर्देश, रद भी किये जा सकते हैं कार्ड

## पांच माह से नहीं लिया राशन, होल्ड हुए 6 .75 लाख कार्ड

राजीव शुक्ला, लखनऊ





**प्रदेश के कार्डधारकों की स्थिति**

| | |
|---|---|
| पात्र गृहस्थी कार्डधारक- | 3,18,28,499 |
| अंत्योदय श्रेणी के कार्डधारक- | 40,89,480 |
| इतने कार्ड पर नहीं उठा राशन - | 6,75,753 |

**अमृत विचार :** सरकार की ओर से पात्र गृहस्थी के राशन कार्ड धारकों को हर माह प्रति कार्ड प्रति यूनिट 5 किलोग्राम राशन मुफ्त दिया जाता है। प्रदेश में 6 लाख 75 हजार ऐसे पात्र गृहस्थी श्रेणी के राशन कार्ड धारक हैं, जो पिछले करीब पांच माह से सरकारी राशन नहीं ले रहे हैं। खाद्य एवं रसद विभाग ने लंबे समय से निष्क्रिय इन राशन कार्डों को होल्ड पर रख दिया है। आशय यह है कि इन कार्ड का उपयोग फिलहाल धारक राशन लेने में तत्काल नहीं कर सकेंगे। इसे लेकर एनआईसी को निर्देश दे दिए गए हैं। अगर किसी जरूरत के तहत होल्ड किए गए ये कार्ड धारक आते हैं तो उसे इस व्यवस्था से मुक्त भी किया जाएगा। इसके लिए डीएसओ को अधिकृत किया जा रहा है। मंशा है कि इन कार्ड का दुरुपयोग न हो सके और नए जरूरतमंदों को जोड़ा जा सके।

वर्तमान में दो श्रेणी के राशन कार्ड सरकार की ओर से मान्य हैं। पात्र गृहस्थी कार्डधारकों की संख्या प्रदेश में 3,18,28,499 है। इन्हें वर्तमान में प्रति कार्ड प्रति यूनिट 5 किलोग्राम राशन मुफ्त दिया जा रहा है। जबकि अंत्योदय श्रेणी के कार्ड धारकों की संख्या 40,89,480 है और इन्हें प्रति कार्ड 35 किलोग्राम के हिसाब से मुफ्त राशन दिया जाता है। पिछले दिनों प्रदेश के नॉन-ट्रांजेक्टेड राशन कार्डों की समीक्षा में खुलासा हुआ कि यूपी में 6,75,753 पात्र गृहस्थी श्रेणी के राशन कार्ड ऐसे हैं, जिन पर पांच महीनों से (अप्रैल 24 से अगस्त 24 तक) राशन का उठान नहीं हुआ है। कार्डधारकों ने नेशनल पोर्टेबिलिटी व्यवस्था के तहत किसी दूसरे राज्य की दुकान से भी मुफ्त राशन नहीं लिया। इससे स्पष्ट होता है कि इन कार्ड धारकों को मुफ्त राशन की जरूरत नहीं है।

**पात्र के बनाए जाएं कार्ड**

अपर आयुक्त खाद्य प्रभाष कुमार ने एनआईसी के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक राजीव रस्तोगी को पत्र लिख कर निष्क्रिय इन 6,74,753 राशन कार्डों को होल्ड करने को कहा है। साथ ही निष्क्रिय कार्डों को होल्ड पर डालने के बाद राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत उनकी जिलावार रिक्तियां सृजित करने को कहा है, ताकि उनके स्थान पर दूसरे पात्र लोगों के नए कार्ड बनाए जा सकें।

## एक नजर

### होटल में जुआ खेल रहे तीन जुआरी गिरफ्तार

**कानपुर।** नजीराबाद स्थित एक होटल के कमरे में जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस को आरोपियों के पास से 57 हजार नकद व ताश के पत्ते बरामद हुए है। नजीराबाद पुलिस ने बताया कि होटल पर छापा मारा गया। आरोपियों ने अपने नाम आर्य नगर निवासी अर्चित शुक्ला, सर्वोदय नगर निवासी शंशाक पांडेय व आरके नगर निवासी निर्मल कुमार वर्मा बताया। रिपोर्ट दर्ज की गई।

### दरसा चिश्तिया गरीब नवाज में जश्ने दस्तारबंदी

**कानपुर।** मदरसा चिश्तिया गरीब नवाज सोसायटी फातिमा मस्जिद लाल्लू पुरवा जाजमऊ में 11 नवंबर को सरकार गरीब नवाज कान्फ्रेंस एवं जश्ने दस्तारबंदी का आयोजन करेगी। मदरसा में हुई बैठक में हाफिज मोहम्मद सरफराज खान रजवी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रसिद्ध मौलाना अलहाज सैयद मोहम्मद नूरानी मियां के अलावा किछौछा शरीफ के मौलाना हाफिज सैयद मोहम्मद नूरानी अशरफी जिलानी, जाजमऊ ईदगाह के इमाम मुफ्ती कारी हसीब अख्तर शाहिदी शिरकत करेंगे। जलसे की अध्यक्षता मौलाना मुफ्ती इलियास खां नूरी करेंगे।

# 10 अक्टूबर तक 80 फीसदी सड़कें सुधरेंगी

## महापौर ने त्योहारों को देखते हुये नगर निगम अधिकारियों के साथ की बैठक, साफ-सफाई तेज करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सड़कों के गड्ढे भरने के साथ मंदिरों और रामलीला मैदानों की सफाई के निर्देश

**अमृत विचार।** महापौर प्रमिला पांडेय ने सोमवार को नवरात्र-दशहरा व अन्य त्योहारों को लेकर नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक की। महापौर ने कहा कि बरसात की वजह से पूरे शहर की सड़कें टूट गई हैं। सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं। इससे शहरी परेशान हैं। इस पर मुख्य अभियन्ता (सिविल) सैय्यद फरीद अख्तर जैदी ने महापौर को बताया कि नगर निगम की पैच वर्क मशीन की मरम्मत के लिये टेंडर हो रहे हैं, गड्ढे मरम्मत के लिये एक साथ टेण्डर कराकर रूट-चार्ट बनाकर कार्य कराया जायेगा। मुख्य अभियंता ने कहा कि 10 अक्टूबर तक शहर की 80 फीसदी सड़कें गड्ढा मुक्त कर दी जायेंगी।



त्योहारों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करतीं महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

नगर निगम मुख्यालय समिति कक्ष में साफ-सफाई, मार्ग प्रकाश एवं रामलीला पंडालों, मन्दिरों तक पहुंच मार्ग के सम्बन्ध में महापौर ने जानकारी ली। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि नवरात्र के मद्देनजर सभी मंदिरों में साफ-सफाई, पहुंच मार्गों की मरम्मत एवं मार्ग प्रकाश की व्यवस्था कराएं। सहायक अभियन्ता दिवाकर भास्कर ने बताया कि 52 पार्कों में दुर्गा पूजा एवं रामलीला होती है, जिनमें 46 पार्कों में रंगाई-पुताई एवं अन्य मरम्मत के कार्य 5 अक्टूबर तक पूरे हो जायेंगे।

बैठक में नगर आयुक्त सुधीर कुमार, अपर नगर आयुक्त मो. अवेश, अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव, मुख्य अभियन्ता सिविल सैय्यद फरीद अख्तर जैदी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय संख्वार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर आदि रहे।

### खराब लाइट के लिए टोल फ्री नंबर

नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने कहा कि मार्ग प्रकाश की व्यवस्था ठीक कराई जाएगी। मार्ग प्रकाश के प्रभारी आरके पाल ने बताया कि मार्ग प्रकाश लाइटों के सम्बन्ध में टोल-फ्री नम्बर जारी किया गया है, जनता 18001801470 और 18001805124 नंबर पर शिकायत कर सकती है, समाधान कराया जायेगा। महापौर ने कहा कि गृहकर से सम्बन्धित शिकायतें अत्यधिक हैं इसलिये एक स्थायी शिविर की व्यवस्था करें, जिसमें जो अधिकारी बैठे वह संशोधन सम्बन्धित ही कार्य करें।

### गड्ढे में युवक गिरा, मेट्रो अधिकारी तलब

**कानपुर।** महापौर प्रमिला पांडेय ने परेड में गड्ढे में युवक के गिरने की शिकायत मिलने पर सोमवार को मेट्रो अधिकारियों को तलब किया। महापौर ने मेट्रो अधिकारियों से कहा कि परेड में पिलर के गड्ढे बना दिये गये हैं, जिसमें लोहे की सरिया लगी हैं, पिछले दिनों एक व्यक्ति उसमें गिर कर घायल हो गया, उसमें बरसात का पानी भी भर गया है, यदि कोई व्यक्ति ऊपर से गिरा तो सरिया उसे चीर कर निकल जायेगी। इसे सुधरवाएं। उप मुख्य अभियन्ता मेट्रो सुनील कुमार ने कहा कि परेड में सड़क की चौड़ाई 9.60 से 13 मीटर कर दी गई है। फुटपाथ डेढ़ मीटर से दो मीटर कर दिया गया है।



नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने कल्याणपुर की विधायक नीलिमा कटियार के साथ विधानसभा क्षेत्र का निरीक्षण किया। अमृत विचार

# नाली बिना कोई सड़क न बनाएं: नीलिमा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर क्षेत्र के निरीक्षण में नगर आयुक्त को विधायक नीलिमा कटियार की दो टूक
- मुख्य सड़कों पर गड्ढे, जलजमाव और जर्जर सीवर लाइनों से घरों में भरता गंदा पानी

**अमृत विचार।** कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को जन समस्याओं का जायजा लेने पहुंचे नगर आयुक्त सुधीर कुमार से विधायक नीलिमा कटियार ने साफ कहा कि क्षेत्र में ड्रेनेज सिस्टम के बिना कोई सड़क न बनाई जाए। विधायक ने कहा कि इलाके में मुख्य मार्ग क्षतिग्रस्त हैं, बारिश में जलजमाव होता है। जर्जर सीवर लाइनों के कारण घरों में गंदा पानी भरता है।

नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता सिविल व क्षेत्रीय अभियंता को निर्देशित किया कि नाली बनाए बिना किसी भी सड़क का निर्माण कार्य प्रस्तावित न किया जाए। मुख्य अभियंता सिविल ने बताया कि कार्यों का एस्टीमेट तैयार करा लिया गया है। विधानसभा क्षेत्र में जलापूर्ति की पाइप लाइन डालने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है, इससे क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा। निरीक्षण में पार्षद धीरेंद्र त्रिपाठी ने जर्जर सड़कों की समस्या से अवगत कराया।

# अवनीश के साथ फोटो थी, युवक ने लगाई फांसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिजनों ने बताया कि 25 दिनों से चल रहा था तनावग्रस्त
- सुसाइड नोट में लिखा- यह कदम अपनी मर्जी से उठा रहा

**अमृत विचार।** रावतपुर थानाक्षेत्र निवासी युवक ने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी कुछ समय पूर्व पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष अवनीश दीक्षित के साथ असलहो संग फोटो वायरल हुई थी। परिजनों का आरोप है कि मामले की जांच कर रही क्राइम ब्रांच की टीम ने रविवार को उसको पूछताछ के लिए बुलाया था, जिसके बाद से वह काफी परेशान था। पुलिस ने सुसाइड नोट बरामद किया है।



महेंद्र।



अवनीश दीक्षित के साथ वायरल फोटो में महेंद्र (लाल घेरे में)। अमृत विचार

रावतपुर बी ब्लॉक कच्ची मड़ैया निवासी महेंद्र कुमार (39) अपनी दो बहनों पूनम, अंजू, भाभी गंगा देवी के साथ रहता था। सोमवार तड़के घर में सभी लोग सो रहे थे, इस दौरान महेंद्र ने घर के सबसे पीछे स्थित कमरे में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। भाई कोमल गौतम ने बताया कि जेल में बंद अवनीश दीक्षित के साथ कुछ समय पूर्व असलहों के साथ उसकी फोटो वायरल हुई थी। जिसकी जांच क्राइम ब्रांच की टीम कर रही थी। क्राइम ब्रांच कई बार पूछताछ कर चुकी थी। आरोप है कि क्राइम ब्रांच ने रविवार को भी बुलाया था। शाम को वहां से वापस आने पर वह परेशान था। पोस्टमार्टम में फांसी लगाने से मौत की पुष्टि हुई। डीसीपी वेस्ट राजेश कुमार सिंह ने बताया कि महेंद्र कुमार नौ साल पहले शौकिया तौर पर पत्रकारिता करते थे। वर्तमान में वह होर्डिंग बनाने वाली कंपनी में बिल काटने का काम करते थे। सुसाइड नोट में किसी को दोषी नहीं ठहराया गया है। क्राइम ब्रांच की टीम ने उनको दो बार फोटो पहचान के लिए बुलाया था, तीसरी बार पुलिस ने इनको आने के लिए मना कर दिया था।

### मैं अपनी मर्जी से कदम उठा रहा हूं...

मौके पर पहुंची रावतपुर पुलिस को सुसाइड नोट मिला। जिसमें लिखा था, मैं यह कदम अपनी मर्जी से उठा रहा हूं, इसमें किसी का कोई दोष नहीं है। मै अपने परिवार से माफी मांगता हूं, जिन्हें मैं परेशान छोड़ कर जा रहा हूं।

# 75 लाख की धोखाधड़ी में युवती गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** बिरहाना रोड स्थित एक कंपनी के आफिस में कार्यरत युवती ने फर्जी दस्तावेजों से धोखा कर 75 लाख रुपये हड़प लिए। असिस्टेंट मैनेजर ने युवती समेत 5 लोगों के खिलाफ फीलखाना थाने में मुकदमा दर्ज कराया। सोमवार को पुलिस ने युवती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बिरहाना रोड में मेसर्स एआर थर्मोसेट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर लीगल अमित घोषाल ने बताया कि उनके यहां नौघड़ा रेशमगली निवासी शुभांगी मिश्रा काम करती थी। उसने फर्जी बिल बना कर उस पर प्रबंध निदेशक मनोज गुप्ता के हस्ताक्षर बनाए। इसके साथ ही दो बिलों की करीब 23.94 लाख रुपये की धनराशि का भुगतान दूसरे खातों में करवा दिया।

जानकारी होने पर शुभांगी से पूछताछ करने पर उसने बताया कि गांधी नगर के सिद्धार्थ गुप्ता को 41 लाख, नौघड़ा के अभिषेक अग्रवाल को 15.50 लाख और अभिषेक अग्रवाल की दादी पुष्पा अग्रवाल को 18 लाख रुपये दिए हैं। फीलखाना थाना प्रभारी रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी युवती को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## सार-संक्षेप



ऑटो एक्स्पो का उद्घाटन करते उप महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक कानपुर परिक्षेत्र राजीव रावत। अमृत विचार

### एसबीआई के ऑटो एक्स्पो में कार डीलरों ने लिया भाग

**कानपुर।** भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा में ऑटो एक्स्पो आयोजित हुआ। इसमें 10 प्रमुख कार डीलरों ने भाग लिया। एक्स्पो रेडियो मिर्ची के सहयोग से आयोजित किया गया। एक्स्पो की शुरुआत मुख्य अतिथि उप महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक कानपुर परिक्षेत्र राजीव रावत ने की। एक्स्पो में पारंपरिक ईंधन के साथ हाइब्रिड ईंधन पर चलने वाले वाहनों का प्रदर्शन किया गया। एक्स्पो में शहर के सभी प्रमुख कार डीलर सुजुकी, महिंद्रा, फोक्स्वैगन, हुंडई, टाटा, होंडा, टोयोटा, किया, स्कोडा, रेनो आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि यह एक्स्पो उपभोक्ताओं को एक ही स्थान पर अधिक विकल्पों को देखने, जानने तथा चुनने का अवसर प्रदान करता है। भारतीय स्टेट बैंक के ऑटो हब तथा शाखाओं के अधिकारी ग्राहकों को कार ऋण पूछताछ तथा सहयोग के लिए उपस्थित रहे।

### गांधी जयंती पर बंद रहेंगी गोश्त की दुकानें

**कानपुर।** 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर कानपुर में सभी गोश्त और मछली की दुकानें बंद रहेंगी। नगर निगम मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके निरंजन ने बताया कि शासन के आदेश के तहत निर्देश जारी किये गये हैं। शहर में कहीं भी दुकानें खुली मिली तो नियमानुसार कार्रवाई होगी।

# नई दिल्ली से राजगीर के लिए चलेगी एसी विशेष ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन ने त्योहारों पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए नई दिल्ली से राजगीर स्टेशन के लिए विशेष एसी ट्रेन चलाने की घोषणा की है। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि ये ट्रेन 24 अक्टूबर से चलेगी। ट्रेन संख्या 04070 नई दिल्ली से रात 00.20 बजे चलेगी, गोविंदपुरी सुबह 6.30 बजे, प्रयागराज सुबह 10.30 बजे, पं. दीन दयाल जंक्शन दोपहर 1.30 बजे, बक्सर दोपहर 2.50 बजे, आरा अपराह्न 3.45 बजे, पटना सायं 4.55 बजे, बख्तियारपुर सायं 5.55 बजे, बिहार शरीफ सायं 6.55 बजे एवं राजगीर स्टेशन रात 9 बजे पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 04069 राजगीर स्टेशन से रात 10.50 बजे चलेगी, बिहार शरीफ रात 11.35 बजे, बख्तियारपुर रात 1.10 बजे, पटना रात 3.05 बजे, आरा भोर 3.58 बजे, बक्सर भोर 4.48 बजे, पं. दीन दयाल जंक्शन सुबह 6.40 बजे, प्रयागराज सुबह 10 बजे, गोविंदपुरी दोपहर 1.45 बजे, नई दिल्ली रात 11.10 बजे पहुंचेगी।

### अमृतसर ट्रेन अब अंबाला तक

**कानपुर।** रेलवे प्रशासन ने कानपुर सेंट्रल स्टेशन से अमृतसर तक चलने वाली ट्रेन को अंबाला कैंट तक ही चलाने का फैसला लिया है। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि गाड़ी सं. 22445 कानपुर सेन्ट्रल-अमृतसर 30.09.2024 एवं 07.10.2024 को अंबाला कैंट तक ही जाएगी। गाड़ी सं. 22446 अमृतसर-कानपुर सेंट्रल स्टेशन के लिए 01.10.2024 एवं 08.10.2024 को अंबाला कैंट से ही चलेगी।

# भोजपुरी अभिनेता पर अभद्र टिप्पणी रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** भोजपुरी अभिनेता व उनके परिवार पर अभद्र टिप्पणी करने वालों के खिलाफ उनके प्रशंसक ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

श्याम नगर, चाणक्यपुरी निवासी राहुल गुप्ता ने बताया कि वह फिल्म अभिनेता पवन सिंह के मित्र व प्रशंसक हैं। सोशल मीडिया पर उन्होंने देखा कि अमित झा व बबिता मिश्रा ने फिल्म अभिनेता व उनके परिवार के बारे में अभद्र टिप्पणी की है। पूर्व में भी दोनों अपने यूट्यूब चैनल गंगा न्यूज लाइव व देशवा न्यूज के जरिये फिल्म अभिनेता व उनकी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसा रहे थे। साथ ही जान से मारने की धमकी दे रहे थे। कोतवाली थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# एसजीएसटी कार्यालय में किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से सोमवार को स्टेट जीएसटी विभाग में 'हल्ला बोल' प्रदर्शन किया गया। व्यापारी एसजीएसटी विभाग पर बिना नोटिस भेजे व 2010 से 2016-17 तक के मामलो में बकाया दिखाकर बैंक अकॉउंट सीज करने का आरोप लगा रहे थे। व्यापारियों ने नारेबाजी करने के साथ ही अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन भी दिया। प्रदर्शन के दौरान 12 व्यापारियों ने बंद बैंक खाते खोलने के लिए प्रार्थना पत्र भी दिए।



एसजीएसटी कार्यालय के बाहर ज्ञापन दिखाते व्यापारी व उद्यमी। अमृत विचार

- बकाया बताकर बैंक खाते सीज करने का लगाया आरोप
- भारतीय उद्योग व्यार मंडल की ओर से की गई नारेबाजी

प्रदर्शन के दौरान अपर आयुक्त ग्रेड 1 से वार्ता में भारतीय उद्योग व्यार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र व महानगर अध्यक्ष गुरुजिन्दर सिंह ने कहा कि स्टेट जीएसटी विभाग बकाया दिखाकर बैंक खाते सीज कर रहे हैं। त्योहार के समय व्यापारियों व उद्यमियों के बैंक खाते सीज करने से व्यापार ठप हो जाता है।

प्रदर्शन में महानगर वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने, प्रदेश मंत्री रोशन गुप्ता, कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता गोरे, महामंत्री महेश सोनी, संगठन महामंत्री चंद्राकर दीक्षित, युवा अध्यक्ष आशीष मिश्र, युवा वरिष्ठ महामंत्री सचिन त्रिवेदी व वरिष्ठ मंत्री संजय भदौरिया सहित अन्य मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड गाजू की संगठनात्मक बैठक दिनांक 1/10/2024 को सुबह-11:00 बजे समिति के कार्यालय पर आहूत की जाती है सभी इच्छुक व्यक्ति बैठक में सादर आमंत्रित हैं। मुख्य प्रवर्तक मो0 नं, 9120181895

**सूचना**

मैं संदीप श्रीवास्तव पुत्र श्री जे0बी0एल0 श्रीवास्तव यह सूचित करना चाहता हूँ कि प्लाट न0 -14/39 वृन्दावन योजना, लखनऊ का आवंटन पत्र की मूल प्रति खो गयी है। जो कही विक्रय बंधक नहीं है। जिसका भविष्य में दुरूपयोग अवैध है।

**सूचना**

मेरे पुत्र तन्मय पाठक के शैक्षिक अभिलेख में त्रुटिवश मेरा नाम शीलम पाठक लिखा है। जबकि वास्तविक नाम शीलम है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। शीलम पत्नी धर्मेंद्र कुमार पाठक ग्राम- पूरे दुर्गा पाठक, पोस्ट- भखरी जिला- सुल्तानपुर।

**सूचना**

मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम अंसारी मोहम्मद आकिफ पुत्र मोहम्मद खालिद दर्ज है, जबकि आधार कार्ड के नाम मोहम्मद आकिफ अंसारी (Mohd. Aqif Ansari) पुत्र मोहम्मद खालिद अंसारी है। यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति /मेरे ही हैं, मैं इन दोनों नाम से पहचाना जाता हूं। **निवासी मो0 मिर्दही उत्तरी कस्बा दरियाबाद बाराबंकी**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम SHAILESH KUMAR MAURYA दर्ज है जबकि उसके स्कूल अभिलेखों में उसका नाम SAILESH KUMAR MAURYA दजै है। अत: मेरे पुत्र के आधार कार्ड के अनुसार स्कूल में भी नाम दर्ज किया जाये। **प्रेम नारायण पुत्र भगौती प्रसाद ग्राम परसेहरा खुर्द, तहसील व जिला सीतापुर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे बचत खाता सं0-07360100029175 में मेरा नाम मुन्नी बानों D/o अमीन दर्ज है। जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम शाहीन बानों D/o मो. अमीन दर्ज है। उपरोक्त मुन्नी बानों D/o अमीन एवं शाहीन बानों D/o मो. अमीन दोनों नाम एक ही व्यक्ति (मेरे) के हैं। अत: मेरे बचत खाता सं0-07360100029175 में मेरा नाम शाहीन बानों D/o मो. अमीन दर्ज किया जाये। **शाहीन बानो पुत्री मो0 अमीन नि0 ग्राम गोकुलपुर रोझइया वि0ख0 जगतपुर, तहसील-ऊचाहार जिला रायबरेली।**

**सूचना**

समस्त मत्स्य आखेटक, मत्स्य विक्रेता व मत्स्य पालन से जुडे व्यक्ति व मछुआ समुदाय के व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 04.10.2024 को समय 11 बजे दिन में खेल मैदान महमूदपुर विकास खंड धनपतगंज पर एक नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन के लिए द्वितीय बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में ग्राम पंचायत महमूदपुर, रसूलपुर व नकहा के व्यक्ति एवं सम्मानित ग्राम प्रधान की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

आयोजक - पूजा निषाद
निवासी महमूदपुर, विकास खंड धनपतगंज, जनपद सुल्तानपुर

**सीधे प्रवेश**

शैक्षिक सत्र 2024-26 सीधे प्रवेश डी0एल0एड्0 (बी0टी0सी0) पाठ्यक्रम में डी0एल0एड्0 (बी0टी0सी0) प्रशिक्षण हेतु निर्गत शासनादेश पत्र संख्या- 390/ अरसठ-4-2023-2067/2013 दिनांक 26 मई 2023 को अतिक्रमित करते हुए डी0एल0एड0 2024 में चयन/प्रवेश सचिव, पी0एन0पी0 उ0प्र0 के पत्र संख्या डी0एल0एड्0/2879-81/2024-25 दिनांक 23 अगस्त 2024 एवं पत्र संख्या गोप0/डी0एल0एड्0-24/3085-88/2024-25 दिनांक 06.09.2024 तथा कार्यालय/सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उ0प्र0 द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति दिनांक 12.09.2024 के अनुपालन में। **रुदौली एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट**
(मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक संस्थान)
सरायपीर, भेलसर, रुदौली, अयोध्या उ0प्र0
(लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुदौली सब्जी मण्डी के पीछे), सम्पर्क सूत्र- 9936535300, 7275031616

## राजनीति

### राज्यसभा सदस्य व पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने प्रबुद्ध वर्ग के सम्मेलन में लगाया आरोप

# विपक्षी नेता भारत में बांग्लादेश जैसी अस्थिरता चाहते

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विपक्ष के नेता भारत में भी बांग्लादेश जैसी अस्थिरता के स्वप्न देख रहे हैं। कांग्रेस और उसके सहयोगी विदेशी शक्तियों की मदद से देश में अस्थिरता उत्पन्न करने में लगे हुए हैं, लेकिन उनको यह नहीं पता है कि भारत, बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान नहीं है। इसलिए उनके यह मंसूबे प्रधानमंत्री मोदी के रहते पूरे नहीं होंगे। यह बातें सोमवार को शहर पहुंचे राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहीं।





क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में बोलते पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा। अमृत विचार

सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के हरसहाय महाविद्यालय में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग के सम्मेलन में शामिल होने आये दिनेश शर्मा ने पत्रकार वार्ता में कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी देश के अंदर संविधान खतरे में है का झूठा प्रचार करते हैं और जब वह विदेश जाते हैं तो वहां पर बयान देते हैं कि देश के अंदर आरक्षण खत्म होना चाहिए। राहुल गांधी तो भगवान राम का नाम लेकर संत महात्माओं का अपमान करने से भी नहीं चूकते हैं। दिनेश शर्मा ने कहा कि अपराधियों के एनकाउंटर पर विरोध करने वाले अखिलेश यादव की उनसे ऐसी कौन सी यारी है जो वह बदमाशों के मारे जो पर विलाप करते हैं। इससे यह प्रमाणित होता है कि समाज के भक्षकों की अपराधियों से साठ-गांठ बड़ी गहरी है। दिनेश शर्मा ने मोदी के जन्मदिन के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत प्रबुद्ध वर्ग की एक संगोष्ठी को भी संबोधित किया। इस दौरान उत्तर के अध्यक्ष दीपू पांडे, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा, जिला संयोजक प्रबुद्ध प्रकोष्ठ राहुल मिश्रा, शैलेंद्र दिवेदी, अनिल मिश्रा, अभिमन्यु सक्सेना, सुशील श्रीवास्तव, वीरेंद्र दुबे, दिलीप सरदेसाई आदि रहे।

### पुस्तक का किया विमोचन

केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन-काल में उनके प्रशासनिक कौशल पर लिखी पुस्तक पावर विद इन - द लीडरशिप लीजेंसी आफ नरेन्द्र मोदी पुस्तक का विमोचन किया। यहां पूनम द्विवेदी, कौशल किशोर दीक्षित, सुनील नारंग, प्रबोध मिश्रा, जय प्रकाश कुशवाहा, विनोद मिश्रा, मनीष त्रिपाठी, मोहित पांडेय, राजन चौहान, अर्जुन बेरिया आदि मौजूद रहे।

# मुसलमानों में भाजपा के लिए भरोसा जगाएंगे

**कानपुर।** सीसामऊ विधानसभा सीट पर उपचुनाव को देखते हुए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने भाजपा के प्रति मुसलमानों में भरोसा जगाने का बीड़ा उठाया है। मंच के प्रदेश संयोजक अशफाक सिद्दीकी ने बताया कि 2 अक्टूबर को परेड स्थित खिदमत-ए-इंसानी फाउंडेशन में इस सिलसिले में विशेष बैठक होगी। उनके अनुसार केंद्र की मोदी और यूपी की योगी सरकार कल्याणकारी योजनाओं में कोई भेदभाव नहीं करती है। अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रदेश भर में मुसलमानों के बीच जाकर मंच के नेता और कार्यकर्ता मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियां बताएंगे।

**आज का मौसम**

हल्के बादल छाये रहने के आसार है किंतु वर्षा की कोई संभावना नही है

| 36.6° | 23.8° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 01 | सूर्यास्त 05 : 55 |

**शहर में आज**

- **शुभारंभ :** सीएमओ कार्यालय में अपर निदेशक द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ 11 बजे।
- **प्रदर्शन :** काकादेव में लव जिहाद मामले में कोचिंग मंडी बदनाम चाय के पास प्रदर्शन 11 बजे।
- **कार्यक्रम :** रामादेवी कनिष्का होटल में वृद्धजनों का सम्मान कार्यक्रम 11 बजे।
- **सम्मान :** नगर निगम कर्मचारी संघ द्वारा पेंशनरों का सम्मान यूनियन कार्यालय मोतीझील में 3 बजे।

### मीडिया गैलरी में भरा पानी

कानपुर। सोमवार दोपहर बाद मीडिया गैलरी में घुसते ही जीने के पास पानी भर गया। लोगों को लंच रूम से निकलने व अंदर जाने में परेशानी हुई। चेंबर से गंदा और बदबूदार पानी आने से लोगों का वहां खड़ा होना मुश्किल हो गया। सफाई कर्मियों को लगाकर पानी निकाला गया।

### टी-20 जैसा खेली टीम इंडिया- मेहंदी हसन

**कानपुर।** बांग्लादेश टीम के क्रिकेटर मेहंदी हसन मिराज ने सोमवार शाम प्रेसवार्ता में कहा कि टीम इंडिया दुनिया की नंबर वन टीम है। टीम इंडिया टी-20 जैसा खेली। टेस्ट मैच के आखिरी दिन बांग्लादेश के सामने बड़ी चुनौती होगी कि क्रीज पर डटा जाए। उन्होंने कहा कि हम बुमराह, सिराज, आकाश, अश्विन और जडेजा के सामने डटकर खेलने का प्रयास करेंगे। फिलहाल टीम इंडिया की बल्लेबाजी ने सारा प्लान ध्वस्त कर दिया है। भारतीय टीम के बल्लेबाज टेस्ट नहीं, बल्कि टी-20 खेलने के इरादे से उतरे थे।



**सबसे तेज 27 हजार रन**

| | |
|---|---|
| विराट कोहली | 594 पारी |
| सचिन तेंदुलकर | 623 पारी |
| कुमार संगकारा | 648 पारी |

विराट कोहली ने तेज शॉट लगाए।

# भारत ने बदला टेस्ट क्रिकेट का इतिहास

## अब ग्रीनपार्क पर हुई रिकार्ड्स की बरसात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- टीम इंडिया का सबसे तेज गति से 50, 100, 250 रन बनाने का रिकार्ड
- विराट के 27000 रन, जडेजा बने 300 विकेट लेने वाले 7वें खिलाड़ी

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट का चौथा दिन रिकार्डों के नाम रहा। टीम इंडिया ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज गति से 50, 100 से लेकर 250 तक रन बनाने का रिकार्ड अपने नाम कर लिया। इसके अलावा विराट कोहली ने सचिन का रिकार्ड तोड़ दिया। वह दुनिया में सबसे तेज 27 हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। वहीं रवींद्र जडेजा ने भी इतिहास रचा। 74वें टेस्ट में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए टेस्ट क्रिकेट में जडेजा ने अपने 300 विकेट पूरे किए। इसी के साथ जडेजा टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट लेने वाले सातवें भारतीय गेंदबाज बन गए।

टेस्ट मैच में भारतीय टीम के बल्लेबाज वनडे की तर्ज पर खेले। टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 50, 100, 150, 200 व 250 रन बनाने का रिकार्ड टीम इंडिया ने बना दिया। इसके अलावा टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज रनरेट से रन बनाने का कीर्तिमान टीम ने अपने नाम कर लिया। टीम इंडिया ने बांग्लादेश टीम की पहली पारी 233 रनों पर समेट दिया। ओपनर कप्तान रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने पहली पारी में सिर्फ 3 ओवर में ही 50 रन बना दिए। यही पहला रिकार्ड बना। इससे पहले टेस्ट क्रिकेट में यह रिकार्ड इंग्लैंड के नाम था। इसके बाद टीम इंडिया ने 10.1 ओवर में 100 रन पूरे कर लिए। इसमें टीम ने अपना ही रिकार्ड तोड़ा। टीम ने बीते साल वेस्टइंडीज के खिलाफ 12.2 ओवर में 100 का स्कोर हासिल किया था। टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 21.1 ओवर में 150 रन बनाने का रिकार्ड भी तोड़ा। टीम ने सिर्फ 18.2 ओवर में 150 रन बना लिए। इसके अल्वा 24.4 ओवर में टीम इंडिया ने सबसे तेज 200 रन बनाकर आस्ट्रेलिया का टेस्ट रिकार्ड तोड़ दिया। आस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ 28.1 ओवर में 200 रन बनाए थे। टीम इंडिया ने टेस्ट मैच में सबसे तेज 250 रन बनाने का कीर्तिमान भी अपने नाम कर लिया। 30.1 ओवर में टीम ने यह रिकार्ड तोड़ा। इससे पहले 2022 में इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ 33.6 ओवर में 250 रन बनाए थे।




**वर्ल्ड रिकार्ड**

टेस्ट मैच में प्रति ओवर रन

8.22 भारत
बनाम बांग्लादेश-ग्रीनपार्क

7.53 आस्ट्रेलिया
बनाम पाकिस्तान-सिडनी



मोहम्मद सिराज ने बांग्लादेश के बल्लेबाज का शानदार कैच लिया। मनोज तिवारी



बांग्लादेश के खिलाड़ी को आउट करने की अपील करते भारतीय टीम के खिलाड़ी।



भारतीय टीम के गेंदबाज बुमराह गेंदबाजी करते। अमृत विचार



शतक बनाने वाले बांग्लादेश के खिलाड़ी मोमनुल हक ने सजदा किया। अमृत विचार




भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा का फैन पोस्टर लिए हुए। अमृत विचार

### विराट हुए 27 हजारी, तोड़ा सचिन का रिकार्ड

**कानपुर।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट में चौथे दिन विराट कोहली के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27 हजार रन पूरे हो गए। विराट ने पहली पारी में 47 रन बनाकर सचिन तेंदुलकर का सबसे तेज 27 हजार रन बनाने का रिकार्ड तोड़ दिया। विराट कोहली ने यह रिकार्ड अंतरराष्ट्रीय टेस्ट, वनडे और टी-20 मिलाकर 535वें मैच में 594वीं पारी में पूरा किया। विराट के पहले यह रिकार्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था। उन्होंने 623 पारियों में 27 हजार रनों का रिकार्ड बनाया था। विराट ने 115 टेस्ट मैच में 48 .74 रन के औसत से 8918 रन, वनडे क्रिकेट के 295 मैच में 58 .18 के औसत से 13,906 रन और टी-20 क्रिकेट के 125 मैच में 48 .69 के औसत से 4188 रन बनाए हैं।

### 300 विकेट लेने वाले सांतवें गेंदबाज बने जडेजा



**कानपुर।** चौथे दिन अपने 74वें टेस्ट में रवींद्र जडेजा ने भी बॉलिंग में कीर्तिमान स्थापित किया। बांग्लादेश के खलील अहमद को बिना खाता खोले जडेजा ने शून्य पर पवेलियन लौटाया। इसी के साथ रवींद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में अपने 300 विकेट पूरे करते हुए ग्रीनपार्क में नया कीर्तिमान स्थापित किया। जडेजा टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट लेने वाले टीम इंडिया के सातवें गेंदबाज बन गए। जडेजा से पहले कपिल देव, अनिल कुंबले, हरभजन सिंह, जहीर खान, रविचंद्रन, अश्विन और इशांत शर्मा यह रिकार्ड दर्ज करा चुके हैं। टीम इंडिया में टेस्ट में सबसे अधिक 619 विकेट अंनिल कुंबले ने लिए हैं। इसके बाद आर अश्विन ने 524 विकेट, कपिल देव ने 434 विकेट, हरभजन सिंह ने 417 विकेट, इंशात शर्मा और जहीर खान के नाम 311 विकेट हैं। टेस्ट में 3000 रन और 300 विकेट लेने वाले वह तीसरे भारतीय भी बने हैं। इससे पहले पूर्व कप्तान कपिल देव के नाम 434 विकेट व 5248 रन और रविचंद्रन अश्विन 522 विकेट व 3422 रन बना चुके हैं।

# रोमांचक दौर में पहुंचा टेस्ट मैच, दर्शक उत्साहित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ग्रीनपार्क में इंडिया-इंडिया की गूंज, बजता रहा भोंपू

**अमृत विचार।** तीन दिनों कर क्रिकेट प्रेमी मायूस हुए, लेकिन चौथे दिन ग्रीनपार्क स्टेडियम में रौनक और रोमांच दोनों रहा। सुबह साढ़े नौ बजे शुरू हुए मैच के बाद शाम तक दर्शकों की सीटी और भोपू बंद नहीं हुआ। तिरंगा लहराते रहे। चौकों व छक्कों पर शोर गूंजता रहा।

बारिश की वजह से टेस्ट मैच नीरस हो चला था, इस बीच सोमवार को रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया। भारतीय गेंदबाजों ने मेहमान टीम के बल्लेबाजों को पवेलियन पहुंचाया, और बल्लेबाजों ने आतिशी बल्लेबाजी का नजारा दिखाया।

भारत की बल्लेबाजी देख स्टेडियम में खेल प्रेमियों की संख्या एकाएक बढ़ने लगी और एक दो घंटे में ही पूरा स्टेडियम हर पवेलियन, गैलरी फुल नजर आने लगी। सभी दीर्घा में क्रिकेट प्रेमी ही नजर आ रहे थे। दोपहर पौने एक बजे टीम इंडिया के ओपनर क्रीज पर उतरे तो स्टेडियम तालियों की गूंज से गूंजता रहा।

रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। मैदान के चारों ओर चौके व छक्कों की झड़ी लग गई। वीआईपी पवेलियन, बी-गैलरी, ई-पब्लिक समेत अन्य दीर्घाओं में दर्शक खूब उत्साह में रहे।

### वीआईपी पवेलियन गेट पर हुई कहासुनी

वीआईपी पवेलियन के गेट पर पुलिस व निजी सुरक्षाकर्मी टिकट व पास देखकर लोगों को अंदर जाने दे रहे थे। इसी बीच बाहर से आए कुछ पुलिसकर्मी अपने पहचान के लोगों को अंदर भेजने लगे। जिसका निजी सुरक्षाकर्मियों ने विरोध कर दिया। इस पर काफी देर बहस हुई।



यशस्वी जायसवाल ने की शानदार बल्लेबाजी।

### पुराना टिकट लेकर भटके दर्शक

कानपुर। दूसरे टेस्ट के दूसरे व तीसरे दिन टिकट लेकर स्टेडियम में मैच देखने पहुंचे खिलाड़ियों को निराशा हाथ लगी थी। वापस लौटते समय दर्शकों ने टिकट वापस करने के लिए काउंटर पर हंगामा किया था। इस पर यूपीसीए ने घोषणा की थी कि दर्शक परेशान न हो। उनका ध्यान रखा गया है। दोनों दिन का टिकट अगर वह चाहे तो वापस कर पैसा ले सकते हैं या अन्य दिनों की टिकट लेकर मैच देख सकते हैं। इस घोषणा के कारण सोमवार को दर्शक टिकट लेकर स्टेडियम मैच देखने पहुंचे। मगर टिकट काउंटर पर इधर से उधर चक्कर लगाते रहे। अनेकों दर्शक मैच देखने से वंचित रह गए। न ही टिकट के बदले टिकट मिला और न पैसा। कई दर्शकों ने बताया कि उनके पास दूसरे दिन का टिकट है, मगर प्रवेश नहीं मिल रहा है। काउंटर पर टिकट वापस करने गए तो सहयोग नहीं मिला। अनेकों दर्शक पुराने टिकट लेकर भटकते रहे।



खचाखच भरे ग्रीन पार्क स्टेडियम में दर्शकों के जोश-उल्लास की हिलोरें उठती रहीं। अमृत विचार

# टीम इंडिया ने जीत की ओर कदम बढ़ा दिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- टीम इंडिया के बॉलिंग कोच प्रेसवार्ता में बोले

**अमृत विचार।** टीम इंडिया का टेस्ट मैच की सर्वश्रेष्ठ टीमों में स्थान है। टीम के गेंदबाज और बल्लेबाज हर हालात में जीत दिलाने के लिए कोशिश करते रहते हैं। भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के चौथे दिन गेंदबाजों ने बांग्लादेश टीम को ऑल आउट कर दिया। तेज बल्लेबाजी करते हुए दूसरी पारी के लिए भी बांग्लादेश को आमंत्रित किया। रणनीति के तहत टीम इंडिया ने जीत की ओर कदम बढ़ा दिया है। यह बात भारतीय टीम के बॉलिंग कोच मोर्ने मार्केल ने कही।

मार्केल ने कहा कि टेस्ट में दो दिन का खेल बारिश के कारण नहीं हो सका। वहीं पहले दिन 35 ओवर ही फेंके जा सके थे। ऐसे में हमारी कोशिश थी कि बारिश खत्म होते ही जैसे मौका मिले, अवसर को अपने पक्ष में लाना है। चौथे दिन खेलने का मौका मिला। मौसम ने साथ दिया तो जसप्रीत बुमराह, सिराज,



बल्लेबाजी करते रोहित शर्मा।

अश्विन और जडेजा ने बेहतर गेंदबाजी का प्रदर्शन कर बांग्लादेश के विकेट चटका दिए। इसके बाद बल्लेबाजी में भी बढ़त हासिल की। टीम इंडिया में कई खिलाड़ी हैं, जो किसी भी हालात में मैच का रुख बदल सकते हैं। जडेजा और अश्विन एक पैकेज खिलाड़ी हैं। कप्तान रोहित ने बल्लेबाजी में लीड किया है। अब पांचवें दिन हमारा प्रयास जीत हासिल करना होगा।

# नवीन मार्केट व शिवाला में अभी रजिस्ट्री नहीं

## बिजली कनेक्शन में एनओसी के मामले पर भड़क गए व्यापारी

**व्यापार बंधु बैठक**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- यातायात से जुड़ी समस्याओं और शिकायतों पर डीसीपी अगले हफ्ते करेंगे बैठक

**अमृत विचार।** जिला व्यापार बंधु की बैठक में व्यापारियों के नवीन मार्केट और शिवाला चूड़ी मार्केट का मुद्दा उठाने पर बताया गया कि अभी निर्णय नहीं हो पाया है कि दुकानदारों को रजिस्ट्री होगी या नहीं। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में व्यापारियों ने समस्याएं गिनाते हुए कहा कि व्यवस्था दुरुस्त किए बिना व्यापार फल-फूल नहीं सकता है।

बैठक में केस्को के अधिशासी अभियंता अरुण कुमार के यह बताने पर कि किराएदार को विद्युत संयोजन जारी करने में मकान मालिक की एनओसी की आवश्यकता नहीं है, व्यापारियों ने कड़ी नाराजगी जताई। फीटा महासचिव उमंग अग्रवाल ने नियम लिखित में देने की चुनौती दी। नवीन गल्ला मंडी में अलग-अलग श्रेणी की दुकानों के किराए में विसंगतियों पर सचिव ने बताया कि मुख्यालय पत्र भेजा गया है।

बैठक में ई-रिक्शा की अराजकता, डिवाइडर टूटे होने जैसी यातायात की शिकायतों पर तय हुआ कि अगले सप्ताह डीसीपी ट्रैफिक सभी संगठनों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में नागरिक सुविधाओं से जुड़े मामलों पर जवाब देने के लिए नगर निगम का कोई अधिकारी मौजूद नहीं था, इस पर व्यापारियों ने अलग से बैठक कराने की मांग की।

### वैट बकाया में 2 हजार व्यापारियों के खाते सीज

व्यापारी नेता ज्ञानेश मिश्रा ने कहा कि जीएसटी विभाग ने एक सप्ताह में वैट का पुराना बकाया दिखाकर 2 हजार व्यापारियों के खातों को सीज करके पैसा निकाला है। बैठक में उपायुक्त जीएसटी सूरज पाल मालिक, कपिल सब्बरवाल, शेष नारायण त्रिवेदी, किशोर सक्सेना, आरके सफ्फड़, कृपा शंकर त्रिवेदी मौजूद रहे।

## बोर्ड का वक्फ बचाओ अभियान

**कानपुर।** वक्फ संशोधन बिल के विरोध में 6 करोड़ से ज्यादा लोगों का समर्थन मिलने से उत्साहित मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने 4 अक्टूबर से देश भर में वक्फ बचाओ अभियान छेड़ने का फैसला लिया है।

बोर्ड के महासचिव मौलाना मोहम्मद फजलुर्रहीम मुजद्दी के अनुसार अभियान के प्रथम चरण में चेन्नई में 4 अक्टूबर, मुंबई में 5 अक्टूबर और रांची में 6 अक्टूबर को बुद्धिजीवियों, उलेमा और शिक्षकों की कान्फ्रेंस में मुसलमानों को बताया जाएगा कि वह अपनी वक्फ संपत्ति कैसे बचा सकते हैं।

अभियान की जिम्मेदारी मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी, डॉक्टर सैयद कासिम रसूल इलियास को देने के साथ बोर्ड के सदस्य डॉक्टर मोहम्मद यासीन कासमी को कान्फ्रेंस का आयोजक बनाया गया है।

# योग-व्यायाम से दूर होतीं दिल की बीमारियां भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय की ओर से हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में विश्व हृदय दिवस मनाया गया। इस दौरान युवाओं को हृदय की सुरक्षा संबंधी उपाय बताए गए। योग चिकित्सा और योग और व्यायाम को जीवन में अपनाने का सुझाव दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत डा दिग्विजय शर्मा व सहायक निदेशक डा मुनीश रस्तोगी ने की। छात्र-छात्राओं को विश्व हृदय दिवस की थीम 'यूज हर्ट फॉर एक्शन' के विस्तार के बारे में बताया गया। कहा गया कि स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से एक्सरसाइज या योगाभ्यास आवश्यक है। डा. वर्षा प्रसाद, नेहा शुक्ला, चन्द्रशेखर, डा आदर्श कुमार श्रीवास्तव, हिना वैश, आकांक्षा बाजपेई, डा अनामिका दीक्षित, आमिना जैदी सहित अन्य मौजूद रहे।

### 12 छात्र-छात्राओं का चयन

**कानपुर।** सीएसजेएमयू प्लेसमेंट सेल की ओर से सोमवार को कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया था। जिसका परिणाम सोमवार को कंपनी की ओर से जारी किया गया। इसमें विवि के 12 युवाओं के चयन की घोषणा की गई। बताया गया कि इस प्लेसमेन्ट ड्राइव में प्रोफाइनटी स्टॉक वेव कंपनी ने बीबीए विभाग अंतिम वर्ष के अदिति शुक्ला, प्रहवी शर्मा, माधव चड्ढा, रंजन, समृद्धि, आयुष मंत्री, वैभव कटियार, दिव्यांशी शुक्ला, पूजा माथुर, हार्दिक सिंह गौर, रिचा पांडे, सृष्टि आदि छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार के बाद चयनित किया।

## सार-संक्षेप



गायिका मैथिली ठाकुर को सम्मानित करते सांसद रमेश अवस्थी। अमृत विचार

### सांसद रमेश अवस्थी का दुबई में सम्मान

**कानपुर।** सांसद रमेश अवस्थी को संयुक्त अरब अमीरात (दुबई) में आयोजित बिहारी कनेक्ट ग्लोबल श्रीराम कथा एवं आईकान म्यूजिक फेस्टिवल अवार्ड में उद्योगपतियों और समाजसेवियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कथा वाचिका पंडित देवी गौरांगी गौरी, लोकप्रिय गायिका मैथिली ठाकुर, लोक गायक दीपक त्रिपाठी ने अपनी प्रस्तुति दी। आयोजन डॉक्टर उदेश्वर सिंह ने किया।




रेल कर्मियों को सम्मानित करते महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी।

### 96 रेल अधिकारी व कर्मचारी सम्मानित

**कानपुर।** उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी ने राजभाषा पखवाड़ा पर 96 रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। सोमवार को रेलवे मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राजभाषा पखवाड़ा के पुरस्कार वितरण समारोह का उद्घाटन महाप्रबंधक ने किया। मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर सत्येन्द्र कुमार, मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन मुदित चंद्रा और मुख्य यातायात योजना प्रबंधक राजेश कुमार को रेलमंत्री द्वारा राजभाषा रजत पदक से सम्मानित किया जाएगा। राजभाषा प्रदर्शनी में सिगनल एवं दूरसंचार विभाग को सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शनी की शील्ड प्रदान की गई तथा यांत्रिक विभाग को द्वितीय और सामान्य प्रशासन विभाग को तृतीय पुरस्कार की ट्राफी प्रदान की गई। अपर महाप्रबंधक जे.एस. लाकरा चंद्र भूषण पांडेय प्रियंका सिंह मौजूद थीं।

### ठेका व संविदा श्रमिकों ने किया प्रदर्शन

**कानपुर।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) ने देशव्यापी अभियान के तहत ठेका व संविदा श्रमिकों की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में अपर श्रमायुक्त कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। संविदा व ठेका मजदूरों ने ठेका प्रथा पर भर्ती नहीं चलेगी, समान काम का समान वेतन देना होगा, खाली पदों पर भर्ती करना होगा, न्यूनतम वेतन देना होगा, काम के घंटे आठ करो, नए लेबर कानून को रद्द करो, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये प्रतिमाह दो समेत आदि नारे लगाए। साथ ही अपर श्रमायुक्त पीके सिंह को केंद्रीय श्रम मंत्री व राज्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। भगवान मिश्र, मोहम्मद वसी, राजीव खरे, राम प्रकाश राय, ओम प्रकाश, मो.खालिद, अशोक सिंह, दयाराम, आशा खालिद, अशोक तिवारी, उमाकांत, आदि लोग रहे।

### आरोपी टीचर के समर्थन में उतरे छात्र, नारेबाजी

**कानपुर।** काकादेव स्थित कोचिंग सेंटर में छात्रा से छेड़छाड़ में जेल भेजे गए बॉयोलाजी टीचर के समर्थन में छात्रों ने हंगामा कर प्रदर्शन किया। छात्रों ने पुलिस पर फर्जी कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। काकादेव के आई एंड आई कोचिंग संचालक आशीष श्रीवास्तव ने कोचिंग में कार्यरत बॉयोलाजी टीचर साहिल सिद्दकी के खिलाफ काकादेव थाने में छात्रा से छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसका वीडियो भी पुलिस को दिया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी टीचर को रविवार को जेल भेज दिया था। सोमवार को कोचिंग के बाहर छात्रों ने जाम लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। आरोप है कि उनके टीचर के खिलाफ साजिश के तहत कार्रवाई गई है। छात्रों ने पुलिस और कोचिंग संचालक के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। स्वरूप नगर सर्किल थाने का फोर्स पहुंचा और जांच का आश्वासन देकर छात्रों को शांत कराया। डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि जांच और निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

### 800 स्कूल, 100 गांव तंबाकू मुक्त बनाएं

**कानपुर।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले में 23 नवंबर तक तंबाकू मुक्त युवा अभियान चलाकर स्वास्थ्य विभाग को 800 स्कूलों व 100 गांवों को तंबाकू मुक्त घोषित कराना है। शासन से मिले इस लक्ष्य की जानकारी देते हुए सोमवार को हुई बैठक में सीडीओ दीक्षा जैन ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक 350 और बेसिक शिक्षा अधिकारी 400 स्कूलों तथा उच्च शिक्षा अधिकारी 50 महाविद्यालयों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए चिह्नित करेंगे। तंबाकू मुक्त गांव के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी प्रत्येक खंड मे 10-10 गांवों का चयन करेंगे। उन्होंने जागरूकता के लिए रैली, नुक्कड़ नाटक, कठपुतली और टॉक शो के आयोजन को कहा। सीएमओ, एसीएमओ व नोडल डॉ. एसपी यादव, जनपद सलाहाकार राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम निधी बाजपेयी, डॉ.राजेश सिंह, उदय राज सिंह, मनोज पटेल उपस्थित रहे।

### हॉट स्पॉट पर एंटी लार्वा छिड़काव और फॉगिंग

**कानपुर।** संक्रामक रोगों पर काबू पाने के लिए जिले में इस माह विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा। कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को हुई जिला स्तरीय अंतर्विभागीय टास्क फोर्स की बैठक में सीडीओ दीक्षा जैन ने अभियान में विभागीय समन्वय पर जोर देते हुए हॉट स्पॉट क्षेत्रों, घनी आबादी व मलिन बस्तियों में एंटी लार्वा का छिड़काव और फॉगिंग करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि मच्छर पनपने वाले स्थान चिह्नित कर स्वास्थ्य विभाग की टीम को बताएं। सीएचसी व पीएचसी स्तर पर डेंगू के मरीजों का इलाज किया जाए। सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने बताया कि अभियान में सभी रिपोर्ट ई-कवच पोर्टल पर फीड होंगी। सीडीओ ने कहा कि विभागीय समन्वय से ही 11 अक्टूबर से दस्तक अभियान भी सफल बनाना है।

### पत्नी की मौत पर बुजुर्ग ने लगाई फांसी

**कानपुर।** 6 माह पूर्व पत्नी की मौत के बाद से अवसादग्रस्त बुजुर्ग ने रविवार को पंखे से फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। बंगाली मोहाल निवासी अशोक कुमार (62) कॉपी के कारखाने में काम करते थे। बेटी नैंसी ने बताया कि उनकी मां की 6 माह पूर्व मौत हो गई थी, जिसके बाद पिता अवसाद ग्रस्त रहने लगे थे। रविवार रात पिता ने कमरे में पंखे के सहारे गमछे से फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल की।

### मोबाइल लुटेरा गिरफ्तार

**कानपुर।** कई मोबाइल लूट और बाइक चोरी करने वाले शातिर को किदवई नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से तमंचा, कारतूस और मोबाइल फोन बरामद किया है। किदवईनगर थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी बाकरगंज निवासी दानिश ने कई वारदात कबूली हैं। दानिश के खिलाफ 10 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। वह चोरी और लूट के मोबाइल को बाबूपुरवा के साहिल मटका को बेचता था।

### सीढ़ी से गिर कर टेनरीकर्मी की मौत

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में सीढ़ी से गिर कर टेनरीकर्मी की मौत हो गई। जाजमऊ परदेवनपुरवा निवासी कमलेश्वर दास (55) पत्नी शीला देवी, दो बेटे व तीन बेटियों के साथ रहते थे। शीला ने बताया कि रविवार रात पति सीढ़ी से उतर रहे थे। इस दौरान पैर फिसलने से वह चुटहिल हो गए। परिजनों ने उन्हें कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### एडवांस वापस मांगने पर महिला को पीटा

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में एडवांस दिए गए दो हजार वापस मांगने पर हलवाई ने महिला सरोज कुशवाहा के साथ मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि उसने बेटी की शादी में खाना बनाने के लिए हलवाई शिवम सविता को एडवांस दिया था लेकिन मौके पर वह खाना बनाने से मुकर गया। पीड़िता ने चकेरी थाने में मामला दर्ज कराया है। इस संबंध में थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### सीएसए में 4 को दीक्षांत समारोह की तैयारियां पूरी

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद (सीएसए) कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने 26वें दीक्षांत समारोह की तैयारी को लेकर समीक्षा की। इसमें सभी 19 कमेटियां शामिल हुईं। कुलसचिव डॉ पीके उपाध्याय ने बिंदुवार प्रगति रिपोर्ट रखी। बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। डॉ मुकेश श्रीवास्तव, डॉ पीके उपाध्याय, डॉ आरके यादव, डॉ नौशाद खान, डॉ राम बटुक सिंह, डॉ पीके उपाध्याय, डॉ सीएल मौर्य, डॉ सीमा सोनकर तथा मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान उपस्थित रहे।

### अक्टूबर में गृहकर शुल्क पर मिले छूट

**कानपुर।** गृहकर बिलों में आपत्तियों और समय से बिल न पहुंचने की वजह से पार्षदों ने अक्टूबर माह में 10 प्रतिशत छूट देने की मांग की है। सोमवार को भाजपा पार्षद दल के नेता नवीन पंडित की अध्यक्षता में एक दर्जन से अधिक पार्षद महापौर प्रमिला पांडेय के पास पहुंचे। वार्ड 30 के पार्षद पवन पांडेय ने बताया कि महापौर और नगर आयुक्त से मांग की है कि लोगों की समस्या को दूर किया जाये। महापौर ने गृहकर में 10 प्रतिशत की छूट का आश्वासन दिया है। पार्षद विकास जायसवाल, सुनील कुमार पासपान, लियाकत अली, आनंद शुक्ला, वीरेंद्र सिंह, नीलम बाथम, कुंती निषाद, शुभा शुक्ला, रेनू अर्पित यादव, विनोद गुप्ता मौजूद रहे।

### एंटीबायोटिक्स के दुरुपयोग की दी जानकारी

**कानपुर।** एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने शहर के एक होटल में सोमवार को रैशनल एंटीबायोटिक सप्ताह के तहत वर्कशॉप का आयोजन हुआ। एकेडमी के अध्यक्ष डॉ.यशवंत राव, सचिव डॉ. अमितेश यादव, डॉ.सुनील तनेजा व डॉ.विवेक सक्सेना ने वर्कशॉप में डॉक्टरों को प्रशिक्षण दिया कि कब और कैसे एंटीबायोटिक्स का सही उपयोग करना चाहिए। बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता कैसे बढ़ाई जा सकती है और समाज को एंटीबायोटिक्स के दुरुपयोग से कैसे बचाया जा सकता है। इस दौरान डॉ. अनुराग भारती, डॉ.प्रदीप मट्टू, डॉ. वीके टंडन, डॉ. सुभाष बाजपेई, डॉ.योगेश टंडन, डॉ.प्रभात तिवारी, डॉ.वैभव भल्ला, डॉ.राज तिलक समेत आदि 37 डॉक्टरों ने भाग लिया।

## स्किल एक्सपो में दो प्रोजेक्ट चुने गए

**कानपुर।** सीबीएसई की सोमवार को लखनऊ में हुई स्किल एक्सपो 2024 में पूरे प्रदेश से 35 स्कूलों का चयन हुआ है। कानपुर नगर से सिर्फ पंडित दीन दयाल सनातन धर्म विद्यालय के दो प्रोजेक्ट चुने गए हैं। पहला प्रोजेक्ट लाइफ सेविंग रोबोट और दूसरा प्रोजेक्ट गेमिंग पर आधारित था। इसे प्रधानाचार्य राकेश त्रिपाठी के मार्गदर्शन में मेंटर प्रांजुल मिश्रा और शुभम मिश्रा ने तैयार करवाया।

जीवन रक्षक रोबोट को कक्षा आठ के शिवम सिंह और शुभम तिवारी ने तैयार किया। ये ऑटोनॉमस रोबोट है, जो दुर्घटना होने से रोकता है। कोई भी बाधा सामने आने पर अल्ट्रासोनिक संसर और ऑर्डिनो की मदद से यह कार को स्वतः वापस कर देता है। मोमेंग प्रोजेक्ट की थीम मॉन्स्टर बनाम टीचर है, जिसे आयुष मधेसिया और अक्षत श्रीवास्तव ने तैयार किया है। इसमें टीचर विद्यार्थी को सिखाता है कि कैसे लाइफ में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाता है।



महिला महाविद्यालय में साड़ी बैंक शुरू किया गया। अमृत विचार

# महिला कॉलेज में गरीबों के लिए साड़ी बैंक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महिलाएं साड़ी मुफ्त ले जा सकेंगी, वापस करनी होंगी

**अमृत विचार।** महिला महाविद्यालय में किदवई नगर कानपुर में 'राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा साड़ी बैंक की स्थापना की गई। ये साड़ियां शिक्षिकाएं दान करेंगी और गरीब, बेसहारा जिसे जरूरत होगी, वह महाविद्यालय से आकर साड़ी हासिल कर सकेंगी और तय समय बाद उसे सही-सलामत वापस करनी होगी।

सोमवार को साड़ी बैंक का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अन्जू चौधरी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नम्रता पाण्डेय ने साड़ी बैंक के बारे में बताया कि इसका मकसद जरूरतमंद महिलाओं को लाभांवित करना है। डॉ. सबा यूनुस ने बताया कि साड़ी बैंक के लिए, शिक्षिकाएं साड़ियां दान करेंगी और फिर जिस महिला को साड़ियों की जरुरत होगी, उन्हें उपलब्ध कराई जाएगी। प्रोफेसर प्रतिभा श्रीवास्तव, प्रोफेसर रश्मि चतुर्वेदी, प्रोफेसर साधना पाण्डेय, प्रोफेसर मनीषा शुक्ला, निशात फातिमा, प्रोफेसर निशि सिंह, डॉ प्रज्ञा श्रीवास्तव आदि ने विशेष सहयोग किया।

## सर्वाधिक सदस्यता पर दक्षिण जिलाध्यक्ष लखनऊ में सम्मानित

**कानपुर।** भाजपा के 2 सितंबर से शुरू हुए सदस्यता अभियान के प्रथम चरण के समाप्त होने के बाद सोमवार को लखनऊ में प्रदेश कार्यालय में सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक हुई। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी सत्रह जिलों में सर्वाधिक सदस्यता कराने वाले भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने अंगवस्त्र पहनाकर उनको सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अन्य सभी जिला अध्यक्षों को अपने प्रयास के बारे में जानकारी दें और अनुभव साझा करें ताकि, अन्य जिलाध्यक्ष भी सदस्यता अभियान में अपना सर्वाधिक लक्ष्य पूरा कर सकें। सदस्यता अभियान में 25 सितंबर तक कि आई रिपोर्ट में भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के 17 जिलों में कानपुर दक्षिण पहले स्थान पर वहीं चित्रकूट जनपद में बेहद कमजोर स्थिति रही।

# 50 लाख की चांदी लेकर फरार दो भाई गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



रविंद्र और विवेक।

- चौक सराफा के कारोबारी की चांदी लेकर भागे थे

**अमृत विचार।** चौक सराफा से सर्राफ की 50 लाख की चांदी लेकर फरार होने वाले कारीगर व उसके भाई को पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपियों को मथुरा से गिरफ्तार किया था। एसीपी कोतवाली ने बताया कि आरोपियों की दूसरे शहर में बसने की योजना थी।

धोबी मोहाल निवासी सराफा कारोबारी अश्वनी वर्मा की चौक सराफा बाजार में डिंपल ट्रेडर्स के नाम से फर्म है। उनके कारखाने से कारीगर फीलखाना घुमनी बाजार निवासी रविंद्र सिंह 50 किलो चांदी व उनकी स्कूटी लेकर फरार हो गया था। अश्वनी ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार को रविंद्र को पुलिस ने मथुरा से गिरफ्तार किया था। सोमवार को एसीपी कोतवाली ने बताया कि आरोपी रविंद्र सिंह व उसके भाई विवेक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से लगभग 50 लाख कीमत की चांदी बरामद की गई है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## वाहन ने मजदूर को रौंदा, मौत

**कानपुर।** रामादेवी चौराहे पर रविवार देर रात गाजियाबाद से लौटे मजदूर को सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। मौके पर ही मौत हो गई। चकेरी पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जाजमऊ के ताड़बगिया निवासी आसीन अहमद (26) गाजियाबाद में मजदूरी करता था। भाई मोहम्मद वसीम ने बताया कि परिवार में तीन बेटी और एक बेटा है। उसकी पत्नी शाहीन की ढाई साल पहले बीमारी से मौत हो चुकी थी। बताया कि आसीन रविवार देर रात को आसीन गाजियाबाद से कानपुर सेंट्रल आया। वहां से रामादेवी चौराहे पहुंचा, जहां सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि परिजनों से तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# कर्मचारी ने पार कीं 10 लाख की दवाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दर्ज हुई रिपोर्ट, आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार।** कलक्टरगंज थानाक्षेत्र स्थित थोक दवा दुकान से एक कर्मचारी ने करीब 10 लाख की कीमती दवाएं पार कर दीं। कारोबारी ने सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें कर्मचारी माल पार करते हुए कैद हो गया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

रावतपुर, लखनपुर बीमा विहार निवासी मनीष जायसवाल ने बताया कि उनकी बिरहाना रोड दवा मार्केट में न्यू जायसवाल मेडिकोज नाम से दवा की होलसेल दुकान है। दुकान में 22 कर्मचारी कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि लंबे समय से कीमती दवाएं गोदाम से गायब हो रही थीं। शक होने पर उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें स्टोर में काम करने वाला आवास विकास निवासी शिवम राजपूत दवा चोरी करते हुए कैद हुआ।

मनीष ने बताया कि सीसीटीवी में शिवम कई फुटेज में दवा का गत्ता चोरी कर ले जाता हुआ है। दुकान से करीब 10 लाख की दवाएं गायब मिलीं। कारोबारी ने कलक्टरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी ने बताया कि शिवम को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने बताया कि कार्डियोलाजी स्थित आशीष मेडिकल स्टोर संचालक आशीष सेंगर और शिवम तिवारी को चोरी की दवाएं बेचता था।

# मानसिक रोगी वृद्ध ने फांसी लगा जान दी

**कानपुर।** दहेली सुजानपुर में मानसिक रूप से बीमार वृद्ध ने मकान में लगे लोहे के जाल से रस्सी के सहारे फांसी लगा कर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

श्याम नगर चौकी इंचार्ज धीरज शर्मा ने बताया कि दहेली सुजानपुर केडीए कॉलोनी निवासी सुशील कुमार बाजपेई (58) पत्नी मंजू बाजपेई के साथ रहते थे। उनका बेटा अहमदाबाद में काम करता है। बताया कि उनका एक घर यशोदा नगर में भी है, जहां पर परिवार रह रहा है और दहेली सुजानपुर स्थित मकान में निर्माण कार्य चल रहा है। जिसकी देखरेख के लिए सुशील जाते थे। वह मानसिक बीमारी से ग्रसित थे, जिसका इलाज भी चल रहा था। परिजनों ने बताया कि रविवार देर शाम को वह मकान में गए थे, लेकिन वापस लौट कर नहीं आए। फोन न मिलने पर परिजनों ने जाकर देखा तो उनका शव लोहे के जाल से रस्सी के सहारे लटक रहा था। चौकी प्रभारी ने बताया कि मानसिक बीमारी से ग्रसित होने के कारण आत्महत्या की है।

### कर्ज से परेशान मजदूर ने लगाया फंदा

**कानपुर।** महाराजपुर थानाक्षेत्र में कर्ज से परेशान होकर सोमवार तड़के मजदूर ने फांसी लगाकर जान दे दी। सिकठिया निवासी मजदूर सद्दीक (45) पत्नी रन्नो व 6 बच्चों के साथ रहते थे। रन्नो के मुताबिक पति पर करीब 1.50 लाख रुपये कर्ज था, जिससे वह परेशान थे। सोमवार सुबह परिजन सो रहे थे, इसी दौरान सद्दीक ने पंखे से रस्सी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। सोकर उठी पत्नी ने शव लटकता देख पुलिस को जानकारी दी।

**वार्षिक महोत्सव** | सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में आयोजित हुआ कॉम्फेस्ट

# कॉम्फेस्ट में दिखाए मॉडल, हुईं प्रतियोगिताएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में वार्षिक तकनीकी सांस्कृतिक साहित्यिक महोत्सव कॉम्फेस्ट में विभिन्न तकनीकी मॉडल प्रदर्शित हुए। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने अपने हुनर को प्रदर्शित किया।

प्रतियोगिता में 'स्पेल इट राइट' और 'जैम ऑन हैम' जैसे साहित्यिक कार्यक्रमों और 'विज प्रो' जैसे तकनीकी कार्यक्रमों ने प्रतिभागियों को आकर्षित किया। गैम्बिट कार्यक्रम में मनोरंजन हुआ। समापन समारोह के अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या शिक्षा बनर्जी ने मुख्य अतिथि और कॉम्फेस्ट के संस्थापक सदस्यों में से एक आदित्य डिबरेवाल का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।



प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। अमृत विचार

इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य (वरिष्ठ विद्यालय) गणेश तिवारी, उप-प्रधानाचार्या (जूनियर विद्यालय) मधुश्री भौमिक, प्रधानाध्यापक एमके मिश्रा और महाप्रबंधक-प्रशासन शैलेन्द्र कुमार अग्निहोत्री भी उपस्थित थे।

### डीपीएस बना विजेता

प्रतियोगिता में समग्र ट्रॉफी डीपीएस, आजाद नगर ने जीती, प्रथम रनरअप स्वराज इंडिया रहा और द्वितीय रनरअप की ट्रॉफी सनबीम इंगलिश स्कूल, भगवानपुर को मिली। कॉमफेस्ट-24 के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, मास्टर एकलव्य गोयल और मास्टर अंगद अस्थाना ने सभी को धन्यवाद दिया।

# पत्नी को चाकू से गोदकर उतारा मौत के घाट

## शराब पीने को लेकर हुए विवाद के बाद दिया वारदात को अंजाम, पत्नी को मारने के बाद मौके से हुआ फरार

संवाददाता, बिधनू



**अमृत विचार।** कानपुर के बिधनू में शराब के नशे में पति ने पत्नी को चाकू से गोदकर मार डाला। सुबह उठे बच्चो ने मां को खून से लथपथ पड़ा देखा तो रोते हुए मामा के घर जाकर घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे मामा ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची बिधनू पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल पर जांच पड़ताल कराई। मौके पर पहुंचे घाटमपुर एसीपी ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

गुड्डन के पांच बच्चे हैं दो बेटे रामजी व किशना और तीन बेटियां गुड़िया, रमा और विकाशा हैं। बिधनू थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव निवासी संजय नागर मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। संजय की शादी लगभग 17 वर्ष पहले गांव के रहने वाली गुड्डन के साथ हुई थी। घर पर उसकी पत्नी गुड्डन 30 वर्षीय 5 बच्चे रहते थे। देर रात शराब पीने को लेकर संजय और गुड्डन के बीच विवाद हो गया। जिससे गुस्साए संजय ने पत्नी गुड्डन को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया और वहां से भाग गया। सुबह जब बच्चे उठे और मम्मी के पास जगाने पहुंचे तो उन्हे खून से लतपथ देखा बच्चे रोते हुए भागकर मामा लवकुश के पास पहुंचे और उन्हें जानकारी दी। मौके पर पहुंचे मामा लवकुश ने डायल 112 पर फोनकर घटना की सूचना दी। हत्या की सूचना मिलते घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह बिधनू पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल पर गहनता से जांच पड़ताल की। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसीपी ने तहरीर के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन परिजनो को दिया है। बिधनू थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### मारने के बाद बनाए शारीरिक संबंध

पत्नी गुड्डन को मौत के घाट उतारने के बाद भी पति संजय का मन नहीं भरा तो उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाए है। फॉरेंसिक टीम की जांच में भी महिला के शारीरिक संबंध बनाए जाने की बात सामने आई है।

### मामा बोले - बच्चों को पीटकर छत पर सुलाया

मृतक गुड्डन के भाई लवकुश ने बताया की देर शाम उनके जीजा संजय साइकिल में कबाड़ लेकर बिधनू में बेचने गए थे। वहां से कबाड़ बेचकर मुर्गा और शराब लेकर घर आए थे। इस बात पर पति पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद संजय ने अपने बच्चों को पीटकर छत पर सुला दिया था। सुबह जब उनकी भांजी गुड़िया रोते हुए उनके पास आई और तब उन्हें घटना की जानकारी हुई।

### ग्रामीणों ने संजय को रेलवे लाइन की ओर जाते हुए देखा

सुबह गांव के रहने वाले लड़के चीनी ने आरोपी संजय को गांव के किनारे से निकली कानपुर बांदा रेलवे लाइन की तरफ जाते हुए देखा है। युवक ने पुलिस को बताया कि संजय रेलवे लाइन की ओर सुबह लगभग पांच बजे गया था। इसके बाद वापस नहीं आया। पुलिस संजय की तलाश में जुटी है।

### फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

घटनास्थल पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की है। टीम को घटनास्थल से सिगरेट की डिब्बी, एक इस्तेमाल किया हुए कंडोम, दो रैपर समेत दवा के कुछ पैकेट मिले है। फॉरेंसिक टीम को महिला के शरीर पर कई जगह पर चाकू से गोदने के निशान भी मिले हैं। हालांकि फॉरेंसिक टीम ने अपनी रिपोर्ट पुलिस को सौंपी है। टीम को घटनास्थल पर चाकू नहीं मिला है।





झाड़ू लगाते अधिकारी व कर्मचारी व कर्मचारियों को शपथ दिलाते अधिकारी। अमृत विचार

# नगर पालिका चौराहे पर चला सफाई अभियान

संवाददाता,बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर नगर पालिका चौराहे पर स्वच्छता ही सेवा मिशन के अंतर्गत सोमवार को लोगों ने झाड़ू लगाकर साफ सफाई की और साथ वहां पर मौजूद लोगों को अपने आस पास साफ सफाई रखने को कहा।

नगर पालिका परिषद बिल्हौर के पालिका सभागार में अध्यक्ष इखलाख खान की अध्यक्षता में अधिशासी अधिकारी बिल्हौर द्वारा सभी सभासदों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। उनसे कहा गया कि साफ सफाई हमारे जीवन का विशेष जरूरत है। साथ ही, एक पेड़ मां के नाम लगाय गया। एवं नगर के मुख्य मार्ग जीटी रोड पर सभी लोगों ने मिलकर रैली निकाली जो लोगों को पर्यावरण बचाने की सलाह देते हुए चल रही थी। उसके बाद पालिका चौराहा पर चेयरमैन मो. इखलाक,अधिशाषी अधिकारी अंजनी मिश्र व सभासदगणों द्वारा श्रमदान किया गया। इस दौरान नगर पालिका के कई वरिष्ठ सभासद व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इसके साथ ही नगर पालिका चौराहे पर बड़ी मात्रा में मौजूद अन्य लोगों ने एक साथ झाड़ू पकड़कर सफाई अभियान चलाया गया। और सभी को संदेश दिया गया कि अपने आसपास हमेशा साफ सफाई रखें। इसके बाद वहां पर मौजूद दुकानदारों को भी सफाई के प्रति जागरूक किया और अपने आसपास सफाई व्यवस्था रखने की शपथ दिलवाई गई।

# मंगनी टूटने पर युवती ने खाया जहरीला पदार्थ, भर्ती

संवाददाता,घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर में दहेज की मांग न पूरी होने पर युवती की मंगनी टूट गई। युवती ने शाम को थाने पहुंच कर शिकायत की। लेकिन पुलिस ने शिकायत पर कोई एक्शन नहीं लिया, जिससे आहत होकर युवती ने डाई पीकर जान देने की कोशिश की है। घाटमपुर सीएचसी से युवती को कानपुर के जिलाअस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं युवती के डाई पीने के बाद से पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

घाटमपुर नगर के जवाहर नगर पश्चिम वार्ड निवासी एक युवती की मंगनी कालपी के कासौडा मोहल्ला निवासी मकसूद के साथ तय हुई थी। युवती के परिजनों ने मंगनी के लिए अपने रिश्तेदारों को निमंत्रण दिया था। रविवार दोपहर में पहुंचे लड़के पक्ष ने अधिक दहेज की मांग कर दी। दहेज की मांग पूरी न होने पर मंगनी तोड़कर लड़का पक्ष वापस लौट गए, जिसकी शिकायत युवती ने घाटमपुर थाने पहुंचकर की थी। लेकिन पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे आहत होकर युवती ने सोमवार दोपहर डाई पीकर जान देने की कोशिश की है। जानकारी होने पर परिजन उसे घाटमपुर सीएससी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर युवती को गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया है।

घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि युवती की मंगनी टूटने की जानकारी मिली है। लड़के वाले गेस्ट हाउस से शादी करना चाहते है। लड़की पक्ष घर से करना चाहता है। इसी बात को लेकर दोनो के बीच विवाद हुआ था।

# महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में पति से विवाद से तनाव ग्रस्त महिला ने रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने महिला को समझा बुझाकर शांत करा परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

श्याम नगर के प्रज्ञा विहार निवासी लक्ष्मी देवी ने बताया कि रविवार रात उनकी बेटी रश्मि (20) रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के आगे कूद कर जान देने के लिए जा रही थी। जिस पर श्याम नगर चौकी प्रभारी धीरज शर्मा पीआरवी 4910 के साथ रेलवे ट्रैक पर पहुंचे, पूछताछ में रश्मि ने बताया कि उसका विवाह कुछ माह पहले मुगलसराय के चंदौली निवासी राजेश कुमार के साथ हुआ है। शादी के बाद पति आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। पति की प्रताड़ना से तंग आकर वह मायके में रहने लगी। इसी मानसिक तनाव में वह आत्महत्या करने जा रही थी।

# अधिवक्ताओं ने पुलिस से की दबंगों की गिरफ्तारी की मांग

संवाददाता,घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मूसानगर रोड स्थित एक ढाबे में एक खाना लेने गया था। वहां पर पहले से मौजूद कुछ दबंगों ने वकील की जमकर पिटाई कर दी थी। उक्त दबंगों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। परंतु पुलिस ने अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं की है। सोमवार को तमाम अधिवक्ता गणों ने इंस्पेक्टर घाटमपुर से मिलकर दबंगों की गिरफ्तारी की मांग की है।

अधिवक्ताओं ने बताया कि पचखुरा मोहल्ला निवासी वकील अंकित सिंह शुक्रवार शाम को 7:00 बजे वह मूसानगर रोड के कृष्ण ढाबा में खाना लेने गया था। इस दौरान ढाबे पर बेदा गांव निवासी श्री राम ,ऋषि व शिवलाल सहित दो अन्य लोग पहले से वहां मौजूद थे।



पुलिस से अपनी बात कहते अधिवक्ता। अमृत विचार

- **ढाबे पर खाना लेते समय दबंगों ने अधिवक्ता के साथ की थी मारपीट**

अंकित का आरोप है कि खाना पैक करने के दौरान उक्त लोगों ने दबंगई व धमकी भरे अंदाज में उसे कहा कि अपने खाने के साथ-साथ हमारे खाने का भी बिल अदा करो,जिसको लेकर वकील व दबंगों के बीच गाली गलौज होने लगी। इसके बाद उक्त दबंगों ने वकील के साथ मारपीट की है। जिसको लेकर वकील अंकित सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है।

परंतु युवकों की गिरफ्तारी न होने को लेकर सोमवार को अधिवक्ता गणों ने इंस्पेक्टर घाटमपुर से मिलकर उक्त दबंग की गिरफ्तारी के मांग की है।

# टीएलएम प्रतियोगिता में 2 शिक्षिकाएं चयनित

संवाददाता,घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर के भीतरगांव विकासखंड के कोरथा गांव स्थित राजकीय विद्यालय की दो शिक्षिकाओं का मंडल स्तरीय टीएलएम प्रतियोगिता में अंग्रेजी और सामाजिक विज्ञान विषय में प्रथम स्थान आने पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है। उनके चयन पर प्रधानाचार्य सहित अन्य शिक्षकों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

प्रिंसिपल अखिलेश चंद्र बाजपेई ने बताया कि मंडल स्तरीय टीएलएम प्रतियोगिता में विद्यालय की डॉ. गरिमा मिश्रा ने अंग्रेजी में तथा अपर्णा विश्नोई ने सामाजिक विषय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिससे दोनों शिक्षिकाओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता सुनिश्चित कराई। प्रिंसिपल अखिलेश चंद्र बाजपेई सहित स्टाफ ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रशंसा की और शुभकामनाएं दीं।



शिक्षिकाओं को सम्मानित करते प्रधनाचार्य। अमृत विचार



बारिश के बाद बदहाल हुआ रास्ता। अमृत विचार

# जान जोखिम में डाल निकल रहे लोग

**साढ़।** साढ़ थाना क्षेत्र के नरवल तहसील के अंतर्गत भीतरगांव ब्लॉक में आने वाले बेहटा गंभीरपुर गांव जो नरवल तहसील घाटमपुर तहसील के साथ कई जनपदों को जोड़ती है। ये प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जिससे प्रतिदिन हज़ारों की संख्या में हल्के एवं भारी वाहन निकलते हैं।

इस समय इसकी स्थिति ऐसी है कि दो पहिया वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो गया है।

- **2 पहिया वाहनों के निकलने में भी हो रही है मुश्किल, आये दिन गिर कर चोटिल हो रहे राहगीर**

इस आधी सड़क का निर्माण महज 4 महीने पहले हुआ था और आधी सड़क का लगभग 20 साल पहले निर्माण हुआ था उसके बाद न तो पैच वर्क हुआ न ही पुनर्निर्माण जिसके चलते सड़क एकदम जर्जर हो गयी है, जिससे लोगों का निकलना दूभर हो गया है। कानपुर जनपद से फतेहपुर जोड़ने वाली साढ़ जहानाबाद मार्ग पर बने दरगाहीलाल पुल बंद हो जाने के कारण बेहटा गंभीरपुर और मिर्जापुर से महनीपुर होते हुए साढ़ जाते हैं इन मार्गों की अत्यंत दयनीय स्थिति है।

# ट्रक की टक्कर से वृद्ध की मौत

**घाटमपुर।** घाटमपुर में ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करने के साथ परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के तिलसडा गांव निवासी 80 वर्षीय सुर्जन सिंह आर्मी से रिटायर्ड थे। वह सोमवार दोपहर साइकिल से घाटमपुर जा रहे थे। तभी थाना क्षेत्र के टेनापुर मोड़ के पास पहुंचते ही एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी साइकिल में टक्कर मारते हुए भाग निकला। हादसे में साइकिल सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घटना की सूचना फोनकर पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से वृद्ध को पतारा सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टर ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया।

# दिव्यांग बच्चों के परिजनों की हुई काउंसिलिंग

संवाददाता,चौबेपुर

**अमृत विचार।** समग्र शिक्षा अभियान (समेकित शिक्षा) के अंतर्गत सोमवार को कस्बा स्थित बीआरसी में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों का एक दिवसीय काउंसिलिंग कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान दिव्यांगता के कारण व उससे बचाव के बाबत लोगों को जागरूक किया गया।

कस्बा स्थित बीआरसी में आयोजित एक दिवसीय काउंसिलिंग कार्यक्रम में स्पेशल एजूकेटर (आईडी) अंजलि व सूर्यपाल सिंह ने होम बेस्ड बहु आयामी बच्चों के पालन पोषण में आने वाली चुनौतियों व उनके समाधान के बारे में चर्चा कर महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इस दौरान मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों को कौशल प्रशिक्षण दिलाने के बारे में भी विचार विमर्श हुआ। प्रशिक्षकों ने बताया कि शासन द्वारा दिव्यांग बच्चों को विभिन्न सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर आनंद पटेल, इजहार आलम, अब्दुल मजीद सिद्दीकी आदि रहे।



दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को समझातीं काउंसलर। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



सेवानिवृत्ति पर बैंककर्मी को माला पहनाकर विदाई देते साथी कर्मी। अमृत विचार

### सेवानिवृत्ति होने पर बैंक कर्मी को दी गई भावभीनी विदाई

**चौबेपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के हेड कैशियर का सोमवार को कार्यकाल पूर्ण होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। स्टाफ के लोगों के साथ क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने फूलमालाओं के साथ उपहार देकर उनके सुखमय जीवन की कामना की। मालूम हो कि कस्बा स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया में विगत करीब 12 वर्षों से तैनात हेडकैशियर श्रीकांत पाल का सोमवार को सेवाकाल पूर्ण हो गया। इस मौके पर आयोजित विदाई समारोह के दौरान शाखा प्रबंधक नरेंद्र कुमार ने कहा कि क्षेत्रीय लोगों को बैंक सेवायें देने वाले हेड कैशियर की कमी बैंक कर्मियों को खलेगी। कहा कि ट्रांसफर, पोस्टिंग व रिटायरमेंट तो एक प्रक्रिया है। कार्यकाल के दौरान ग्राहकों से अच्छे व्यवहार और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने वालों को लोग लंबे समय तक भूले नहीं जाते। इस मौके बैंक कर्मियों व क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हेड कैशियर को फूल माला पहनाकर व उपहार भेंट किये। इस मौके पर सहायक प्रबंधक आकाश श्रीवास, आशुतोष कुमार, जितेंद्र कुमार शुक्ला, पंकज कुमार, सुनील हरिओम व विवेक आदि बैंक कर्मियों के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

**अराजकता** | घाटमपुर के धर्मपुर गांव का मामला, प्रशासन ने नई प्रतिमा स्थापित कराने का दिया आश्वासन

# अराजकतत्वों ने क्षतिग्रस्त की बाबा साहब की प्रतिमा

संवाददाता,घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत धर्मपुर गांव में अराजक तत्वों ने डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसको लेकर गांव में तनाव उत्पन्न हो गया। गांव के दलित समुदाय के लोग व क्षेत्रीय नेताओं ने मौके पर पहुंचकर सौहार्द न बिगड़ने की अपील की। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थ्ल का मौका मुआयना किया।

पतारा विकासखंड के अंतर्गत धर्मपुर गांव में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को कुछ अराजकतत्वों के द्वारा प्रतिमा का हाथ तोड़ दिया गया। प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने के बाद गांव में तनाव उत्पन्न हो गया। परंतु बसपा के वरिष्ठ नेता अरविंद कुमार बौद्ध ने पहुंचकर ग्रामीणों से अपील की कि आप लोग माहौल न बिगाड़ें। क्षतिग्रस्त प्रतिमा को बदलकर नई प्रतिमा लगा दी जाएगी और दोषियों को ढूंढकर उनपर कार्रवाई की जायेगी। मौके पर पतारा चौकी प्रभारी अनुज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की और जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने का ग्रामीणों को भरोसा दिलाया। समाचार लिखे जाने तक नई प्रतिमा लाई जा रही थी। घटना की सूचना के बाद घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक सरोज कुरील उनके साथ रंजन पासी, विधायक प्रतिनिधित्व मनीष तिवारी, नूतन तिवारी, राजवीर सैनी, छोटे पांडेय, दीपू यादव ग्राम प्रधान पति , संजय संखवार विधानसभा अध्यक्ष घाटमपुर, मीना संखवार पूर्व ब्लाक प्रमुख पतारा, राजू कुरील विधानसभा प्रभारी घाटमपुर, विपिन कुमार भारती, भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णु वीर सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।



क्षतिग्रस्त प्रतिमा को देखते क्षेत्रीय लोग व मौजूद पुलिस बल। अमृत विचार



लोगों को शांत कराने को पहुंचे क्षेत्रीय नेता व सभ्रांत लोग। अमृत विचार

# दरोगा पर 40 हजार मांगने का आरोप

संवाददाता,घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर में मुस्कान धर्मकांटा के संचालक ने जाजपुर चौकी इंचार्ज पर 40 हजार रुपये मांगने का आरोप लगाया है। आरोप है, कि रुपये न देने पर चौकी इंचार्ज ने उसके दो भाइयों को घाटमपुर थाने में बैठा रखा हैं। पीड़ित का कहना है, कि वह कल कानपुर कमिश्नर ऑफिस जाकर मामले की शिकायत करेंगे। घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है, कि जाम लगने की शिकायत पर जाजपुर चौकी इंचार्ज गए थे। रुपये मांगने का आरोप निराधार है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला नौबस्ता पश्चिमी निवासी तबरेज मोहम्मद ने घाटमपुर एसीपी को दिए हुए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका भोगनीपुर-चौडगरा रोड पर मुस्कान धर्मकांटा हैं। आरोप है, कि उनके धर्मकांटा पर बीते तीन दिनों से जाजपुर चौकी इंचार्ज रजनीश यादव अपने साथी सिपाहियों के साथ आकर 40 हजार रुपये की मांग कर रहे हैं।

- **रुपये न मिलने पर 2 भाइयों को थाने में बैठाया, पीड़ितों ने कहा धर्मकांटा पर आकर धमकाया**

रविवार शाम चौकी इंचार्ज रजनीश यादव एक सिपाही के साथ उनके धर्मकांटे पर बिना नंबर की स्विफ्ट डिजायर कार से चौकी इंचार्ज आए और 40 हजार रुपये की मांग करने लगे। जब उनके भाइयों ने रुपए देने से मना किया तो गालियां दी, जिसके बाद चौकी इंचार्ज उनके दोनों भाई दानिश और जावेद को जबरन पकड़कर घाटमपुर थाने लेकर गये हैं। पीड़ित तबरेज का कहना है, कि वह सोमवार को कानपुर कमिश्नर ऑफिस जाकर मामले की शिकायत करेंगे।

### एसीपी बोले ,आरोप निराधार शिकायत पर गए थे चौकी इंचार्ज

घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि बीते दो दिन पहले कानपुर देहात के रहने वाले मुकेश ने शिकायत की थी, की वह अपनी गाड़ी से घाटमपुर आ रहे थे। तभी मुस्कान धर्मकांटा के पास बेतरतीब तरीके से गाड़ियां खड़ी थी। जिससे उन्हें निकलने में समस्या हुई हैं। शिकायत पर चौकी इंचार्ज धर्मकांटा में गए थे और धर्मकांटा के बाहर सड़क पर खड़ी गाड़ियों को हटाने को कहने लगे तो धर्मकांटा के संचालक नहीं माने और पुलिस पर रुपये मांगने का आरोप लगाया उन्होंने बताया की चौकी इंचार्ज पर रुपये मांगने का आरोप निराधार है।

# अहिल्याबाई के पदचिह्नों पर चले समाज : अजीत पाल

## अहिल्याबाई होल्कर सेवा समिति के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

संवाददाता मंगलपुर



कार्यालय के उद्घाटन के बाद मौजूद राज्य मंत्री अजीत पाल व अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पालिका झींझक में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर सेवा समिति के कार्यालय का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री व सिकंदरा विधायक अजीत सिंह पाल द्वारा किया गया। मंत्री अजीत सिंह पाल ने अहिल्या बाई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर फीता काटा। इसके बाद कमेटी द्वारा माल्यार्पण कर और स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों लोगों को संबोधित करते हुए अजीत ने कहा कि इंदौर की प्रसिद्ध मराठा शासक होलकर राजवंश की महारानी राजमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर एक कुशल प्रशासक के साथ न्यायप्रिय और शिव की अनंत उपासक भी थीं। उनके द्वारा हजारों घाटों और मंदिरों आदि का निर्माण कराया गया। हम सबको उनके बताये मार्ग पर चलना चाहिये और हम सबको उनकी जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिए। समिति द्वारा मंत्री को नगर पालिका झींझक में लोक माता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा लगवाने हेतु सामूहिक मांग पत्र भी दिया गया उन्होंने आश्वासन दिया जल्द ही इस पर ध्यान देकर मूर्ति स्थापित कराई जायेगी। कार्यक्रम का संचालन प्रबुद्ध श्रमशील द्वारा किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष अमर सिंह पाल ,कैप्टन राकेश सिंह,सूबेदार मेजर अवधेश सिंह, महेंद्र पाल सिंह, दयाराम पाल, राम लखन धनगर, कल्पना पाल, संतोष पाल,मनोज चंदेल, जयपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, राम प्रकाश, दीवान सिंह, बृजेंद्र पाल, प्रशांत पाल, वीर सिंह धनगर, प्रमोद पाल,संजय पाल,जितेंद्र सिंह व मंडल अध्यक्ष विभु राजपूत सहित सैकड़ो लोग उपस्थित हुए

### गर्भवती महिलाओं व शिशुओं का कराया अन्नप्राशन

**संदलपुर।** ब्लॉक सभागार में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से सोमवार को संदलपुर ब्लॉक सभागार में पोषण माह के तहत गोद भराई व अन्नप्राशन का कार्यक्रम हुआ, जिसमे ब्लॉक प्रमुख राहुल तिवारी और डॉ .आरबी सिंह ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और बच्चों को खीर चटाकर अन्नप्राशन कराया। मौजूद अधिकारियों ने मंजू कटियार, रोली देवी, संध्या तिवारी, किरण लता, सरला कटियार, कमला देवी को सम्मानित किया। इस दौरान भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुमित दिवाकर,एडीओ पंचायत अश्वनी कुमार,सीडीपीओ विनय कुमारी,आंगनबाड़ी कार्यकत्री नीतू मिश्र,सुनीता,सुमन,सिखा,मंजू कटियार,मिथिलेश कुमारी,आदि मौजूद रहे।


महिला की गोदभराई करते ब्लाक प्रमुख राहुल तिवारी व अन्य। अमृत विचार

## रनियां औद्योगिक क्षेत्र के सर्विस रोड से 1 माह में हटेंगे पोल

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- जिला उद्योग व व्यापार बंधु की बैठक में जिलाधिकारी ने सुनीं समस्याएं

**अमृत विचार।** रनियां औद्योगिक क्षेत्र के सर्विस रोड से विद्युत पोल हटाए जाने के कार्य को 1 माह में पूरा किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी आलोक सिंह ने अधिकारियों को दिए है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग व व्यापार बंधु की मासिक बैठक में सोमवार को रनियां औद्योगिक क्षेत्र के सर्विस रोड से विद्युत पोल हटाए जाने का मुद्दा उठा। अधिकारियों ने बताया कि बारिश के चलते कार्य धीमा पड़ गया। शीघ्र कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा।

इस पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग व एनएचएआई अधिकारियों को समन्वय कर 1 माह के अंदर सर्विस रोड से विद्युत पोल हटाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि संयुक्त टीम भेजकर औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं का निस्तारण कराया जाए। औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों व नालियों को अभियान चलाकर सफाई कराने के निर्देश दिए।

औद्योगिक क्षेत्र की सभी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर करने के लिए जीएम डीआईसी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने उद्यमियों व व्यापारियों से कहा कि वह अपनी समस्याओं व शिकायतों के निराकरण के लिए किसी भी समय मिलने आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारियों द्वारा उठाई गई विभिन्न समस्याओं का संवेदनशील होकर निस्तारण कराया जा रहा है। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, उपायुक्त उद्योग मोहम्मद सउद,अन्य अधिकारी,उद्यमी, व्यापारी उपस्थित रहे।

## हर स्कूली बच्चे का बनेगा अपार कार्ड

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- अभिभावकों की सहमति लेने के बाद स्कूल स्तर पर शुरू होगा कार्य

**अमृत विचार।** केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों की तरह अब यूपी के भी सभी प्राइमरी-अपर प्राइमरी स्कूलों के बच्चों की भी अब अपार यूनिक आईडी बनाई जायेगी।

12 अंकों की अपार (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) आईडी आधार से लिंक होगी। यह आईडी प्रदेश के सभी परिषदीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं के वर्तमान पीईएन (पेन) नम्बर का स्थान लेगी। इससे सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं की शैक्षिक प्रगति एवं उपलब्धि की ट्रैकिंग की जा सकेगी। साथ ही डिजिलॉकर की सहायता से सभी एकेडमिक अभिलेख को वेरिफाइएबल क्रिडेंशियल के रूप में प्राप्त हो सकेंगे। इसके अलावा स्कूल से इतर भी बच्चों का चिन्हीकरण किया जा सकेगा। छात्र-छात्राओं की शैक्षिक यात्रा तथा उनके अंकपत्र आदि का विवरण स्वतः अपार आईडी में सुरक्षित हो जायेंगे। केन्द्रीय और नवोदय विद्यालयों की भांति ही यू-डायस पोर्टल के माध्यम से अपार आईडी के सृजन की व्यवस्था की जायेगी। अपार आईडी बनाए जाने का कार्य विद्यालय स्तर से ही लॉगिन करते हुए किया जाएगा। बीते 20 सितम्बर को केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा भेजे गए पत्र के मिलने के बाद स्कूल शिक्षा महानिदेशालय ने यह कदम उठाया है। बुधवार को स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने प्रदेश के सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों से लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी तथा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों के नाम सर्कुलर जारी किया है। सर्कुलर में कहा गया हे कि बच्चों के माता-पिता या को इसके लाभ बताया जायें। इसके अलावा उनसे अपार आईडी संबंधित सहमति पत्र पर सहमति प्राप्त करने को कहा गया है।

### जन्म प्रमाण पत्र भी बनेगा

- परिषदीय विद्यालयों के जिन बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बना होगा उनका जन्म पंजीकरण विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा बीआरसी में करवाया जाएगा। शासन के निर्देश के क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग ने इसके लिए बीएसए को दिशा-निर्देश दिए हैं। इतना ही नहीं बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र नंबर व आधार कार्ड संख्या निर्धारित पोर्टल पर भी अपलोड करनी होगी।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने बताई शिक्षकों की समस्याएं

- शिक्षकों की लंबित समस्याओं के संबंध में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

**कानपुर देहात।** शिक्षकों के विभिन्न लंबित प्रकरणों एवं चयन वेतनमान पत्रावलियों के निस्तारण के संबंध में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने बीएसए को संबोधित ज्ञापन दिया।

जिला अध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि संगठन द्वारा लगातार शिक्षकों की समस्याओं से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया गया कि जिस क्रम में कुछ प्रकरण खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से निस्तारित कराकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भेजे गए किंतु 2 माह बाद भी उन पर कोई पत्र जारी नहीं किया गया। जिसके संबंध में सोमवार को एक पत्र पुनः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दिया गया है। साथ ही चयन वेतनमान लगने हेतु लगभग 400 पत्रावलियां विभिन्न विकासखंडों से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रेषित की जा चुकी हैं। वहीं दूसरी ओर कार्यालय वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक को भी ज्ञापन दिया गया, जिसमें विभिन्न शिक्षकों के लंबित एरियर से संबंधित समस्याएं रखी गईं। साथ ही पिछले वर्ष नवंबर 2023 की एनपीएस कटौती अमरौधा के शिक्षकों के खाते में प्रदर्शित नहीं हो रही है जिसका निस्तारण करने का भी अनुरोध किया गया। इस दौरान जिला संगठन मंत्री अनंत त्रिवेदी महामंत्री सुनील कुमार सचान उपाध्यक्ष संत कुमार दीक्षित,ज्योत्सना गुप्ता आदि रहे।


पंचायत सचिवालय में खुली बैठक करते ग्राम प्रधान रोहित सिंह व सचिव। अमृत विचार

## पीएम आवास योजना को आये 213 आवेदन

**रूरा।** विकास खंड झींझक की ग्राम पंचायत बनीपारा महाराज में सोमवार को ग्राम सचिव और प्रधान की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र लोगों के चयन के लिए लिए खुली बैठक का अयोजन किया गया।

सोमवार को पंचायत घर बनीपारा में खुली बैठक के दौरान ग्राम सचिव कृष्ण मोहन यादव ने आवेदकों को प्रधानमंत्री आवास में पात्रता के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार दोपहिया वाहन मालिकों और पंद्रह हजार से कम मासिक आय के लोगों को पात्रता की श्रेणी में रखा गया है। इस नियम के तहत जो लोग पात्र है वो इस योजना में आवेदन कर योजना का लाभ ले सकते है। पात्र होने पर ही आवास आवंटित किए जाएंगे। खुली बैठक में 213 लोगों ने आवेदन किया। इस दौरान ग्राम प्रधान रोहित सिंह,सतेंद्र पाठक, नीरज सिंह रहे।

## खुलेआम फायरिंग के मामले में 1 गिरफ्तार

संवाददाता मंगलपुर

**अमृत विचार।** बीती शाम थाना क्षेत्र के कस्बा झीझक मे फायरिंग के मामले में पीड़ित की तहरीर पर थाना पुलिस ने 3 नाम दर्ज सहित 4 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


आरोपी।

मंगलपुर क्षेत्र के कस्बा झीझक के वार्ड नंबर 3 श्री नगर निवासी अभिषेक सेंगर ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती शाम रामलीला के सामान को लेकर जूनियर हाई स्कूल मैदान जा रहा था। तभी नहर पुल झींझक पर जाम लगने पर पीड़ित जाम खुलवाने में लग गया। उसी समय बाइक सवार राजकुमार उर्फ राज यादव निवासी दुलाराय का पुरवा थाना फंफूद औरैया, रिषभ देव तिवारी व श्याम यादव एक अज्ञात व्यक्तियों ने अचानक फायर कर दिया, जिससे अभिषेक के कनपटी से गोली छूते हुए एक डीसीएम के शीशे में जाकर लगी जिससे लोगों में अफरा तफरी मच गई। राहगीरों ने फायरिंग करने वाले एक युवक को पकड़ लिया। जबकि तीन युवक मौके से भाग गए। पुलिस ने पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया है।

## कृषि विभाग के वरिष्ठ सहायक को मातृशोक

**कानपुर देहात।** माती विकास भवन के उप कृषि निदेशक कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक अजय कुमार गुप्ता की मां कुसमा देवी (70) का बीमारी के चलते रविवार देर शाम निधन हो गया था। जानकारी पर उप कृषि निदेशक रामबचन राम, जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार गुप्ता, अरविंद यादव, विवेक द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर शोक जताया। परिजनों ने सोमवार को शव का शिवराजपुर के खेरेश्वर घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।


कुसमा देवी।

## आपसी प्रेम व शांति से मनायें त्योहार

संवाददाता मूसानगर

**अमृत विचार।** त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने को लेकर थाना परिसर में एसडीएम व सीओ की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई।

थाना मूसानगर क्षेत्र में नवरात्र व दशहरे के त्योहारों को मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक की गई। एसडीएम भोगनीपुर सर्वेश कुमार व सीओ भोगनीपुर संजय सिंह ने त्योहारों को लेकर बैठक में कहा कि त्योहारों को आपसी प्रेम स्नेह और शांति से मनाए साथ ही थाना प्रभारी शिवनारायन सिंह को निर्देश दिए कि नवरात्र के बाद मूर्ति विसर्जन के दौरान कोई समस्या न उत्पन्न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। विसर्जन के दौरान सड़क पर आवागमन अवरुद्ध नहीं होने दिया जाए। मूर्ति का विसर्जन निर्धारित स्थान पर ही कराया जाए। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी को आयोजन स्थल व मंदिरों में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। बैठक में ईओ संजय कुमार पटेल, जेई विद्युत प्रमोद कुमार दव, उपनिरीक्षक श्रीराम पटेल उप निरीक्षक प्रभाकर यादव,मुक्ता देवी मंदिर समिति के अध्यक्ष महेन्द्र तिवारी, रावण दहन कमेटी के अध्यक्ष आशीष गुप्ता, नगीना बांगर प्रधान संजय निषाद,हुब्ब लाल पाल, कैलाशचंद्र निषाद, हेमंत राज त्रिपाठी,अजमेरी,सूरज सिंह चौहान, उज्जवल कौशल, मलखान सिंह यादवर आदि उपस्थित रहे।


बैठक में मौजूद एसडीएम सर्वेश कुमार व सीओ संजय सिंह। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### पॉलीप्लास्ट अग्निकांड की होगी मजिस्ट्रियल जांच

**कानपुर देहात।** तहसील अकबरपुर क्षेत्र के गांव शिवनाथपुरवा मजरा उमरन स्थित आरपी पॉलीप्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड में 21 सितंबर को हुए भीषण अग्निकांड की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए है। इस अग्निकांड में 6 श्रमिकों की मौत हो गई थी। जब कि 4 घायल हो गए थे। जांच में अग्निकांड के कारणों का पता लगाया जाएगा। जिला मजिस्ट्रेट आलोक सिंह ने बताया कि उपजिला मजिस्ट्रेट अकबरपुर अवनीश कुमार सिंह को मजिस्ट्रियल जांच अधिकारी बनाया गया है। इस प्रकरण में यदि कोई व्यक्ति अपना बयान व साक्ष्य देना चाहता है तो 20 अक्तूबर तक एसडीएम अकबरपुर के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है।

### पुलिस पर फायरिंग के दोषी को 5 साल का कारावास

**कानपुर देहात।** अकबरपुर क्षेत्र में करीब 9 साल पहले पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसकी सुनवाई करते हुए अदालत ने सोमवार को आरोपी के अपराध स्वीकार कर लेने पर उसे दोषसिद्ध करते हुए 5 साल के कारावास की सजा सुनाई साथ ही अर्थदंड भी लगाया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता के के सिंह ने बताया कि अकबरपुर क्षेत्र के बारा जोड़ पर 26 जून 2015 को तत्कालीन एस आई रामबदन सिंह मय पुलिस पार्टी के वाहन चेकिंग कर रहे थे उसी दौरान अकबरपुर से आती हुई कार को पुलिस ने रोका तो उसमें सवार 4 बदमाशों ने गाड़ी से उतरकर पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर भाग गये थे। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को तमंचा कारतूसों के साथ मौके पर पकड़ लिया था। पुलिस ने घाटमपुर क्षेत्र के तब्बल उर्फ रिंकू गोस्वामी के खिलाफ पुलिस पर जानलेवा हमला करने के अपराध में आरोपपत्र अदालत में दाखिल किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज प्रथम रजत सिन्हा की अदालत में चल रही थी। सुनवाई दौरान आरोपी ने अदालत में अपने अपराध स्वीकार कर लेने का प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया था। सोमवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी तब्बल उर्फ रिंकू गोस्वामी को 5 साल के कारावास की सजा सुनाई इसके साथ ही उसपर 500रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। वहीं अर्थदंड अदा न करने पर एक माह का अतरिक्त कारावास काटने के आदेश दिए हैं।



### परिषदीय स्कूलों के टाइमटेबल में हुआ बदलाव

**कानपुर देहात।** बेसिक शिक्षा परिषद के कक्षा 1 से आठवीं तक के परिषदीय व मान्यता प्राप्त प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय अब सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच खुलेंगे। अभी तक यह स्कूल सुबह 8 से दोपहर 2 बजे के बीच खुल रहे थे। परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल के अनुसार यह समय सत्र की शुरुआत में जारी कैलेंडर के अनुसार तय हैं। अब 1 अक्तूबर से 31 मार्च तक विद्यालय सुबह 9 से दोपहर 3 बजे के बीच खुलेंगे। इस दौरान प्रार्थना सभा का समय सुबह 9 से 9 .15 बजे के बीच व जानें कितने घंटे चलेगी क्लास; कब होगा मध्यावकाश का समय दोपहर 12 से 12 .30 बजे के बीच होगा बाकी समय में पठन-पाठन व अन्य गतिविधियां होंगी। समय में यह बदलाव मौसम में गर्मी कम होने के कारण प्रत्येक वर्ष होता है।

### गांधी जयंती पर वाक रेस का होगा आयोजन

**कानपुर देहात।** जिला क्रीड़ाधिकारी नीलम सिद्दकी द्वारा जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देश पर बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम माती में 5 किमी व 3 किमी की ओपेन वाक रेस प्रतियोगिता का आयोजन प्रात: 9 बजे से किया जाएगा। यह प्रतियोगिता ओपेन बालक एवं बालिका वर्ग (कोई भी आयु वर्ग) में स्पोर्टस स्टेडियम परिसर में ही आयोजित की जायेगी ।

### 1 अक्टूबर को मनाया जाएगा राष्ट्रीय रक्तदान दिवस

**कानपुर देहात।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एके सिंह ने बताया कि 1 अक्टूबर मंगलवार को राष्ट्रीय रक्तदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। रक्तदान शिविर मेडिकल कॉलेज अकबरपुर के नए प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। जन समुदाय से अपील है। उन्होंने लोगों से रक्तदान करने की अपील की है। कहा कि इस रक्त से किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जीवन की रक्षा की जा सकती है।

### पाइप लाइन के लीकेज से बह रहा पानी।

**रूरा।** कस्बे में बीते दो दिन पूर्व पानी की नई पाइप लाइन डाली गई थी। लेकिन दो दिन बीतने के बाद पूर्व मंत्री के आवास के पास में फिर से पाइप लाइन में लीकेज हो गया, जिससे लगातार पानी बह रहा है।

**आयोजन** बच्चों ने लगाए स्टाल व बड़ों ने खरीदारी कर बढ़ाया मनोबल, 2 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन क्रिकेट लीग व 3 को निकलेगी शोभा यात्रा

## नन्हे-मुन्ने बच्चों ने दिखाई व्यापारिक प्रतिभा

संवाददाता पुखराया



फीता काटकर मेले का उद्घाटन करतीं मुख्य अतिथि। अमृत विचार



स्टाल लगाये हुए प्रतिभागियों से खाने का सामान लेते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में पुखरायां कस्बे में श्री महाराजा अग्रसेन महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। साथ ही तरह-तरह के कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। सोमवार को अग्रसेन बाल मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाल मेला का उद्घाटन अनिता गोयल, भारती गोयल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मेले का उद्घाटन मुरारी लाल गोयल, राजेन्द्र गोयल, अनुभव अग्रवाल, गौरव अग्रवाल ने फीता काटकर किया। अग्रवाल सभा के तत्वाधान में हो रहे इस कार्यक्रम में बच्चों का बढ़-चढ़कर उत्साह वर्धन किया जा रहा है। मेला में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कई स्टाइल लगाकर अपनी व्यापारिक प्रतिभा को दर्शाया। मेले में महिलाओं ने बच्चों का सहयोग करते हुए कई तरह के पकवान बनाए। अपेक्षा अग्रवाल द्वारा आमची मुंबई, ममता कंछल व आस्था कंचल द्वारा रोल ओं बर्गर, आशी अग्रवाल द्वारा श्री स्टार फूड स्टॉल, मनोज्ञा गोयल व सान्वी गोयल द्वारा हंगरी हट, राधा गर्ग द्वारा डोसा धमाका और इडली मैजिक, वैभवी गर्ग द्वारा द ड्रीम पिज्जा व पास्ता, प्रियम गर्ग द्वारा प्रियम फास्ट फूड सेंटर, ईवान गोयल द्वारा चलती का नाम गाड़ी हेल्दी स्टोर,पर्व गोयल व पारवी गोयल द्वारा दा स्प्रिंकलर स्वीट्स के नाम से फूड स्टाल लगाए गए। बच्चों द्वारा लगाये गये स्टाल में पहुंच कर लोगों ने जमकर खरीदारी कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। वहीं इसके बाद म्यूजिकल चेयर, हेयर स्टाइल, तम्बोला व लकी ड्रा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें बालिकाओं ओर महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष उमंग अग्रवाल ने बताया कि 2 अक्टूबर को कस्बे के यूनाइटेड पुब्लिक स्कूल के ग्राउंड में महाराजा अग्रसेन क्रिकेट लीग का आयोजन होगा। 3 सितंबर को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरेगी। इसके बाद चित्र पूजन, गोष्ठी, मेधावी सम्मान, डांडिया नाइट, फैंसी ड्रेस शो, नृत्यकला प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों को जीवित रखना है। महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष उमंग अग्रवाल, महामंत्री शुभम बंसल,कोषाध्यक्ष प्रफुल्ल गोयल,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल,उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल,शिवम गर्ग,संयोजक आशीष गोयल(गोपाल),वरिष्ठ मंत्री सत्यम गोयल, शिखर गोयल, मंत्री पुलकित गोयल(बूटा), चेतन अग्रवाल, सत्यम अग्रवाल, राघव अग्रवाल, प्रणय अग्रवाल, मनन अग्रवाल, प्रतीक गर्ग, अमन गोयल, केतन कंछल, यश गोयल, उमंग गर्ग, नवनीत गर्ग, प्रखर गोयल, कुशल बंसल, सार्थक गर्ग, अमर गोयल, कृष्ण गोयल, उज्जवल गर्ग रहे।

## मंदिर के जीर्णोद्धार को रोक रहे लोगों पर मुकदमा दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के भवरपुर गांव के ग्रामीणों ने थाना दिवस पर प्रार्थना पत्र देते हुए बताया था की गांव में लगभग सौ वर्ष पुराना राम दरबार मंदिर है। अगस्त माह में बारिश से मंदिर ध्वस्त हो गया था।

अब ग्रामीण जनों के सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्य शुरू कराया गया है तभी मंदिर के पास रहने वाले हीरालाल, श्याम सिंह, राम सिंह उर्फ गुड्डू जो की वहीं पास में अपने जानवर बांधते हैं। जब मंदिर के निर्माण के लिए राजमिस्त्री निर्माण कार्य करने पहुंचे तो उक्त लोग व इनकी घर की महिलाएं राजमिस्त्री के साथ झगड़ा करते हुए उन्हें भगा दिया था। सूचना पर थानाध्यक्ष जेपी शर्मा पहुंचे और दोनों पक्षों से वार्ता कर मामले को सुलझा दिया था। वहीं रविवार को पुनः उक्त लोगों के द्वारा निर्माण कार्य में अवरोध डाल दिया गया जिसकी शिकायत गांव के दिनेश ने रविवार को थाने में दी थी थाना प्रभारी ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## एक नजर

### पेरिस में देश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को आज सम्मानित करेंगे मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पेरिस में देश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ''जिन्होंने बढ़ाया देश का मान, ऐसी प्रतिभाओं का सम्मान'' कार्यक्रम में 14 ओलंपियंस और खेलों के वैश्विक महाकुंभ में प्रतिभाग करने वाले राज्य के 7 खिलाड़ियों व पैरालंपियंस को सम्मानित करेंगे। इन्हें कुल 22.70 करोड़ रुपये की पुरस्कार सम्मान राशि दी जाएगी। इनमें प्रवीण कुमार, सुहास एलवाई, अजीत सिंह, प्रीति पाल, सिमरन, ललित उपाध्याय व राज कुमार पाल प्रमुख हैं। इन सभी खिलाड़ियों के साथ संवाद कर मुख्यमंत्री योगी इनकी प्रेरक कहानियों को भावी खिलाड़ियों के सामने रखकर प्रेरित करने का कार्य करेंगे।

### ढाई क्विंटल अवैध मादक पदार्थ के साथ तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए मिर्जापुर से मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए ओडिसा निवासी रिंकू रावत, जाफराबाद जौनपुर निवासी रमेश कुमार और मेहनगर आजमगढ़ निवासी बृजेश गोंड के पास ढाई कुंटल मादक पदार्थ बरामद हुआ है, जिसकी अनुमानित कीमत 50 लाख रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई वाराणसी एसटीएफ की तरफ से की गई है।

### पूर्व आईपीएस अफसरों के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** 1958 बैच के पूर्व आईपीएस अधिकारी केएन दारूवाला और 1985 बैच के पूर्व आईपीएस अशोक कुमार मिश्रा के विगत दिनों हुए निधन पर सोमवार को पुलिस मुख्यालय पर शोकसभा आयोजित किया गया। इस दौरान सभागार में पहुंचे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों ने दो मिनट का मौन रहते हुए दोनों दिवंगत अफसरों को श्रद्धांजलि दी। बतादें कि 27 सितंबर को केएन दारूवाला और 16 सितंबर को अशोक कुमार मिश्रा का निधन हो गया था।

# घाघरा, राप्ति, गंगा उफान पर 24 घंटों में 10 लोगों की मौत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बाढ़ और बारिश के चलते उत्तर प्रदेश के 11 जिलों में जनजीवन बेहाल है। दरअसल, यागी तूफान और नेपाल के छूटे पानी के कारण घाघरा, राप्ति, गंगा उफान पर हैं। नुसार पिछले 24 घंटों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 10 लोगों की मौत हुई है। बाढ़ नियंत्रण और लोगों तक राहत एवं बचाव सामग्री पहुंचाने के लिए कार्रवाई शुरू हो गई है।

यागी तूफान के प्रभाव के कारण बीते दिनों उप्र. के कई जिलो में लगभग चार दिन लगातार तेज बारिश हुई थी। इसके चलते संतकबीरनगर जिले में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसके अलावा उन्नाव में भी गंगा नदी चढाव पर है।

नेपाल की कोसी नदी के उफान पर होने के कारण बहराइच में उफनाई घाघरा नदी की चपेट में आकर सुजौली क्षेत्र के गुप्तापुरवा गांव का अस्तित्व लगभग खत्म हो गया है। बेघर ग्रामीण सरयू नहर के किनारे पंचायत भवन और सरकारी स्कूल में शरण ले रहे हैं। गोरखपुर से बस्ती तक भीषण बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। एक दिन में इस इलाके में तीन लोगों की मौत का मामला सामने आया है। सिद्धार्थनगर में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। श्रावस्ती में लोग नाव से आवाजाही करने को मजबूर हैं। कुशीनगर में लोगों का दिन बांधों पर गुजर रहा है।

### लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, शाहजहांपुर, गोंडा, कुशीनगर, महराजगंज, बलिया, फर्रुखाबाद, कानपुर नगर और गौतमबुद्धनगर जिले में विशेष रूप से राहत एवं बचाव कार्य को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इन जिलों में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पीएसी की टीमों को प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई है।

# निराश्रित गोवंशों के संरक्षण से 'समृद्धि' की फसल

## देशभर में बिक रहे कानपुर व लखनऊ के गौआधारित उत्पाद, सिंगापुर की तैयारी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में एक तरफ लोग गोवंशों को पालकर सड़कों पर छोड़ रहे हैं तो दूसरी तरफ कानपुर के ग्राम बिरैचामऊ, चौबेपुर निवासी किसान सुबोध दीक्षित उन्हीं गोवंशों को संरक्षित करके समृद्धि की फसल तैयार करते हैं। वह गांव में निराश्रित गोवंशों का भरण-पोषण करके उनके गोबर व मूत्र से 10 बीघा में गौआधारित खेती व बागवानी करते हैं।

उन्होंने इस कार्य में कानपुर व लखनऊ के 50 से अधिक किसान, बागवान व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जोड़ रखा है। जिन्हें गोवंश या फिर गोबर की खाद व जीवामृत देकर दलहन, तिलहन, आम, अमरूद, मोटा अनाज, सब्जियां आदि फसलें कराते हैं और इनकी खरीद करके मानस ग्राम नाम से कैंडी, जैम, जैली, मुरब्बा, शहद, तुलसी मसाला चाय, त्रिफला चूर्ण समेत 100 से अधिक उत्पाद बनाकर गोतमी नगर स्थित किसान बाजार से देशभर में बिक्री करते हैं। वह 3 अक्टूबर को गौआधारित उत्पाद की मार्केटिंग (विपणन) के लिए नमस्ते भारत कार्यक्रम में सिंगापुर जाएंगे।



गौआधारित फसलों से बने उत्पाद दिखाते किसान सुबोध दीक्षित।

### गोशाला से घी व गोमूत्र अर्क से करते कमाई

सुबोध बताते हैं कि उनकी गोशाला में 50 निराश्रित गोवंश हैं। जिनकी वह सेवा करते हैं और गाय के दूध से घी व अन्य उत्पाद बनाकर बिक्री करते हैं। साथ ही गोमूत्र से अर्क समेत अन्य गंभीर बीमारियों की औषधि बनाकर लखनऊ, नोएडा, आगरा, दिल्ली व मुंबई समेत कई बड़े शहरों में बेचते हैं। उन्होंने 2019 में गौआधारित खेती शुरू की थी। जिसे मंडी परिषद के किसान बाजार में बिक्री का प्लेटफार्म मिलने से बढ़ावा मिला है।

### पार्कों व प्रदर्शनी में भी करते बिक्री

कानपुर में सुबोध को पांच पार्क आवंटित हुए हैं, जहां सुबह गौआधारित उत्पाद के स्टॉल लगाकर लोगों को जागरूक करके बिक्री करते हैं। इसी तरह लखनऊ में पार्क आवंटन की प्रक्रिया चल रही है। वह किसान बाजार के साथ प्रदर्शनी व पार्कों में उत्पाद की बिक्री कर लाखों कमाते हैं। साथ ही उनसे जुड़े किसान व समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहे हैं।

## भाजपा सरकार में स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। डेंगू, मलेरिया और वायरल बुखार के मरीजों से राजधानी लखनऊ समेत शहरी इलाकों के मरीज भरे पड़े है।



अखिलेश यादव

अखिलेश यादव ने सोमवार को जारी बयान में कहा, कि लखनऊ में ही पिछले एक सप्ताह में चार सौ से ज्यादा डेंगू बुखर के मरीज मिल चुके हैं। मलेरिया बुखार के मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। लखनऊ में डेंगू से मरीजों की मौत भी हो चुकी है। मरीज और उनके तीमारदार सरकारी अस्पतालों में चक्कर लगाकर थक जाते है। उन्हें प्राईवेट अस्पतालों की शरण लेनी पड़ती है।

# पूरी आस्तीन के कपड़े पहन कर स्कूल जाएंगे बच्चे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए विशेष अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। निर्देश दिए गए हैं कि बच्चों को फुल आस्तीन के कपड़े पहनकर स्कूल आना अनिवार्य होगा। परिषदीय विद्यालयों समेत आस-पास साफ-सफाई और मच्छररोधी दवाओं का छिड़काव होगा। साथ ही अभिभावकों को जागरूक करने के लिए पंचायत स्तर पर भी विशेष प्रयास होंगे।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह के निर्देश पर छात्र-छात्राओं को इन बीमारियों से बचाने के लिए खास सतर्कता बरती जा रही है। किसी बच्चे में बुखार या सिरदर्द के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया है कि स्कूल परिसर में जलभराव होने पर तुरंत जल निकासी की व्यवस्था करें और मच्छररोधी दवाओं का छिड़काव कराएं।

### माध्यमिक और बेसिक स्कूलों का समय बदलेगा

अक्टूबर माह से यूपी के माध्यमिक और बेसिक स्कूलों का समय बदलने जा रहा है। 1 अक्टूबर 24 से 31 मार्च 25 तक सुबह नौ से दोपहर तीन बजे तक चलेंगे। जबकि माध्यमिक विद्यालय सुबह 9.30 से दोपहर 3.30 बजे तक चलेंगे। सुबह 15 मिनट प्रार्थना सभा होगी। इसके बाद 9.45 से 40-40 मिनट के चार पीरियड में पढ़ाई होगी। इसके बाद 25 मिनट का लंच, फिर चार पीरियड पढ़ाई होगी।

## श्याम बिहारी गुप्ता बने प्रदेश गोसेवा आयोग के अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** झांसी के श्याम बिहारी गुप्ता को उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही, कुशीनगर के जसवंत सिंह उर्फ अतुल सिंह व बस्ती के महेश कुमार शुक्ल को आयोग का उपाध्यक्ष बनाया गया है।



श्याम बिहारी गुप्ता

इसके अलावा मुरादाबाद के दीपक गोयल, महोबा के राजेश सिंह सेंगर व फिरोज़ाबाद के रमाकांन्त उपाध्याय को सदस्य नामित किया गया हैं। पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव के रविंद्र नायक के आदेश के अनुसार अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सभी सदस्यों का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तारीख से एक साल के लिए रहेगा। आयोग में करीब ढाई साल से सभी पद खाली पड़े हुए थे।

# जन शिकायतों के निस्तारण में देरी, गोंडा समेत 9 जिलों के अफसरों पर होगी कार्रवाई

## मुख्यमंत्री ने तलब की लापरवाही और हीलाहवाली करने वाले जिलों की रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** जन शिकायतों के निस्तारण में देरी भारी पड़ेगी। अगर मिथ्या रिपोर्ट लगाई गई है, तो अनुशासनात्मक कार्रवाई तय है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लापरवाही और हीलाहवाली करने वाले जिलाधिकारी और पुलिस कप्तानों की रिपोर्ट तलब की है। माना जा रहा है कि खराब प्रदर्शन वाले गोंडा समेत नौ जिलों के अफसरों पर कार्रवाई तय है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुछ दिन पहले एक उच्च स्तरीय बैठक में आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन और संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की थी। साथ ही लापरवाह अधिकारियों की रिपोर्ट तलब करने के निर्देश दिए थे। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने भी जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा में पाया है कि 1 सितंबर से 25 सितंबर के बीच प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में कई जिलों का प्रदर्शन ठीक नहीं है।

सीएम हेल्पलाइन एवं सीएम डैशबोर्ड से लिये गए फीड बैक में देवरिया, भदोही, गोंडा, ललितपुर, प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, आजमगढ़ और मिर्जापुर के शिकायतकर्ताओं ने 70 प्रतिशत तक असंतोष जाहिर किया है। इस पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन संबंधित जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तान को फटकार लगाते हुए सुधार के निर्देश दिए हैं। यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को भी भेजी गई है। सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन ले सकते हैं।

### औरैया, लखनऊ, लखीमपुर का अच्छा प्रदर्शन

अगस्त, सितंबर माह में आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निस्तारण करने में कुल जिलों का अच्छा प्रदर्शन रहा है। इसमें औरैया, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, मेरठ, सहारनपुर और गोरखपुर शामिल है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान की प्रशंसा करते हुए अन्य जिलों के अधिकारियों को इसी आधार पर काम करने के निर्देश दिए हैं।

## धर्म दर्शन

### शक्ति तत्व और उसका महत्व

महाशक्ति ही परब्रह्म परमात्मा हैं। इन्हीं की शक्ति से ब्रह्मा, विष्णु, महेश क्रमशः सृजन पालन व संहार का कार्य करते हैं। श्रीदुर्गा सप्तशती में ब्रह्मा जी ने मधु कैटभ नामक दैत्यों से अपनी रक्षा के लिए योगनिद्रा का आवाहन करते हुए कहा है मुझको, भगवान शंकर और विष्णु को भी तुमने ही शरीर धारण कराया है। अतः तुम्हारी स्तुति करने की शक्ति किसमें है। नवदुर्गा, दस महाविद्या, अन्नपूर्णा, भुवनेश्वरी काली, तारा, बगुला, त्रिपुरा आदि सब इन्हीं के रूप हैं। हमारे ऋषियों द्वारा सर्वव्यापी चेतनसत्ता अर्थात अपने उपास्य की उपासना मातृ-पितृ रूप से तथा स्वामी रूप से अपनी भावना व श्रद्धा के अनुरूप की गई है। संसार में सभी प्राणियों के लिए माता ही सबकी आदिगुरु हैं। इसीलिए "मातृदेवो भव, पितृदेवो भव, आचार्यदेवो भव" मंत्र में सर्वप्रथम माता को ही स्थान दिया गया है। समस्त विश्व महाशक्ति का ही विलास है। भवानी की स्तुति करते हुए आचार्य शंकर ने कहा है, अपर्णैका सेव्या जगति सकलैर्यत् परिवृत्तः।/ पुराणोऽपि स्थाणुः फलति किल कैवल्यपदवीम्।।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

संसार में लोग अनेक प्रकार के गुणों से युक्त पत्ते वाली लता का विविध प्रकार से सेवन करते हैं, परंतु मेरा तो मत है कि इस संसार में सब लोगों को अपर्णा (पार्वती जी) का ही सेवन करना चाहिए, जिनके संसर्ग से स्थाणु अर्थात पुराना ठूंठ-संसार के आदि कारण निर्विकार निराकार देवाधिदेव महादेव भी मोक्षरूपी फल देने लगते हैं। तात्पर्य यह है कि सदाशिव के नाम से प्रसिद्ध निर्गुण परमात्मा सर्वथा क्रिया शून्य होने के कारण स्वयं कोई फल देने में असमर्थ हैं। जब यह शिव शक्ति से समन्वित हो जाते हैं अर्थात शक्ति संपन्न होकर सगुण एवं सक्रिय रूप में आते हैं, तभी वे मोक्ष आदि फल प्रदान करने में समर्थ होते हैं। शक्ति उपासना हमारे समाज में वैदिक काल से ही प्रचलित है। श्री दुर्गासप्तशती में उद्धत अथर्व शीर्ष के रूप में वर्णित देवी मंत्र इसका प्रमाण है। अथर्व शीर्ष शब्द का अर्थ है वह मंत्र,जो अथर्ववेद का शीर्ष अर्थात सर्वोच्च मंत्र है। देवी कहती हैं, अहम् ब्रह्मस्वरूपिणी। मत्तः प्रकृतिपुरुषात्मकं जगत्। शून्यं चाशून्यं च। अहमखिलं जगत्।। प्रसंग के अनुसार सभी देवता देवी के समीप गए और नम्रता से पूछने लगे हे महादेवि आप कौन हैं? देवी ने मैं ब्रह्म स्वरूप हूं। मुझसे प्रकृति पुरुषात्मक सद्रूप और असद्रूप जगत उत्पन्न हुआ है। यह सारा दृश्य जगत मैं ही हूं। जगत की सृष्टि, पालन व संहार रूपी तीनों कार्य क्रमशः ब्रह्मा, विष्णु व महेश द्वारा किए जाते हैं।

ब्रह्माजी की शक्ति जिससे सृष्टि होती है वह महासरस्वती हैं, विष्णुशक्ति जो पालन करती व कराती हैं महालक्ष्मी हैं और रुद्रशक्ति, जिससे संहार होता है, उनका नाम महाकाली है। इन तीनों महाशक्तियों के कार्य में कोई अंतर्विरोध नहीं है, यह सभी परस्पर सहायक हैं। संहार, संहार के उपरांत सृष्टि, सृष्टि के क्रम में उसकी पालना और फिर संहार यही क्रम चलता रहता है। संहार के लिए बल, पालन के लिए धन व सृष्टि के लिए बुद्धि की आवश्यकता होती है। अपने-अपने कर्म के अनुरूप महाकाली,महालक्ष्मी एवं महासरस्वती क्रमशः शक्ति, स्वर्ण व विद्या की अधिष्ठात्री देवियां हैं। इसीलिए उनका रंग क्रमशः काला, पीला एवं सफेद बताया गया है, जहां तक सार्थक उपासना का प्रश्न है, विद्वानों के मतानुसार शक्ति एवं शक्तिमान की उपासना एक है।

### महादेवी मां दुर्गा: शास्त्रीय परिबोध

मां दुर्गा का प्राचीनतम उल्लेख सर्वप्रथम महाभारत में हुआ है। वनवास अवधि में अज्ञातवास के लिए विराट नगर में प्रवेश के पूर्व युधिष्ठिर ने त्रिभुवन की अधीश्वरी, जगजननी देवी दुर्गा की स्तुति की थी और प्रसन्न देवी ने युधिष्ठिर को प्रत्यक्ष दर्शन एवं वरदान दिया था। कुरुक्षेत्र में महासमर के प्रारंभ के पूर्व भगवान श्रीकृष्ण की प्रेरणा से अर्जुन ने इनकी स्तुति की थी और महादेवी ने अंतरिक्ष में स्थित होकर पार्थ को विजय का वरदान दिया था। (भीष्म पर्व,23/4/19) अर्जुन कृत इस दुर्गा स्तोत्र की महिमा का अंकन भी इसी 23 वें अध्याय के श्लोकों 22-25 में हुआ है। इसी में अन्यत्र कृष्ण भगवान से संबंधित कथा में उनको भगवान शिव की पत्नी उमा बताते हुए उनको वेद, वेदांत, सुचरित्रता आदि सर्वगुण संपन्ना कहा गया है, किंतु यहां वह अन्य संदर्भों की भांति 'कुमारी' नहीं हैं। मार्कण्डेय पुराण के 'देवी महात्म्य' में दुर्गा देवी को ही काली, लक्ष्मी और सरस्वती का अवतार कहा गया है। दुर्गम दुर्ग असुर का वध करने के कारण ही यह "दुर्गा" कहलाईं। उक्त असुर ने भारी तपकर ब्रह्मदेव से वर प्राप्त कर वेदों को चुरा लिया था। फलस्वरूप सभी यज्ञादिकर्म बंद हो गए। पृथ्वी अनावृष्टि और अकाल से त्राहि-त्राहि कर उठी। देवों तथा ऋषियों की करुण पुकार पर देवी ने शताक्षी रूप धारण कर दुर्गम का वधकर वेदों को मुक्त किया।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

दुर्गाजी की प्रतिमा का अंकन शक्ति के प्रतीक के रूप में हुआ है। अत्यंत सुंदरी (या त्रिपुर सुंदरी),परंतु अनंत शक्ति धारिणी सिंह वाहिनी कभी अष्टभुजी तो कहीं दशभुजी तो कहीं अठारह भुजाओं वाली विभिन्न आयुध धारिणी प्रदर्शित हैं। ब्रह्मदेव के ही वरदान से देवताओं, ऋषियों सहित संपूर्ण सृष्टि के लिए घोर उत्पीड़क महिषासुर के वध के लिए आदिशक्ति माता ने महिष का वधकर महिषासुर मर्दिनी का संबोधन प्राप्त किया। त्रिगुणात्मिका, चामुंडा, शाकंभरी, सती, महालक्ष्मी, काली, पार्वती, गौरी, कालिका, मातृका, त्रिपुरा, योगीश्वरी, चर्चिता, छिन्नमस्ता, चंडिका, सिद्ध-अंबिका आदि नामों से इनके विभिन्न स्वरूपों तथा अवतारों का विस्तृत विवरण यत्र-तत्र उपलब्ध है।

## वर्ग पहेली-208

**बाएं से दाएं**

4.1. रमणीय, सुंदर, मनोहर 2. मोहक, प्रिय 3. सुखद, रुचिकर।

6.1. शरीर या मन की स्थिति, मिज़ाज 2. चित्त, मन, जी, हृदय 3. स्वास्थ्य, सेहत 4. मनोवृत्ति, भावना, करवाचौथ

8.1. रहने की क्रिया, भाव या ढंग 2. सुख एवं शांतिपूर्वक रहने की अवस्था या भाव 3. आराम, सुख, चैन।

**ऊपर से नीचे**

1.1. एक फली जो सब्ज़ी या अचार बनाने के काम आती है, लोबिया 2. अजगर।

2.1. जो वंचित किया गया हो, अलग किया गया, रहित 2. छला गया, ठगा गया।

3. नामवाला, ख्यातिप्राप्त, सुप्रसिद्ध, नामवर।

5. विश्वास, भरोसा।

7.1. किसी को छल से किसी मंडली



### वर्ग पहेली -207 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ज | ■ | 2 दु | कू | ल |
| ■ | मो | ■ | वि | ■ | ■ |
| 3 यु | ग | वि | धा | यी | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ही | ■ | ■ |
| ■ | 4 ल | ख | न | 5 वी | ■ |
| ■ | ड़ | ■ | ■ | थी | ■ |
| 6 वि | ना | य | क | ■ | ■ |

## सुडोकू -121

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 7 | | 2 | 5 |
| 4 | | 2 | | 3 | | | | |
| 6 | | 5 | | | 2 | 1 | | 7 |
| | | | 4 | 2 | | | 7 | |
| | | 9 | | | | 5 | | |
| | 3 | | | 1 | 8 | | | |
| 5 | | 1 | 9 | | | 7 | | 3 |
| | | | | 5 | | 2 | | 8 |
| 7 | 8 | | 2 | 6 | | | | |

### सुडोकू - 120 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 5 | 8 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 9 | 4 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 2 |
| 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 1 | 5 | 4 | 9 | 6 | 8 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 8 | 3 | 4 | 9 | 6 |
| 9 | 6 | 8 | 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 अक्टूबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 21.39 तक तत्पश्चात अमावस्या।

**मेष** – आज घर का वातावरण काफी सुखद रहने वाला है। घर के बुजुर्गों से सहयोग मिलेगा। धार्मिक स्थल में जाने का विचार बनेगा। जीवनसाथी को आप उपहार दे सकते हैं। संतान के व्यवहार से आपका मन गदगद हो जाएगा।

**वृष** – आज आपका मन अशांत हो सकता है। सिरदर्द और माइग्रेन के रोगियों के लिए दिन शुभ नहीं है। किसी वाहन में खराबी आने की आशंका है। दूसरों की नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। बुरे विचार आपको परेशान कर सकते हैं।

**मिथुन** – आज आपको प्रेमी जन से बड़ा उपहार मिल सकता है। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर एकाग्र रहेंगे। व्यवसाय में मित्रों का सहयोग ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप किसी महत्वपूर्ण कार्य में फंसे रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे।

**कर्क** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कुछ लोग आपके काम को लेकर टोका-टाकी कर सकते हैं। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में दुविधापूर्ण स्थितियां निर्मित हो सकती हैं। पारिवारिक जीवन बहुत ही सुखदायक रहने वाला है।

**सिंह** – आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। बड़े प्रोजेक्ट्स में आप निवेश कर सकते हैं। विपरीत लिंग के लोगों के प्रति आकर्षित रहेंगे। आपकी कोई पुरानी इच्छा पूरी हो सकती है। युवा अपने करियर को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

**कन्या** – आज शत्रु आपको नुकसान पहुंचाना चाहेंगे। आंखों में थोड़ी परेशानी हो सकती है। परिवार जनों के साथ आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिये। आपका मनोबल थोड़ा कमजोर हो सकता है। असंयमित भोजन के कारण आपका स्वास्थ्य खराब रहेगा।

**तुला** – आज आपके जनसंपर्क में वृद्धि होगी। आपकी कार्यप्रणाली में सुधार होगा। पैतृक कारोबार में धन लाभ होगा। विदेशी भूमि से आपको धन लाभ मिल सकता है। व्यापार में नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। परिवार का वातावरण सुखद रहेगा।

**वृश्चिक** – आज नया रोजगार शुरू कर सकते हैं। शेयर मार्केट में किया गया पूर्व निवेश से लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य कुछ कमजोर रहेगा। कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिलने की संभावना बन रही है। लोग स्वार्थवश आपसे संपर्क में रहना चाहेंगे।

**धनु** – आज बच्चों की शिक्षा को लेकर आप काफी ध्यान देंगे। दांपत्य संबंध काफी प्रगाढ़ रहने वाले हैं। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी। आपके कार्य अपेक्षाकृत देरी से पूरे होंगे। आपकी उपलब्धियों से आपके सीनियर्स काफी प्रसन्न रहेंगे।

**मकर** – आज अनजान लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। वर्तमान वातावरण को लेकर आपको अपना ध्यान रखना चाहिए। भारी उद्योग से जुड़े लोगों को मशीनरी संबंधी समस्या हो सकती है। आपको काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। किसी भी काम में ज्यादा मन नहीं लगा पाएंगे।

**कुंभ** – आज प्रेम संबंधों को लेकर दिन बेहद शुभ है। मन में परोपकार की भावना रहेगी। लंबी दूरी की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। अपनी बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग कर पाएंगे। आलस्य से आपको बचना चाहिए।

**मीन** – आज सरकारी कार्यों के लिए दिन बहुत शुभ है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। लोग आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे। साझेदारी वाले व्यापार में आपको धन लाभ होगा। अति महत्वपूर्ण कार्यों को आप समय पर पूरा करेंगे।

## आज का पंचांग

शु. 7 8 बु. चं. 5 4 के. सू. 6 9 3 मं. 12 रा. 10 2 गु. श. 11 1

**दिशाशूल**–उत्तर। **ऋतु**–शरद।
चन्द्रबल– मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र–पूर्वाफाल्गुनी 09.16 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

जय लव कुश – सुबह : 09.15
राम लखन – रात : 07.11
मिशन कश्मीर – सुबह : 11.00
एन एक्शन हीरो – रात : 09.00
रैमपेज – दोपहर : 12.01
एंजेल हैज फॉलेन – रात : 09.00
खूंखार – सुबह : 11.06
सिरीवेन्नेला – शाम : 05.44
वर्दी – सुबह : 11.24
गुमराह – रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात : 09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बिल्ली– तुम्हारी उम्र क्या है?
हाथी –पांच साल
बिल्ली–लेकिन तुम तो बड़े दिखते हो!
हाथी–आई एम ए कॉम्प्लान बॉय और तुम्हारी उम्र क्या है?
बिल्ली– 25 साल
हाथी– लेकिन तुम तो बहुत छोटी दिखती हो कैसे?
बिल्ली– झंडू केसरी जीवन,बढ़ती उम्र मानों थम सी जाए।

बीवी बादाम खा रही थी।
पति बोला– मुझे भी टेस्ट कराओ
बीवी ने एक बादाम दे दिया।
पति– बस एक
बीवी– हां, बाकी सबका भी ऐसा ही टेस्ट है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अज्ञः सुखमाराध्यः सुखतरमाराध्यते विशेषज्ञः।
ज्ञानलवदुर्विदग्धं ब्रह्माऽपि नरं न रञ्जयति।।

अज्ञानी व्यक्ति सरलता से प्रसन्न हो जाता है, विद्वान व्यक्ति और भी सरलता से प्रसन्न हो जाता है, किंतु अल्प ज्ञान से उन्मत बने हुए व्यक्ति को ब्रह्मा भी प्रसन्न नहीं कर सकते।

## संपादकीय

# रक्षा निर्यात में बढ़त की ओर

भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही सात ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। प्रमुख रक्षा आपूर्तिकर्ता बनने के लक्ष्य के चलते भारत के रक्षा निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और यह वैश्विक स्तर पर बढ़त की ओर है। भारत अब शीर्ष 25 आयुध निर्यातक देशों में शामिल है, जो लगभग 85 देशों को रक्षा उत्पाद आपूर्ति करता है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के मुकाबले 32.5 प्रतिशत ज्यादा है। भारत का रक्षा निर्यात बढ़ने के कारणों में वैश्विक संघर्ष जैसे रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास संघर्ष भी शामिल है। भारत की एक अग्रणी रक्षा आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरने की महत्वाकांक्षा निर्णायक कार्रवाई और रणनीतिक फोकस की मांग करती है। इसलिए भारत ने रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। देश में उन्नत स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का विकास हो रहा है, जो वैश्विक बाजार में आकर्षक हैं। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन इस प्रयास में सबसे आगे रहा है। विश्व स्तरीय रक्षा उत्पादक के रूप में स्थिति को मज़बूत करने के लिए, भारत को सैन्य-श्रेणी के यूएवी, उन्नत मिसाइल रक्षा प्रणाली और अत्याधुनिक साइबर रक्षा तकनीकों जैसे क्षेत्रों में अपनी उत्पादन क्षमताओं का विस्तार करना चाहिए। इसके अलावा अपने उत्पादन पोर्टफोलियो में उन्नत समुद्री टोही विमान, पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रणाली और व्यापक निगरानी बुनियादी ढांचे को एकीकृत करना आवश्यक है। भारत ने 53 से अधिक देशों के साथ रक्षा सहयोग समझौते किए हैं, जिससे भारतीय रक्षा उत्पादों के लिए नए बाज़ार खुल रहे हैं। इस बीच भारत ने अमेरिका, रूस, फ्रांस और इजराइल सहित प्रमुख वैश्विक शक्तियों के साथ अपनी रक्षा साझेदारी को मजबूत किया है।

इन रणनीतिक गठबंधनों से न केवल भारत की वैश्विक खिलाड़ी के रूप में स्थिति मजबूत होगी, बल्कि वैश्विक रक्षा बाजार में उसे एक स्थायी प्रतिस्पर्धी बढ़त भी मिलेगी। इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए भारत को अपनी निर्यात क्षमताओं को बढ़ाना होगा, प्रमुख बाजारों को लक्षित करना होगा और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ तालमेल बिठाना होगा। वैश्विक आयुध बाजार में प्रभावी रूप से प्रतिस्पर्द्धा करने के लिए भारत को विशेष रूप से रक्षा निर्यात के लिए एक व्यापक निर्यात वित्तपोषण प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता है। भारत के रक्षा निर्यात में निजी क्षेत्र का 60 प्रतिशत और डीपीएसयू का 40 प्रतिशत योगदान है। इसलिए सफलता एक स्थायी नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर निर्भर करेगी जो ठोस परिणाम उत्पन्न करे। भारत-इजरायल के सफल समयोजन कार्यक्रम से प्रेरणा ले सकता है, जिसने इसके रक्षा औद्योगिक आधार और निर्यात क्षमताओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# रेवड़ी- संस्कृतिः जरा संभल के



प्रमोद कुमार गुप्ता
ग्रुप कैप्टन, भारतीय वायु सेना (वेटरन)

यदि हम शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य मूलभूत सुविधाओं को छोड़ भी दें, क्योंकि यह उपलब्ध कराना सरकारों का नैतिक दायित्व है तो भी इन चुनावी रेवड़ियों का वित्तीय बोझ देश की आर्थिक रीढ़ को कमजोर करने के लिए पर्याप्त है।




राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में विरोधियों को पीछे छोड़ने की होड़ में हम लोक–लुभावन घोषणाएं तो कर देते हैं,परंतु यह भूल जाते हैं कि यह आर्थिक तुष्टीकरण हमें कहीं आर्थिक इमरजेंसी या दिवालियापन की ओर तो नहीं ले जा रहा है। हमें वेनेजुएला, अर्जेंटीना, ब्राजील या श्रीलंका की स्थितियों को नहीं भूलना चाहिए और न ही देश के अंदर हिमाचल प्रदेश के हालातों को नजरअंदाज करना चाहिए, जहां विकास कार्य तो छोड़िए, रोजमर्रा के सरकारी खर्च के लिए, कर्मचारियों को वेतन देने तक के पैसे नहीं हैं।

भारत की दलगत राजनीतिक व्यवस्था में धर्म, जाति व पंथ की भूमिका हमेशा से रही है और संभवतः भविष्य में भी रहेगी। संख्याबल, धनबल, बाहुबल का अपना अलग ही स्थान है। विशुद्ध वैचारिक, आस्थावादी राजनीति अब दूर की कौड़ी है, जिसका प्रमाण आए दिन होने वाला दलबदल है। पिछले कुछ वर्षों से ऐसा लग रहा है कि राजनीतिक पार्टियों को अपने "सरवाइवल" के लिए अब किसी अन्य हथियार की आवश्यकता है और आम भाषा में इस हथियार को हम चुनावी रेवड़ियां कहे सकते हैं।

समय के साथ-साथ जनता भी इन रेवड़ियों (कुछ लोग इसे मुफ्तखोरी की संज्ञा भी देते हैं) की इतनी आदी हो गई है कि सभी राजनीतिक दल इस 'विधा' को 'संकल्प-पत्र' की तरह अपनाते जा रहे हैं और यह किसी एक राज्य में नहीं, बल्कि पूरे देश में कारगर भी सिद्ध हो रहा है। मजे की बात यह है कि इन रेवड़ियों की मिठास भी चुनाव दर चुनाव बढ़ती जा रही है। अब सिर्फ साड़ी, सैंडल, मंगलसूत्र या श्रृंगार के सामान से काम नहीं चलता और न ही स्कूटी, साइकिल, टीवी या लैपटॉप से। अब तो जनता को मुफ्त बिजली-पानी, मुफ्त यातायात, अलग-अलग तरह की पेंशन, अनुदान, ब्याज-मुक्त लोन, सब्सिडी, मुफ्त आवास इत्यादि की आदत सी पड़ गई है। हाल में एक प्रदेश में बात मुफ्त आवासीय प्लॉटो तक पहुंच गई। इन मुफ्त की रेवड़ियों का आकर्षण अब जनता के लिए अधिकार समान है और राजनीतिक दलों के लिए चुनावी रेस जीतने का जरिया। शब्द कठोर है पर कहना गलत न होगा कि जनता के मुंह मुफ्तखोरी का खून लग चुका है और अब "वर्क एंड अर्न" वाली संस्कृति जनता के उस वर्ग में खत्म होती जा रही है,जो इन मुफ्त रेवड़ियों के असली लाभार्थी है।

यदि हम शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य मूलभूत सुविधाओं को छोड़ भी दें, क्योंकि यह उपलब्ध कराना सरकारों का नैतिक दायित्व है तो भी इन चुनावी रेवड़ियों का वित्तीय बोझ देश की आर्थिक रीढ़ को कमजोर करने के लिए पर्याप्त है। इस बात से किसी भी दल को सरोकार नहीं कि देश के टैक्स पेयर का पैसा देश के संस्थागत ढांचे के लिए ही उपयोग होना चाहिए, न कि किसी राजनैतिक दल या कुनबे की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए। बिना भेदभाव के जनता की वाजिब आकांक्षाओं व अपेक्षाओं को पूरा करना सरकार की जिम्मेदारी तो है, परंतु मनमाने ढंग से टैक्स पेयर के पैसे का असंवैधानिक या असंस्थागत तरीके से व्यय तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता। ऐसे तौर तरीकों से न सिर्फ अकर्मण्यता को बढ़ावा मिलता है, बल्कि संस्थागत आर्थिक ढांचा कमजोर भी होता है,जिसके दुष्परिणाम हमें या हमारी आने वाली पीढ़ी को भुगतने ही होंगे। वोट की राजनीति के चलते "अतिशय कल्याणवाद" को आधार बनाना वास्तविकता में वंचितों की भावनाओं से खिलवाड़ करने जैसा है।

राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में विरोधियों को पीछे छोड़ने की होड़ में हम लोक-लुभावन घोषणाएं तो कर देते हैं,परंतु यह भूल जाते हैं कि यह आर्थिक तुष्टीकरण हमें कहीं आर्थिक इमरजेंसी या दिवालियापन की ओर तो नहीं ले जा रहा है। हमें वेनेजुएला, अर्जेंटीना, ब्राजील या श्रीलंका की स्थितियों को नहीं भूलना चाहिए और न ही देश के अंदर हिमाचल प्रदेश के हालातों को नजरअंदाज करना चाहिए, जहां विकास कार्य तो छोड़िए,रोजमर्रा के सरकारी खर्च के लिए, कर्मचारियों को वेतन देने तक के पैसे नहीं हैं। अब हरियाणा भी हिमाचल की राह पर चलता दिख रहा है। पूरे राजनीतिक तंत्र को स्मरण रखना होगा कि सामाजिक न्याय या उत्थान मुफ्त की रेवड़ियों से न होकर संस्थागत-बुनियादी ढांचे, दूरगामी परियोजनाओं, उच्च तकनीकी शिक्षा, रिसर्च एंड स्किल डेवलपमेंट व व्यावहारिक आर्थिक प्रबंधन से होता है। यदि हम इस वास्तविकता को नजरअंदाज करते रहे तो वह दिन दूर नहीं जब मूलभूत विकास के कार्य सुस्त पड़ जाएंगे, सरकारी खजाना खाली होगा, योजनाएं समय से पूरी न हो सकेंगी और फिर जनता का आक्रोश बढ़ेगा। उस स्थिति में चुनावी रेवड़ियों बांटने का उद्देश्य भी अधूरा रह जाएगा। अतः यह आवश्यक है कि वंचितों के नाम पर टैक्सपेयर का शोषण बंद हो। शुक्र है कि मुफ्त चुनावी रेवड़ियों के विरोध में कुछ प्रशासनिक और विधिक संस्थाओं के स्वर उभरने लगे हैं।

कुछ बुनियादी संस्थागत सुविधाओं को छोड़कर भारत का टैक्स पेयर अब किसी भी अनर्गल चुनावी घोषणा का व्यय उठाने के मूड में नहीं है,क्योंकि इस प्रकार की घोषणाओं से कोई भी स्थाई रूप से सक्षम नहीं हो सकता। अब थोड़ी सी बात शुद्ध आर्थिक परिप्रेक्ष्य में भी कर लेते हैं। हमारा सपना 2030 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (पांच ट्रिलियन डॉलर) बनने का है,जिसके लिए हम प्रयत्नशील भी हैं। युवा आबादी,आर्थिक और राजनैतिक स्थायित्व, जीवंत लोकतंत्र, भारत की वैश्विक छवि, हमारी तकनीकी क्षमताएं और निवेश का सही वातावरण हमारे पक्ष में हैं। यदि कुछ पक्ष में नहीं है तो वह समग्रता में भारत का आर्थिक प्रबंधन। विदेशी कर्ज का बोझ, (670 बिलिन डॉलर), आयात-निर्यात का अंतर / राजकोषीय घाटा, अपेक्षा से कम जीडीपी ग्रोथ (6.8 प्रतिशत) व ऊर्जा क्षेत्र में अस्थिरता आदि हमारी कमजोरियां हैं। यदि पूरे देश में सभी दलों द्वारा किए गए चुनावी वादों का आर्थिक संकलन किया जाए तो इसका गहरा असर न सिर्फ सरकारी खजाने पर होगा, बल्कि अन्य वित्तीय संस्थानों को भी भारी घाटा झेलना होगा।

हम आवश्यक नियोजित व्यय जैसे कि वेतन आदि को तो कम नहीं कर सकते, परंतु धन की कमी स्वाभाविक रूप से विकास कार्यों की गति को धीमा कर सकती है। ऐसी स्थिति में सरकारें अधिक कर्ज लेंगी, हर वस्तु के दाम बढ़ेंगे, सुविधाएं महंगी होंगी, प्रोजेक्ट्स अधूरे रहेंगे, योजनाएं समय से पूरी नहीं होंगी,जिससे जनता में असंतोष बढ़ेगा। आज जो धन हमारी राजनीतिक पार्टियां और सरकारें चुनावों में जीत के लिए बांट रही हैं। यदि यही धन देश की दूरगामी प्रगतिशील योजनाओं में लगा दिया जाए तो यह एक वरदान सिद्ध हो सकता है। 'मेक इन इंडिया' ऐसी ही एक योजना है। इसके अतिरिक्त उच्च तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ, स्पेस व एड्वान्स टेक्नॉलजी आदि के क्षेत्र में कई ऐसे प्रोजेक्ट है, जिनमें धन की अधिक आवश्यकता है और यदि "फ्री-वीज" के रूप में बांटे जाने वाला यह पैसा डाइवर्ट कर दिया जाए तो संबंधित योजनाएं अधिक गतिशील होकर हमारी वर्तमान आर्थिक कमजोरियां को दूर कर सकती हैं। वर्तमान सरकार की एक साथ चुनाव कराने की मंशा भी स्वागत योग्य है, जिससे न सिर्फ सरकारी खर्च बचेगा, बल्कि किसी हद तक चुनावी वायदों पर रोक लगेगी। समय है कि हम अपनी राजनीतिक सोच व आर्थिक व्यवस्थाओं में परिवर्तन लाएं और मुफ्तखोरी के व्यसन से बाहर निकलें,यह आदत आर्थिक दुर्बलता के साथ-साथ नकारात्मक प्रवृत्ति को भी जन्म दे रही है।

## प्रसंगवश

# लोकतंत्र का मंगलाचरण

यह बात ध्यान देने की है कि संसार में फोकलोर और लोकतंत्र के विचार का जन्म एक साथ ही हुआ था और उसकी पृष्ठभूमि में थी फ्रांस की राज्यक्रांति (1789 से 1799)। यही वह समय था, जब रोटी मांग रही भीड़ के प्रति फ्रांस की साम्राज्ञी, 'मेरी आन्तोन' ने कहा था कि - रोटी नहीं है तो ये लोग केक क्यों नहीं खा लेते?



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

फ्रांस के अयोग्य शासक, सामंतों और कुलीन वर्ग को प्राप्त विशेषाधिकारों के प्रति लोगों में आक्रोश था और मध्यम वर्ग में मॉन्टेस्क्यू, वाल्टेयर और रूसो के विचारों से बौद्धिक जागरण हो रहा था। मॉन्टेस्क्यू फ्रांस का एक राजनैतिक विचारक और न्यायविद था। 1748 ई. में उसने कानून की आत्मा नामक पुस्तक का प्रकाशन किया। इसमें उसने फ्रांस के राजाओं के दैवी अधिकार के सिद्धांत की कटु आलोचना की। उसने वैधानिक शासन, शक्ति-पार्थक्य के सिद्धांत तथा व्यक्तिगत स्वतंत्रता का प्रतिपादन किया। उसका विचार था कि निरंकुश शासन को समाप्त करने के लिए शासन के तीनों अंगों कार्यपालिका, व्यवस्थापिका और न्यायपालिका के क्षेत्रों को पृथक-पृथक करना आवश्यक है। वॉल्टेयर की रचनाओं से फ्रांस में राज्य क्रांति का जन्म हुआ माना जाता है। उस समय देश में धर्म के नाम पर पादरियों की मनमानी चल रही थी। वॉल्टेयर ने इन लोगों के खिलाफ खुलकर कलम चलाई। वॉल्टेयर को जेल जाना पड़ा। जब उसे शासक के सामने लाया गया,तब उसने शासन को उसकी जिम्मेदारी का अहसास दिलाया। तब शासक ने कहा कि सच्चा लेखक वही है,जो शासक के मुंह पर भी सच बोलने से न डरे।'

रूसो महान दार्शनिक था। उसने बतलाया कि गरीबी पूर्वजन्म के कर्मों का फल नहीं है। रूसो के अनुसार राज्य की सामूहिक चेतना ही व्यक्ति की नैतिकता और स्वतंत्रता का स्रोत है। रूसो के विचारों ने फ्रांस की राज्यक्रांति की पृष्ठभूमि तैयार किया। उसका विश्वास था कि सर्वोपरि सत्ता जनता के हाथ में होनी चाहिए फ्रांसीसी क्रांति ने लोकतंत्र के विचार को बढ़ावा दिया। यह सिद्धांत प्रतिष्ठित हुआ कि राष्ट्र सामंत से नहीं बनता,जन साधारण या लोक से बनता है।

# श्रीलंका में राजनीतिक बदलाव से चिंताएं

श्रीलंका में हालिया राजनीतिक बदलावों का भारत पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा, जिससे क्षेत्रीय स्थिरता एवं सुरक्षा पर असर पड़ेगा। चूंकि भारत एक प्रमुख क्षेत्रीय शक्ति है, इसलिए उसे इन उभरती गतिशीलता के अनुकूल होने एवं अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अपनी राजनयिक रणनीति का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए।



प्रियंका सौरभ
स्तंभकार, हिसार

भारत को श्रीलंका के प्रति अपने कूटनीतिक दृष्टिकोण में सक्रिय कदम उठाने चाहिए। साथ ही श्रीलंका की अर्थव्यवस्था का समर्थन जारी रखना चाहिए।

इससे पहले, कोलंबो में दक्षिणपंथी सरकारों ने बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश के बदले में चीन की ओर झुकाव की कोशिशें की। ये उनके लिए गले की फांस बन गईं। इनमें से अधिकांश कर्ज के जाल में फंस गए। नतीजा श्रीलंका के लिए विनाशकारी था और इस प्रक्रिया ने भारत के सुरक्षा हितों को गंभीर रूप से खतरे में डाल दिया। अब सवाल और भी गंभीर हो गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि एक मार्क्सवादी समर्थक पार्टी श्रीलंका की सत्ता में काबिज है। ऐसे में भारत को सतर्क रहना चाहिए और इस बढ़ते चीनी प्रभाव को संतुलित करने के लिए क्षेत्र में अपनी रणनीतियों का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए। साथ ही यह भी देखना चाहिए कि जेवीपी (जनता विक्मुथी पेरामुना) श्रीलंका में किस तरह का शासन और अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन लाएगा।

नेशनल पीपुल्स पावर का उदय आईएमएफ के चल रहे बेलआउट कार्यक्रमों और श्रीलंका में प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय निवेशों को खतरे में डाल सकता है, जिससे क्षेत्र में अस्थिरता उत्पन्न हो सकती है। आज दिसानायके के नेतृत्व में जेवीपी का पुनरुत्थान महज एक राजनीतिक जीत नहीं है, यह उस अंधराष्ट्रवादी चरित्र की वापसी का संकेत है,जिसने कभी श्रीलंका की एकता को खतरा पैदा किया था। जेवीपी के उदय का सबसे चिंताजनक पहलू चीन की भू-राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के साथ इसका संभावित तालमेल है। श्रीलंका लंबे समय से चीन की 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति का हिस्सा रहा है। चीन समर्थित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और राजनीतिक साझेदारियों की एक श्रृंखला,जिसका उद्देश्य भारत को घेरना और हिंद महासागर में अपने समुद्री प्रभुत्व को सुरक्षित करना है। श्रीलंका में आंतरिक राजनीतिक परिवर्तनों के कारण उत्पन्न अस्थिरता फैल सकती है, जिससे भारत के लिए महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों सहित क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

यदि श्रीलंका को राजनीतिक अस्थिरता का सामना करना पड़ता है तो इससे हिंद महासागर में सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है,जो भारत के व्यापार एवं रणनीतिक हितों के लिए महत्वपूर्ण है। दिसानायके की नीतियां श्रीलंकाई तमिल समुदाय एवं उनके अधिकारों की वकालत करने में भारत की भूमिका को प्रभावित कर सकती है, जिससे तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो सकती है। तमिल अधिकारों पर कोई भी वापसी और जातीय कट्टरता की वापसी भारतीय नीति निर्माताओं को अच्छी नहीं लगेगी। ऐसा परिदृश्य भारत और श्रीलंका के बीच, विशेष रूप से दक्षिणी राज्यों में तनाव को बढ़ा सकता है। मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में चीन के बढ़ते प्रभाव के कारण इस क्षेत्र में भारत की स्थिति पहले ही कमजोर हो चुकी है। हिंद महासागर में चीनी शक्ति का प्रतिकार करने के भारत के प्रयासों में श्रीलंका एक महत्वपूर्ण चौकी रहा है। जेवीपी की जीत और चीन की ओर उसका संभावित झुकाव इन प्रयासों को गंभीर रूप से कमजोर कर देगा, जिससे भूटान दक्षिण एशिया के उन कुछ बचे हुए देशों में से एक रह जाएगा,जहां भारत अभी भी चीन पर रणनीतिक बढ़त रखता है।

भारत को श्रीलंका के प्रति अपने कूटनीतिक दृष्टिकोण में सक्रिय कदम उठाने चाहिए। साथ ही श्रीलंका की अर्थव्यवस्था का समर्थन जारी रखना चाहिए,यह सुनिश्चित करते हुए कि बुनियादी ढांचे के विकास जैसी परियोजनाओं से दोनों देशों को लाभ होगा एवं क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। भारत श्रीलंकाई युवाओं के लिए छात्र छात्रवृत्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बढ़ा सकता है, जिससे युवा पीढ़ी के साथ मजबूत संबंध बन सकते हैं।

भारत को श्रीलंका में चीनी निवेशों पर बारीकी से नज़र रखनी चाहिए एवं उन्हें रणनीतिक भारतीय निवेशों के साथ संतुलित करना चाहिए। बंदरगाहों एवं हवाई अड्डों जैसे महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में भारतीय निवेश बढ़ाने से यह सुनिश्चित होगा कि भारत अपना प्रभाव बनाए रखेगा। क्षेत्रीय स्थिरता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत को एक बहुआयामी राजनयिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए,जो आर्थिक सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा तथा सांस्कृतिक जुड़ाव को प्राथमिकता दे। इन पहलुओं पर सक्रिय रूप से ध्यान देकर, भारत बढ़ते बाह्य दबावों के समक्ष अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए श्रीलंका में अपना प्रभाव मजबूत कर सकता है।

## सोशल फोरम

# डर और लिहाज में अंतर

लोग डर और लिहाज में अंतर नहीं समझते। कितनी ही बार वह लिहाज को डर का नाम दे देते हैं। डर इस दुनिया की हर शै में है,जबकि लिहाज सिर्फ इंसान में मिलता है। इसलिए बहुत बार इंसान ही,जिसने कभी लिहाज समझा ही न हो,उसे यह डर जैसा ही लगेगा।



हफीज किदवई
लेखक

मेरे वालिद और उनके भाई, यानी मेरे चचाजान वगैरह। जब कभी हम दोस्तों के साथ तफरीह करने निकलते, तो हम कहते यार उधर नहीं जाएंगे। उधर चचाजान बैठे होंगे। दोस्त कहते कि चचाजान से इतना डरते हो और हम चुप हो जाते। कैसे बताते यह डर नही है,यह लिहाज है,जो हमें एक तहजीब के साथ मिला है। चचाजान ने तो कभी ऊंची आवाज में बात तक नहीं की,तो डर क्यों होगा? और हम भी क्या गलत करने निकल रहे हैं, जो डर लगेगा। आज भी यह होता है कि बहुत से लोगों की बातें नागवार गुजरती हैं, मगर एक तहजीब है,जो कहती है कि लिहाज का दामन मत छोड़ो। कुछ लोग कहते हैं कि हम डर गए। वह यह नहीं जानते कि जिन आंखों में तहजीब बैठती है,वह आंखें बड़ी निडर होती हैं। डरते तो हम दुनिया में किसी से नहीं है,मगर अपनी तहजीब की बड़ी इज्जत करते हैं। यह हमारी रिवायत है कि तहजीब को न छोड़े।

मेरी नानी अम्मी कहती थीं कि बड़ों को गलती करने पर यह मत कहो कि आप गलत हैं या आप झूठे हैं। उनसे कहो कि ठीक है,मगर यह बात सही है। उन्हें करेक्ट तो करो,मगर लिहाज से,तब कम समझ आता था। अब सब समझ आता है। कहते हैं कि बढ़ता वक्त तजुर्बे को पैदा करता है और तजुर्बा दो चीजों में फर्क को साफ और सही देखने की कुव्वत देता है। अब समझ आता है कि डर और लिहाज में कितना बड़ा अंतर है। हम तो अपने दुश्मन का भी लिहाज करते हैं,मगर उसे पता है कि इन आंखों में उसके लिए खौफ कभी पैदा नहीं हो सकता है। इतना ही कहना है कि लिहाज और डर में अंतर सीखिए। लिहाज़ कीजिए और निडर बनिए...

-फेसबुक वॉल से

# नदियों को लीलता विकास

नदियां किसी भी राष्ट्र की धमनियां होती हैं,जिनसे जलराशि का निरंतर प्रवाह कृषि क्षेत्र के साथ-साथ भूगर्भ के जल स्तर को भी बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। प्राचीन काल में परिवहन के सर्वाधिक सुगम साधन होने के कारण जहां सभी प्रमुख सभ्यताओं के उदय इन्हीं नदियों के किनारे हुआ वहीं व्यापारिक दृष्टिकोण से प्राचीन काल से अब तक नगरों का विकास भी नदियों के दहाने पर ही हुआ है, जिसकी गवाही आज भी भारत ही नहीं अपितु विश्व के सभी नगर स्वयं ही हैं।

यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि मानवता को पालने-पोसने से लेकर उसके संवर्धन तक में नदियों का महत्वपूर्ण स्थान रहा है, जिनके बगैर समृद्ध राष्ट्र की संकल्पना और मानवता का अस्तित्व संभव ही नहीं है। यही नदियां ही स्वयं के अस्तित्व को लेकर संकट में हों तो मानवता कैसे प्रमुदित तथा प्रफुल्लित रह सकती है, यह विचारणीय प्रश्न है। आखिर बाढ़ की विभीषिका से जूझते नगर, कस्बों और गांवों की दुर्दशा के वास्तविक कारण क्या हैं? वस्तुतः हमारे देश में प्राचीन काल से ही नदियों को देवी स्वरूपा मानते हुए उनकी रक्षा करने का विधान है, लेकिन आज के विलासितापूर्ण जीवन जीने वाले विस्तारवादी मानव ने जहां अपने संस्कारों को तिलांजलि देकर महज अपनी इच्छाओं की पूर्ति तक स्वयं को सीमित कर लिया है। वहीं उसे अपने भी अस्तित्व के साथ-साथ नदियों के भी सहअस्तित्व



डॉ. उदयराज मिश्र
अंबेडकर नगर

वस्तुत: बाढ़ की विभीषिका एक नैसर्गिक आपदा भले मानी जाती हो, किंतु दिनों-दिन यह मानवजन्य भी होती जा रही है।

का लेशमात्र ध्यान नहीं रहा है। यही कारण है कि विकास के थोथे दंभ के चलते मनमाने खनन, अवैध निर्माण और नदियों के किनारों तक बहुमंजिली इमारतों का निर्माण करते हुए नदियों के सतत प्रवाहन के मार्ग को भी परिवर्तित करने के साथ-साथ अवरुद्ध तक करने का कुत्सित प्रयास जारी है। यही कारण है कि पौराणिक काल में बहने वाली अनेक नदियों का नामोनिशान तक मिट चुका है या फिर पुस्तकों में छपकर रह गया है।

हालात यह हैं कि अब बाढ़ जैसी विभीषिका कछारों को छोड़ नगरों और कस्बों तक आने लगी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गत वर्ष लाल किले तक यमुना का जलप्रलय कदाचित आधुनिकता की अंधी दौड़ में पगलाए इंसानों की लिप्सा का ही प्रतिफल रहा, जिसके चलते महीनों तक दिल्ली हकलान रही और हालात बद से बदतर हो गए थे। कमोवेश ऐसे ही हालात हिमाचल, उत्तराखंड और बिहार में भी दृष्टिगोचर होते रहते हैं,जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता। महज एक दिन की भारी बरसात में विकास की पोल खोलती नदियों का जलस्तर आज विस्तारवादी मनुष्यों को उनकी करनी का दंड दे रहा है, जिसके साथ निरीह आम जनता भी दंड पा रही है। कदाचित प्रकृति का यह दंड नदियों के अस्तित्व के दृष्टिकोण से उचित भी है और स्वागत योग्य भी है। आखिर खनन माफियाओं,अवैध भवन निर्माताओं और राजमार्गों का निर्माण करने वाली कंपनियों की आंख भी खोलनी आवश्यक थी। जिन पर शासन और प्रशासन की कृपादृष्टि के चलते नदियां स्वयं पथहीन हो आज अस्तित्व तलाशने को विवश हैं।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में आजमगढ़, अंबेडकर नगर, बलिया, गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या, सुल्तानपुर, मऊ, गाजीपुर आदि ऐसे शहर हैं, जहां छोटी-मोटी नदियों की तली तक बने मकान इस नदियों के मार्ग अवरुद्ध करते हैं। यही कारण है कि वर्ष 2021 में आजमगढ़ में भंवरनाथ से लेकर हरवंशपुर, पल्हनी, कोलघाट आदि क्षेत्रों में व्यापक तबाही देखी गई थी। यहां पर नदी क्षेत्र में बने मकान इस बात की गवाही देते हैं कि नदी तो अपने मार्ग पर है,किंतु ये मकान ही अवैध हैं,जिनका कि डूबना और गिर जाना ही श्रेयस्कर है। कदाचित यही हालत अंबेडकर नगर के अकबरपुर की भी है। यहां तमसा जैसी पौराणिक काल की नदी का अतिक्रमण का शिकार है। भूमाफियाओं ने नदी की तलहटी तक जमीनों का सौदा करते हुए बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी कर दी हैं, जिससे नदी का प्रवाह अवरुद्ध होने से पानी बाढ़ के रूप में नगर की सड़कों पर पिछले वर्ष महीनों तक बहता रहा था।

वस्तुतः बाढ़ की विभीषिका एक नैसर्गिक आपदा भले मानी जाती हो, किंतु दिनों-दिन यह मानव जन्य भी होती जा रही है। जब तक नदियों का स्वतंत्र प्रवाह जारी नहीं होगा, ऐसी आपदाएं साल हर साल आती रहेंगी। अतएव अच्छा यही होगा कि अब से ही सही सभी भवनों को गिराते हुए नदियों को पुनर्जीवित किया जाए, जिससे बहते हुए पानी को एक क्षेत्र विशेष में रुकने का अवसर न मिले अन्यथा विस्तारवादी मानव का भी अस्तित्व स्वयं के चलते संकट में बना रहेगा। देखा जाए तो जलप्लावन के अनेक उत्तरदायी कारक हैं, जिनमें प्रदूषण, वृक्षों की कटान, जलवायु परिवर्तन और सतत होने वाले खनन प्रमुख हैं। इन सबसे भी अधिक उत्तरदायी कोई कारक अगर है तो मनुष्य द्वारा नदियों के मार्गों में अतिक्रमण, यह चाहे नए-नए बांधों के रूप में हो या फिर भूमाफियाओं की कुत्सित क्रियाओं का प्रतिफल हो, जो भी हो इसके लिए प्रकृति से अधिक मानव स्वयं में जिम्मेदार है।

लिहाजा बाढ़ की विकराल आपदा से निजात हेतु नदियों से नहरों का निकास और जलमार्गों का अबाध प्रवाह अत्यावश्यक है, जिसके बगैर साल दर साल आपदा प्रबंधन की होने वाली बैठकें व व्यवस्थाएं किसी बेमानी से कम नहीं होंगी और परिणाम का परिमाण सिफर से इतर और कुछ नहीं होगा।

# क्रेडिट कार्ड का घटता चलन

कुछ साल पहले तक क्रेडिट कार्ड हासिल करने के लिए लोग कई तरह के पापड़ बेला करते थे। क्रेडिट कार्ड होना किसी व्यक्ति की समृद्धता का प्रतीक भी माना जाता था, लेकिन अब स्थितियां बदल रही हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की सख्ती और नए नियमों के चलते अब क्रेडिट कार्ड से होने वाला खर्च तेजी से कम होता जा रहा है।



क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाले डिस्काउंट और ऑफर भी अब लोगों को लुभा नहीं पा रहे हैं। आलम यह है कि वित्त वर्ष 2022 के मुकाबले इस वित्त वर्ष में क्रेडिट कार्ड से खर्च एक तिहाई ही रह गया है। हर वित्त वर्ष इसमें कमी देखी जा रही है। मैक्वेरी रिसर्च के डेटा के आधार पर बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2022 में क्रेडिट कार्ड से खर्च की वृद्धि दर 54.1 फीसदी थी। इसके बाद वित्त वर्ष 2023 में यह 47.5 फीसदी और वित्त वर्ष 2024 में आंकड़ा घटकर 27.8 फीसदी ही रह गया था।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इस वित्त वर्ष में क्रेडिट कार्ड से खर्च की वृद्धि दर सिर्फ 16.6 फीसदी ही रह गई है। आरबीआई द्वारा असुरक्षित लोन के खिलाफ की जा रही कार्रवाई से क्रेडिट कार्ड द्वारा किए जा रहे खर्च पर बुरा असर पड़ा है। हर साल फेस्टिव सीजन के दौरान सितंबर से दिसंबर तक क्रेडिट कार्ड से खर्च अपने चरम पर पहुंच जाता था। इस साल ऐसा होता नहीं दिखाई दे रहा है। नए क्रेडिट कार्ड जुड़ने की दर में भी बड़ी गिरावट आई है। रिपोर्ट के मुताबिक आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो वित्त वर्ष 2024 में 4.4 फीसदी घटा है। इससे पहले यह साल दर साल 3.2 फीसदी घट रहा था। इसी तरह एसबीआई काड्र्स का क्रेडिट घाटा वित्त वर्ष 2024 में 7.4 फीसदी और वित्त वर्ष 2023 में 6.2 फीसदी रहा था।

मैक्वेरी रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा, कड़ी जांच और आरबीआई के नए नियमों के प्रभाव को देखते हुए क्रेडिट ग्रोथ में मंदी आगे भी जारी रहेगी। बैंकों ने भी अपने क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो में बढ़े हुए तनाव का संकेत दिया है। वित्त वर्ष 2025 में अगस्त तक नए क्रेडिट कार्ड जुड़ने की दर भी 38.3 फीसदी रह गई है। वित्त वर्ष 2024 में यह 41.3 फीसदी की दर से बढ़ रहा था। फेस्टिव सीजन के दौरान मिलने वाले डिस्काउंट और ऑफर्स की वजह से क्रेडिट कार्ड से खर्च अपने चरम पर पहुंच जाता था। इस बार नए क्रेडिट कार्ड बढ़ने की दर में भी कमी आई है। शायद उधार लेकर घी पीने की प्रवृत्ति पर कुछ अंकुश लगा है।

# हत्या में पत्नी व प्रेमी को उम्र कैद, 1-1 लाख जुर्माना

## बारासगवर थाना क्षेत्र में 22 जुलाई-2021 को हुई थी वारदात

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** प्रेमी के साथ मिलकर बारासगवर थानाक्षेत्र में हुई पति की हत्या के मामले में कोर्ट ने अपना निर्णय सुनाया है। एडीजे प्रथम कोर्ट ने हत्या के लिए दोषी पत्नी व उसके प्रेमी को उम्रकैद के आदेश देने के साथ एक-एक लाख का जुर्माना भी लगाया है। केस में मृतक के दो बच्चे चश्मदीद गवाह थे। जिन्हें जुर्माने से वसूली गई धनराशि का आधा हिस्सा दिया जायेगा।

बारासगवर थानाक्षेत्र के गांव तलिहई के मजरा अबकरपुर गांव निवासी कृष्ण कुमार लोध ने 22 जुलाई 2021 को अपने छोटे भाई संत कुमार की हत्या करने की रिपोर्ट उसकी पत्नी सोनी देवी पर दर्ज कराई थी। पुलिस को दी तहरीर में उसने बताया कि उसका छोटा भाई संत कुमार गांव में ही अलग मकान में रहता था। 22 जुलाई की सुबह उसे ग्रामीणों से सूचना मिली कि उसके भाई की मौत हो गई है। जब वह मौके पर पहुंचा तो संतकुमार का शव घर की कोठरी में पड़ा था। उसके कान व नाक से खून निकलने के साथ गले व शरीर पर चोट के निशान थे। पुलिस ने उसकी पत्नी सोनी देवी को



हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पता चला कि घटना में उसका प्रेमी सुनील लोधी निवासी वंदेपुर थाना अचलगंज भी शामिल था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अगले ही दिन सुनील को भी दबोच लिया था। पूछताछ में उसने बताया कि संत कुमार को अपनी पत्नी सोनी के प्रेम-संबंध के बारे में पता चल गया था। इससे उन लोगों ने उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाई थी। आईओ राकेश कुमार ने दो अप्रैल-2022 को चार्जशीट दाखिल की थी। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता अजय कुशवाहा व वादी के निजी अधिवक्ता रामसुमेर की ओर से पेश की गई दलील सुनने के बाद एडीजे मो. असलम सिद्दीकी ने सोनी व उसके प्रेमी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद के निर्देश दिये।

### दुष्कर्मी को 20 साल की कैद

उन्नाव। बारासगवर थानाक्षेत्र में नाबालिग से हुए दुष्कर्म मामले में विशेष न्यायालय पाक्सो कोर्ट ने आरोपी युवक को दोषी ठहराते हुए 20 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर 90 हजार का जुर्माना भी लगाया है। बारासगवर थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कोर्ट के आदेश पर 10 दिसंबर-2020 को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि क्षेत्र के भोलाखेड़ा गांव निवासी शिवशंकर ने उसकी नाबालिग बेटी को 20 जून-2020 को घर में अकेला पाकर दुष्कर्म किया था। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर 18 दिसंबर को शिवशंकर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आईओ राजीव त्रिपाठी ने आरोपी के विरुद्ध 17 मार्च 2021 को चार्जशीट दाखिल की थी। इसके बाद से केस की सुनवाई पाक्सो कोर्ट संख्या-11 में शुरू हुई। सोमवार को शासकीय अधिवक्ता चंद्रिका प्रसाद बाजपेयी की दलीलों के आधार पर एडीजे विवेकानंद विश्वकर्मा शिवशंकर को दोषी करार देते हुए उसे 20 साल की कैद और 90 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

# गैर इरादतन हत्या में पिता-पुत्र सहित तीन को 10-10 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** फास्ट ट्रैक कोर्ट ने गैर इरादतन हत्या मामले में पिता-पुत्र व दामाद को दोषी करार देते हुए 10-10 साल की सजा सुनाई है। इसके अलावा कोर्ट ने दोषियों पर छह-छह का जुर्माना भी लगाया।

बता दें कि आसीवन थानाक्षेत्र के गांव कान्हऊ निवासी विमला ने पति श्रीपाल रैदास के साथ 28 मार्च 2015 को घर के बाहर हुई मारपीट की एनसीआर पड़ोसी शिवदीन, उसके बेटे अरविंद, छोटू व दामाद जगरूप निवासी गांव जहांगीर नगर पर दर्ज कराई थी। इलाज के दौरान श्रीपाल की मौत हो गई थी। पत्नी की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आईओ मनोज मिश्रा ने दर्ज एनसीआर में गैर इरातदन हत्या की धारा तरमीम करते हुए चारों आरोपियों के विरुद्ध गवाह व साक्ष्य एकत्र कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। सोमवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई।

- आसीवन थाना क्षेत्र के गांव कान्हऊ में 28 मार्च 2015 को हुई घटना

शासकीय अधिवक्ता यशवंत सिंह की ओर से पेश की गई दलील व पुलिस द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्य व गवाहों के बयान सुनने के बाद एडीजे स्वतंत्र प्रकाश ने आरोपी अरविंद, उसके पिता शिवदीन व दामाद जगरूप को दोषी ठहराते हुए 10-10 साल की सजा सुनाई।

### छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल की सजा

**उन्नाव।** 17 जुलाई-2014 को एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ करने का आरोप रज्जन लोध निवासी सेमरा थाना सोहरामऊ व अचल निवासी जैतीपुर पर लगाया था। पाक्सो एक्ट में छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। रज्जन ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था। वहीं अचल को 20 मार्च-2015 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। 24 अक्टूबर-2014 को आईओ रणजीत सिंह ने चार्जशीट दाखिल की थी। शासकीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की दलील सुनने के बाद एडीजे ने रज्जन को दोषी ठहराते हुए तीन साल की सजा सुनाई। वहीं साक्ष्य के अभाव में अचल को कोर्ट ने दोषमुक्त करार दिया।

# फर्जी निकली व्यापारी से लूट की कहानी, कार व मोबाइल बरामद

फॉलोअप

- बांगरमऊ क्षेत्र स्थित एक्सप्रेस-वे टोल प्लाजा पुल के नीचे बेहोश पड़ा मिला था व्यापारी
- व्यापारी की पत्नी ने पति से कार, मोबाइल व 20 लाख की लूट होने की जताई थी आशंका

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर निवासी एक भवन निर्माण सामग्री का थोक व्यापारी बेहोशी हालत में बीती रविवार सुबह लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे टोल प्लाजा पुल के नीचे पड़ा मिला था। उसकी कार व मोबाइल गायब था। व्यापारी की निशानदेही पर सोमवार को पुलिस ने कार व मोबाइल टोल प्लाजा अंडरपास और रेलवे लाइन के बीच से बरामद कर लिया। सीओ की जांच में व्यापारी से हुई लूट की घटना फर्जी पाई गई।

बता दें कि नगर के मोहल्ला कस्बा टोला निवासी भवन निर्माण सामग्री के थोक व्यापारी संदीप गुप्ता शनिवार सुबह 8 बजे कार से उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित गांव दुल्लापुरवा के पंप पर पेट्रोल भरवाने गया था। बीती रविवार सुबह संदीप को एक्सप्रेस-वे टोल प्लाजा पुल के नीचे बेहोश पड़ा मिला था। इसके बाद संदीप को सीएचसी से रेफर कर




दिया गया था। संदीप की पत्नी वंदना गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में पति से तगादे के रुपए, कार व मोबाइल लूटने का आरोप लगाया था। सीओ अरविंद कुमार ने कानपुर के एक नर्सिंग होम में भर्ती संदीप से पूछताछ की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने रेलवे लाइन अंडरपास के बीच से कार और मोबाइल बरामद कर लिया। सीओ के अनुसार पूछताछ में व्यापारी से तगादे के पैसों की लूट की घटना फर्जी पाई गई। आगे जांच की जा रही है।



शहर के आवास विकास रेलवे क्रासिंग पर खड़ी ट्रेन। ट्रेन खड़ी होने से लगा लंबा जाम। अमृत विचार

# क्रासिंग पर खड़ी हुई ट्रेन, लगा जाम

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** कानपुर से रायबरेली जा रही एक्सप्रेस ट्रेन सोमवार को सिग्नल न मिलने पर 20 मिनट तक रेलवे क्रॉसिंग के बीचोबीच खड़ी रही। इस कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सिग्नल मिलने के बाद स्टेशन मास्टर के निर्देश पर ट्रेन रवाना हुई। कानपुर से रायबरेली ट्रेन उन्नाव रेलवे स्टेशन से चलकर रायबरेली जा थी। शहर के आवास विकास क्रासिंग के बीच सिग्नल नहीं मिला।

जिससे ट्रेन खड़ी हो गई। जिससे दोनों तरफ जाम अच्छा खासा जाम लग गया। क्रॉसिंग पर ट्रेन खड़ी होने से सड़क मार्ग बंद हो गया था। इससे रेलवे क्रॉसिंग के दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। इससे आने-जाने वालों को परेशानी का सामना कराना पड़ा। कई महिलाएं ट्रेन में चढ़कर क्रॉसिंग पार करती नजर आईं। सिंग्नल होने पर ट्रेन आगे बढ़ी। रेलवे स्टेशन के अफसरों ने बताया कि सिग्नल न मिलने के कारण ट्रेन रुकी थी। सिग्नल क्लियर होने पर उसे आगे के लिए रवाना किया गया।

# डेंगू-मलेरिया कहर बरपा रहा, विभाग का ध्यान नहीं

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** जिले में इस समय डेंगू और मलेरिया का प्रकोप कहर है। इन बीमारियों के रोज नये मामले सामने आ रहे है। जिनमे गम्भीर बच्चों की मौतें भी हो रही हैं। वहीं, कुछ बच्चों की हालत सुधरने का नाम नहीं ले रही है। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल से बच्चों को खूब रेफर किया जा रहा है।



अस्पताल में भर्ती बच्ची।

जिले में बढ़ रहे संक्रमण पर विभाग अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। सोमवार को आई रिपोर्ट में कासिम नगर की युवती में डेंगू का संक्रमण मिला। वहीं अचलगंज क्षेत्र के सुमरहा में युवक व सिकंदरपुर सरोसी के कंजौरा गांव की बच्ची में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं बीघापुर के पारासंदा में एक बच्ची मलेरिया संक्रमित पाई गई है। संक्रामक रोग विभाग की नोडल अधिकारी डॉ. अंकिता सिंह ने बताया कि जिले में अभी तक 35 मरीजों में डेंगू व 27 मरीजों में मलेरिया संक्रमण पाया गया है।

### बोले जिम्मेदार

सीएमओ डॉ. सत्य प्रकाश ने बताया कि संक्रमितों के घर के आसपास कीटनाशक छिड़काव कराने और जांच के निर्देश दिए गए हैं। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में बुखार पीड़ित 12 गंभीर मरीजों को भर्ती किया गया। डेंगू और मलेरिया मरीजों का सैंपल को लेकर जांच को लेकर भेजा गया है।

# आमने-सामने टकराए कंटेनर 1 चालक की मौत, दूसरा गंभीर

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर रविवार देर रात तेज रफ्तार दो कंटेनर आमने-सामने टकरा गए। दोनों के चालक केबिन में फंसने से रोड के दोनों ओर तीन किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद हाइड्रा से चालकों को बाहर निकालकर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां एक चालक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरे को गंभीर देख लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

हाथरस जिला के थाना अगराना सिकंदराबाद निवासी दीपांशु (26) कंटेनर लेकर लखनऊ से मियागंज जा रहा था। तभी बांगरमऊ की ओर से सौरभ (35) निवासी पाकड़पुर



कंटेनर के केबिन से चालक को निकलवाती पुलिस। अमृत विचार

थाना करौदी सुल्तानपुर कंटेनर में गत्ता लादकर बनारस जा रहा था। तभी लखनऊ-बागरमऊ मार्ग स्थित मूसेपुर गांव के पास सकरी पुलिया होने से दोनो कंटेनर आमने-सामने टकरा गए। पुलिस ने केबिन में फसें चालकों को हाइड्रा से बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया। वहीं दीपांशु को गंभीर देख लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इस दौरान लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग के दोनों ओर तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पुलिस तीन घंटे के बाद जाम खुलवा पाई। मृतक सौरभ की पत्नी कविता और दो बेटियों में काव्य व किंजल आदि का रो-रोकर बुरा हाल है।

# आर्यावर्त बैंक का सर्वर डाउन, ग्राहक परेशान

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** विकासखंड बिछिया क्षेत्र की आर्यावर्त बैंक में सोमवार सुबह बैंक खुलते ही कर्मियों ने लोगों को बताया कि सर्वर ठप हो गया है। सुबह से शाम तक ग्राहक सर्वर शुरू होने का इंतजार करते रहे। त्योहार नजदीक होने से बैंक में लेनदेन के लिए आए उपभोक्ता शाम तक नेटवर्क न आने से निराश लौट गए।

सोमवार सुबह आर्यावर्त बैंक से पैसा निकालने आए रामदीन, भूरे कुशवाहा, गोविंद नारायण, संजय, अतुल कुमार व एनपीसीआई कराने आये स्कूली छात्र निराश लौट गए। स्कूली छात्रों में सोनाली देवी, मुस्कान, राधिका, अलखा, रोहित गुप्ता, मंजुल शुक्ला ने बताया कि एनपीसीआई न होने से उनको स्कॉलरशिप नहीं मिल पा रही है।

> सॉफ्टवेयर अपडेट होने के कारण सर्वर नहीं आ रहा है। क्षेत्रीय कार्यालय को सूचित कर दिया गया है। जल्द ही परेशानी दूर होने का आश्वासन मिला है।
>
> आशीष कुमार, शाखा प्रबंधक

हम लोग अपने स्कूलों से रोज छुट्टी लेकर एनपीसीआई करवाने आते हैं। यहां कर्मचारी सर्वर न आने की बात कहकर लौटा देते हैं। महेंद्र लोधी ने बताया कि त्योहार के चलते उसके घर में रंगाई-पुताई का काम चल रहा है। जिसके लिए पैसा निकालना था। लेकिन पैसा नहीं निकल सका। वहीं अंकित कुमार ने बताया कि वह गल्ला व्यापारी हैं। चीनी कानपुर से मंगाते हैं। त्योहार नजदीक होने के चलते चीनी मिल को पैसा भेजना था। लेकिन सर्वर ठप होने से वह पैसे नहीं भेज सके।

## युवक ने लगाई फांसी लखनऊ रेफर

**बांगरमऊ।** युवक ने घरेलू कलह के चलते आम के पेड़ पर फांसी लगा ली। वहां मौजूद चरवाहों ने उसे तुरंत फंदे से नीचे उतारा। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।

बता दें कि बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव पृथ्वीखेड़ा निवासी अजय (25) पुत्र पप्पू हरियाणा के फरीदाबाद में रहकर एक निजी कंपनी में मजदूरी करता है। वह तीन दिन पूर्व गांव आया था। सोमवार को किसी बात पर उसका पत्नी से विवाद हो गया। जिससे नाराज होकर वह घर से चला गया और घर से 500 मीटर दूर स्थित रामआसरे के खेत में खड़े आम के पेड़ की डाल के सहारे फांसी लगा ली। पास में मवेशी चरा रहे चरवाहों ने आनन-फानन उसे नीचे उतारा और सूचना परिजनों को दी।



पकड़े गए युवकों को ले जाती आरपीएफ टीम। अमृत विचार

# आरपीएफ ने तीन संदिग्ध युवकों को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** बढ़ते अपराध को देखते हुए रेलवे ट्रैक किनारे टहल रहे तीन संदिग्ध युवकों को आरपीएफ टीम ने गिरफ्तार किया है। वहीं ट्रैक पर होने वाली संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए आरपीएफ ने सुरक्षा बढ़ा दी है।

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सोमवार को तीन युवकों को अजगैन रेलवे स्टेशन के पास गश्त के दौरान पकड़ लिया। उनके पास से चोरी का सामान भी बरामद किया गया। युवकों की पहचान शुभम रावत, विमलेश उर्फ गोलू और इंद्रजीत गुप्ता के रूप में हुई है। टीम को युवकों के संदिग्ध व्यवहार पर शक हुआ। पूछताछ में उन्होंने रेलवे के लोहे का सामान चोरी किये जाने की बात स्वीकार की। आरपीएफ इंस्पेक्टर हरीश कुमार ने बताया कि सुरक्षा बल की टीम नियमित ट्रैक व आसपास के क्षेत्रों में गश्त करेगी।

## सड़क हादसों में महिला समेत 4 घायल, 2 गंभीर

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के तीन अलग-अलग मार्गों पर हुए हादसों में एक महिला सहित चार लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों में दो की हालत बेहद गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बता दें कि बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव गनीपुर निवासी कलेक्टर (47) पत्नी कलावती (45) को बाइक से लेकर बांगरमऊ आ रहा था। तभी रास्ते में संडीला मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी गंभीर घायल हो गए। इसके अलावा दो अलग-अलग मार्गों पर कोतवाली बांगरमऊ के गांव पलिया निवासी त्रिकाल (35) व गांव भिखारीपुर रुल्ल निवासी अनुज (17) गंभीर घायल हो गए। परिजनों ने सभी को बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया।

## सार-संक्षेप

### सड़क किनारे खोदे गए गड्ढे बने जानलेवा

**औरास उन्नाव।** कस्बा औरास में विभिन्न जगहों पर बीएसएनएल के ठेकेदारों द्वारा गड्ढे खोदे गए हैं। जो हादसों का सबब बन रहे हैं। जबकि ठेकेदारों ने अपना काम करने के बाद गड्ढे वैसे ही खुले छोड़ दिए। जिससे आए दिन मवेशी व राहगीर गड्ढों में गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। कस्बा औरास में बीएसएनएल के निजी ठेकेदार द्वारा कस्बे के विभिन्न मार्गों के किनारे गड्ढे खोदे गए। गड्ढे खोदने के बाद ठेकेदार ने औरास के बड़ा चौराहे पर बउवा के होटल के सामने व कबरोई रोड पर सिंह इलेक्ट्रॉनिक के सामने अपना काम किया और गड्ढे वैसे ही छोड़कर चला गया। जिससे कस्बे के बच्चे व मवेशी गड्ढों में गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। लोगों ने खुले पड़े गड्ढों को भरवाने की मांग की है।

### एससीएसटी एसोसिएशन ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**उन्नाव।** एससीएसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री सम्बोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज को सौंपा। मांगों में पदोन्नति में आरक्षण का शासनादेश तत्काल जारी करने, पदोन्नति में आरक्षण का 117वां संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पास कर 9वीं अनुसूची में डालने व शिक्षक, कर्मचारियों व अधिकारियों के डिमोशन वापस लेने, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्गों का खाली बैकलॉग अभियान चलाकर भराने, एसोसिएशन को विभागीय मान्यता तत्काल देने, शिक्षकों की भर्ती नई रोस्टर की जगह पुराने रोस्टर से करने आदि से संबधित ज्ञापन देकर समाधान मांगा। इस दौरान राजेश भारतीय, विमल आज़ाद भारतीय, अनिल दिवाकर, रामाशीष मौर्य, जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रकाश, जिला महामंत्री वीरेन्द्र बहादुर आदि मौजूद रहे।

### आत्मनिर्भर भारत प्रतियागिता में छात्र-छात्राएं सम्मानित

**उन्नाव।** डीएसएन कॉलेज में एनएसएस यूनिट द्वारा आत्मनिर्भर भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद अवस्थी, चेयरमैन श्वेता मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता, उपाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने संभाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रदीप गुप्ता ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्रों का वितरण किया। प्रोफेसर सुनील वर्मा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रचना त्रिवेदी, लेफ्टिनेंट डॉ. विपिन सिंह आदि रहे।

### सब्जी विक्रेताओं का फुटपाथ पर कब्जा, जाम से जूझ रहे लोग

**बांगरमऊ उन्नाव।** नगर के स्टेशन रोड चौराहा से लेकर तिकोनिया पार्क तक फुटपाथ पर अवैध सब्जी मंडी लगने से आए दिन जाम लगता है। जिससे नागरिकों को आवागमन में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में एसडीएम से शिकायत की गई है। नगर के स्टेशन मार्ग पर रहने वाले लोगों ने उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह को दिये शिकायती पत्र में बताया कि नगर पालिका के आदेश के बिना मनमाने ढंग से स्टेशन मार्ग चौराहे से तिकोनिया पार्क तक फुटपाथ पर अवैध सब्जी मंडी लग रही है। जहां सब्जी विक्रेताओं द्वारा सड़क के दोनों ओर फुटपाथ पर जबरन कब्जा कर लिया गया है। जिससे पूरे दिन मार्ग पर भीषण जाम लगा रहता है। जिससे वाहनों का निकलना तो दूर लोगों को पैदल चल पाना तक दूभर है। लोगों के अनुसार इस संदर्भ में बीती 24 सितंबर को नगर पालिका भवन में आयोजित नागरिक सुविधा दिवस पर शिकायती पत्र दिया गया था। तब एसडीएम ने फोर्स के साथ सब्जी विक्रेताओं से फुटपाथ खाली कराया गया था। लेकिन, सब्जी विक्रेताओं ने दोबारा इस मार्ग पर फुटपाथ पर जबरन कब्जा कर लिया है। सभासद प्रियंका गौतम, पूर्व सभासद कृष्ण कांत खजांची, सुधीर मिश्रा सद्दू समेत शिवेंद्र कुमार, मयंक, शाहिद, अनिल सिंह व कमलेश चंद्र आदि ने सोमवार को दोबारा एसडीएम को शिकायती पत्र देकर इस मार्ग के फुटपाथ खाली कराने की मांग की है।

### घर के बाहर से चोरों ने पार किये पिलर ढालने वाले 16 फर्मे

**फतेहपुर चौरासी।** थानाक्षेत्र के गांव खानपुर बिचौली के मजरा सुक्खा खेड़ा निवासी राजेश वर्मा पुत्र देवी प्रसाद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीती रात वह अपने घर के बाहर दरवाजे पर सो रहा था। वहीं उसके पिलर ढालने वाले लोहे के फर्मे रखे थे। जिनमें 16 फर्मे रात में चोर चोरी कर ले गए। जब वह सुबह उठा तो उसने देखा कि फर्मे गायब हैं। काफी ढूंढने के बाद भी पता नहीं चल सका। इसके बाद उसने एक युवक पर संदेह जताते हुए थाने में तहरीर दी है।

पहल

एसपी के निर्देश पर जिले में शुरू कराया गया आपरेशन भरोसा

# आपरेशन भरोसा से रोकेंगे महिला संबंधी अपराध

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए आपरेशन भरोसा की शुरुआत की गई है। इसमें हर थाने में एक महिला आरक्षी को नोडल बनाया गया है।

जिले में घरेलू हिंसा व यौन संबंधी अपराधों सहित अपहरण व कार्यालयों में महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों व सहकर्मियों द्वारा अशोभनीय फब्तियां कसने का शिकार होने के बाद भी अधिकांश महिलाएं लोकलाज के डर से पुलिस तक जाने में संकोच करती हैं। इसको देखते हुए एसपी ने जिले में आपरेशन 'भरोसा' की शुरुआत की है।




महिला आरक्षियों के साथ बैठक करतीं सीओ सिटी सोनम सिंह। अमृत विचार

इसमें जिले के सभी थानों में तैनात महिला आरक्षी को नोडल बनाया है। इससे पीड़ित महिलाएं आसानी से अपनी आपबीती बता सकेंगी। इसके बाद नोडल आरक्षी इसकी जानकारी बीट व उच्चाधिकारियों को देंगी। जिससे आरोपी पर सख्त कार्रवाई हो सके।

सोमवार को सीओ सिटी सोनम सिंह ने सभी नोडल आरक्षियों के साथ पुलिस लाइन सभागार में बैठक कर उन्हें आपरेशन भरोसा के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान सभी थानों की नोडल महिला आरक्षी मौजूद रहीं।

# कीड़े के काटने से वृद्धा की मौत, 2 महिला व युवक गंभीर

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग गावों में जहरीले कीड़े के काटने से दो महिलाओं व एक युवक की हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं पुरवा कोतवाली क्षेत्र में एक वृद्धा की मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव नेवलापुर निवासी सत्यनरायन की 50 वर्षीय पत्नी पुष्पा देवी सोमवार दोपहर खेत गई थी। तभी उसे जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके अलावा कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरधरपुर निवासी फैय्याज की 25 वर्षीय पत्नी नाज़नीन और फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत गांव उम्मर खेड़ा निवासी शिवकुमार के 28 वर्षीय बेटे अनुज को भी जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसी क्रम में पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गांव सिंहपुर की 60 वर्षीय सुशीला रविवार शाम खेत गयी थी। तभी जहरीले कीड़े ने उसके पैर में काट लिया। महिला को परिजन गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले गये। जहां सुशीला को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत पर परिजनो में मातम है।

# पुलिस से हुई गोकश की मुठभेड़, पैर में गोली लगी

## शातिर को इलाज के लिए जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



अस्पताल में भर्ती मुठभेड़ में घायल मो. महताब। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार भोर गश्त के दौरान पुलिस और गोकश के बीच मुठभेड़ हो गई। जवाबी फायरिंग में गोकश के पैर में गोली लग गई। जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर उसका एक साथी भाग गया। पुलिस ने घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, फरार आरोपी की तलाश के लिये टीम का गठन किया है।

सोमवार सुबह सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पीडी नगर के पास पुलिस टीम भोर पहर गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस को कुछ संदिग्ध लोग दिखाई दिए। पुलिस टीम ने उन्हें टोका तो वह भागने लगे। जब पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो उन लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की जिसमें एक गोकश मो. महताब पुत्र अब्दुल रहमान निवासी

- अंधेरे का फायदा उठाकर गोकश का एक साथी भागने में रहा सफल

इखलाक नगर गंगाघाट के पैर में गोली लग गई। जबकि, उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने घायल गोकश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद पुलिस ने मौके से एक तमंचा बरामद किया है। फरार गोकश की तलाश में पुलिस ने विशेष टीम गठित की है। एसपी दीपक भूकर ने बताया कि यह मुठभेड़ उनके द्वारा चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। जिसमें अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता है कि क्षेत्र में अपराधों पर लगाम लगाई जा सके।

# बाढ़ का पानी निकालने के लिए लगाए पंपिंग सेट

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर जाने के कारण अंबिकापुरम, गायत्री नगर और भातू फार्म जैसे पॉश इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया है। जलभराव की गंभीर स्थिति के चलते क्षेत्रीय निवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्रीय लोगों ने पालिका प्रशासन से जल निकासी की मांग की। जिस पर पालिका की ओर से दो पंपिंग सेट लगवाकर पानी निकलवाने का कार्य कराया जा रहा है।

पिछले दस दिनों में जलस्तर में वृद्धि के कारण छमकनाली से धोबी पुलिया तक बाढ़ का पानी भर गया, जिससे सैकड़ों मकान जलमग्न हो गए। इमारतों के आसपास जलभराव के चलते दुर्गंध फैलने लगी, जिससे निवासियों ने स्थानीय पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशाषी अधिकारी मुकेश मिश्रा से जल निकासी की गुहार लगाई। इसके बाद पालिका प्रशासन ने रविवार से सोमवार तक लगातार दो पंपिंग सेट लगाकर जल निकासी की



अंबिकापुरम में पंपिंग सेट से निकलवाया जाता बाढ़ का भरा पानी।

प्रक्रिया शुरू की। पानी को रामकली स्टेडियम के पास से धोबिन पुलिया में गिराया जा रहा है। इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी मुकेश मिश्रा ने बताया कि जल निकासी प्रक्रिया तब तक जारी रहेगी जब तक कि क्षेत्र से पानी पूरी तरह नहीं निकल जाता। अंबिकापुरम और आसपास के मोहल्लों में जलभराव की समस्या ने स्थानीय लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। अब पालिका की तत्परता से उम्मीद है कि जल्द ही समस्या का समाधान होगा और क्षेत्र के निवासियों को राहत मिलेगी। स्थानीय लोग प्रशासन की इस पहल की सराहना कर रहे हैं।

# पीएचसी में मरीजों का लगा तांता एक डॉक्टर होने से घंटों रहे परेशान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



पीएचसी परिसर में लगी मरीजों की लाइन। अमृत विचार



मरीजों की ओपीडी करती डॉ. रश्मि वर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सोमवार को ओपीडी के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में अव्यवस्था देखने को मिली। यहां एक डॉक्टर की छुट्टी के कारण मरीजों की लंबी कतारें लग गईं। सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक 277 मरीजों ने ओपीडी में पंजीकरण कराया, लेकिन केवल एक डॉक्टर, आयुर्वेदिक चिकित्सक रश्मि वर्मा, ही मौजूद रहीं।

बदलते मौसम के चलते सर्दी, जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या में तेजी आई थी। खासकर वॉयरल बुखार के कई मरीज अस्पताल पहुंचे, जिन्हें तुरंत चिकित्सा की आवश्यकता थी। लाइन में खड़े कई मरीज कराहते रहे और काफी परेशान दिखाई दिए। इंचार्ज डॉक्टर शिप्रा झा की छुट्टी के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई। रश्मि वर्मा ने बताया कि इस दिन मरीजों की संख्या में अचानक वृद्धि हो गई, जिससे उन्हें एक ही समय में कई मरीजों का परीक्षण करने में

- सर्दी, जुकाम, बुखार के मरीज घंटों कराहते रहे

कठिनाई हुई। आसपास के मरीजों ने भी शिकायत की कि इस तरह की अव्यवस्था से उनका समय बर्बाद हुआ और उन्हें उचित देखभाल नहीं मिल पाई। मरीजों का कहना है कि स्वास्थ्य केन्द्र में कर्मचारियों की कमी और एक डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण उन्हें गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ा। मरीजों ने कहा कि इस समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो। वे चाहते हैं कि स्वास्थ्य केन्द्र में पर्याप्त डॉक्टर और स्टाफ की व्यवस्था हो, ताकि सभी मरीजों को प्रभावी इलाज मिल सके।

# झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव




अभियान के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. सदानंद राय के संरक्षण व राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र द्विवेदी और मिशन शक्ति संयोजिका सविता राजन के नेतृत्व में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान शिवम, जितेंद्र, गोविंद, शिव प्रकाश, आयुष, सौरभ, अश्वनी, अखिल, साहिल, नैंसी, काजल, उमा, वर्षा, पारुल, शगुन, जैसमीन, पारुल गुप्ता, शिल्पी, अपूर्वा, मुस्कान, महक, आदि छात्र छात्राओं ने स्वच्छता ही सेवा, गंदगी जानलेवा और नया सवेरा लाएंगे, गंदगी दूर भगाएं और गंदगी दूर भगाओ, स्वच्छ भारत बनाओ आदि नारे लगाकर लोगो को जागरूक किया। चिकित्साधिकारी डॉ. मनीष कुमार ने लोगों से अपने आसपास सफाई रखने व गंदा पानी एकत्र न होने देने की अपील की। अभियान में धर्मेंद्र द्विवेदी, डॉ. सविता राजन, डॉ. किरन व डॉ. अभय राजपूत ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। महाविद्यालय के डॉ. दिग्विजय नारायण, रविराज वर्मा, अभिषेक कुमार, सुमन देवी, सुनीता निरंकारी आदि शिक्षक व संदीप अवस्थी, कन्हैयालाल, विनोद मौर्य रहे।

# पुरानी रंजिश में युवक को पीटा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के गांधी नगर निवासी एक युवक को सोमवार शाम दबंगों ने रोक लिया और पुरानी रंजिश को लेकर मारा पीटा। इसकी जानकारी पीड़ित ने डॉयल पुलिस को दी।

गांधी नगर निवासी हिमांशु बाजपेई ने बताया कि वह फार्मा कंपनी में काम करते हैं। सोमवार शाम छह बजे वह घर वापस जा रहे थे, तभी सब्जी मंडी स्थित पुराने सेंट्रल बैंक के पास कुछ दबंगों ने पुरानी रंजिश को लेकर रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर दबंगों ने मारपीट शुरू कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है।

# आदर्श गांव पंचायत में बहेगी विकास की गंगा, सुनीं समस्याएं

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के गांव त्रिपुरारपुर के आर्दश गांव पंचायत बनने पर अब यहां विकास की योजनाओं को संतृप्त किया जाएगा। सोमवार को बाल विद्या मंदिर त्रिपुरारपुर में विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर ग्रामीणों को जानकारियां दी गईं। आवास, पेंशन, बिजली व नाली से संबंधित 100 समस्याएं सामने आईं।

विभिन्न विभागों के स्टाल में राजस्व, बिजली, पंचायती राज, ग्राम विकास, नेडा, जलनिगम, समाज कल्याण, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, कृषि, आपूर्ति, बाल विकास परियोजना, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत अन्य विभागों ने लगाए। साथ ही संचालित योजनाओं के बारे में बताया। राम विलास, संकठा, कौशिल्या व मीना ने पेंशन, वहीं, सिया, अमरसिंह व फूलचंद्र ने शौचालय की मांग की। बबली, सोनी व बुद्धीलाल ने प्रधानमंत्री आवास और सरला व सन्नो ने राशन कार्ड की मांग उठाई। बीडीओ डा. संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि आदर्श गांव पंचायत का चयन हुआ है। जिसके तहत विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर योजनाओं को बताया गया है। नेडा जिला परियोजना अधिकारी नेपाल सिंह, प्रधान शिवपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



राष्ट्रीय विज्ञान अविष्कार परीक्षा में बैठे विधार्थी। अमृत विचार

### विकासखंड स्तर पर आयोजित हुई राष्ट्रीय विज्ञान अविष्कार परीक्षा

**उन्नाव।** राष्ट्रीय विज्ञान अविष्कार परीक्षा विधार्थियों की कराई गई। शासन ने परीक्षा कराए जाने के लिए हर ब्लाक 76386 रुपये का खर्च तय किया था। परीक्षा में विज्ञान के बच्चों से क्विज प्रतियोगिता के तहत प्रश्नोत्तर लिए जा रहे हैं। नगर शिक्षाधिकारी नाहिद इकबाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय आवष्किार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत लिखित एवं क्विज प्रतियोगिता के समस्त चरणों का आयोजन सिविल लाइन कंपोजिट वद्यिालय में किया गया। प्रथम चरण में 150 बच्चों में से टाप 10 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। जिन्हें रेंडम आधार पर पांच ग्रुप में बैठा कर उनसे पूछे गए। प्रश्न के आधार पर टाप टीम का जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। इसके बाद बच्चों से क्विज के द्वारा पूछे गए प्रश्नों के आधार पर टाप 10 बच्चों का चयन जिला स्तरीय टीएलएम प्रतियोगिता के लिए किया गया। वही खंड शिक्षा अधिकारी बिछिया विनोद कुमार पांडेय ने बच्चों को प्रमाण पत्र, पुरस्कार का वितरण किया गया। नगर कोआर्डिनेटर विक्रम सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे। वहीं नवाबगंज, बिछिया, सिकंदरपुर सरोसी आदि ब्लाक में यह परीक्षा कुछ दिन पहले ही हो गई है।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सफाई अभियान और छिड़काव

**शुक्लागंज उन्नाव।** शुक्लागंज नगर क्षेत्र के कई मोहल्लों में बाढ़ के बाद कीचड़ और जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गई थी। पालिका प्रशासन ने इस स्थिति से निपटने के लिए सफाई अभियान शुरू किया है, जिसमें एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव भी किया गया है। चंपापुरवा वार्ड 19 में बाढ़ के दौरान गंगा बैराज से बहकर आई जलकुंभी ने स्थानीय लोगों के लिए परेशानी बढ़ा दी थी। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर सफाई कर्मियों ने जलकुंभी को हटाकर गलियों की सफाई की। इसके साथ ही, मनसुख खेड़ा, तेजीपुरवा, कर्बला, हुसैन नगर, और वार्ड 10 और 27 में भी जलकुंभी और जलजमाव के कारण एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला ने बताया कि संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका को ध्यान में रखते हुए यह विशेष अभियान चलाया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिन गलियों की सफाई रह गई है, उनका छिड़काव अगले दिन किया जाएगा। प्रशासन का यह प्रयास स्थानीय स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

### बकायेदारों के खिलाफ बिजली विभाग का अभियान

**शुक्लागंज उन्नाव।** सोमवार को बिजली विभाग ने नगर के विभिन्न मोहल्लों, विशेषकर राजमार्ग और पानी रोड, में बकायेदारों के खिलाफ एक अभियान चलाया। इस दौरान विभाग ने एक लाख से अधिक बकाया होने पर दो उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे और लगभग सवा तीन लाख रुपये का बकाया राजस्व वसूला। अभियान का नेतृत्व एक्सईएन सूर्योदय कुमार के निर्देशन में एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने किया। टीम में जेई आशुतोष तिवारी, टीजी 2 वीरेन्द्र सिंह, और अन्य बिजली कर्मचारी शामिल थे। अभियान के दौरान उपभोक्ताओं को कनेक्शन काटने की चेतावनी दी गई, जिससे कई लोगों ने मौके पर ही बकाया बिल का भुगतान किया। विभाग ने इस कदम को बकाया राजस्व वसूली के लिए जरूरी बताया और कहा कि आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे। जेई ने बताया कि करीब सवा तीन लाख का बकाया राजस्व वसूलने के साथ एक लाख से अधिक बिल होने पर दो उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई है।



महावीर मंदिर के बाहर होता भंडारा। अमृत विचार

# महावीर मंदिर के बाहर भंडारा में लिया प्रसाद

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सोमवार को राजधानी मार्ग स्थित महावीर मंदिर के बाहर भंडारे का आयोजन कराया गया। जहां आने जाने वाले लोगों ने भंडारे का प्रसाद चखा। भंडारा दोपहर से शाम तक अनवरत चलता रहा। रोटेरियन एवं भाजपा नेता रितेश मिश्रा ने बताया कि उन्होंने अपने पिता बी पी मिश्रा की पुण्यतिथि पर विशाल भंडारे का आयोजन कराया है। जहां लोगों ने भंडारे का प्रसाद चखा। रितेश मिश्रा ने बताया कि वह हर वर्ष इस भंडारे का आयोजन करते हैं, जिससे समाज के लोगों को एक साथ लाने और जरूरतमंदों की सेवा करने का अवसर मिलता है। इस मौके पर स्थानीय समाजसेवियों और भाजपा कार्यकर्ताओं की भी खासी भीड़ थी। अंकुर शुक्ला, कैप्टन राहुल तिवारी, मनीष त्रिपाठी, अवधेश बाजपेई, डॉ. अनिल शुक्ला, विवेक गुप्ता, जीतेन्द्र सिसोदिया, गज्जू सिसोदिया आदि मौजूद रहे।

# मामूली बात पर देवरानी-जेठानी को मारापीटा

**फतेहपुर चौरासी।** थानाक्षेत्र के गांव अवस्थी खेड़ा निवासी पूजा पत्नी दुष्यंत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार को वह घर के बाहर खड़ी थी। तभी घर की दीवार को लेकर गांव निवासी धर्मेश्वरी, उसका पति रामपाल व बेटे कालिका व मयंक वहां आए और गालीगलौज करने लगे।

मना करने पर वे लोग उससे मारपीट करने लगे। बचाने पहुंची देवरानी ज्योति पत्नी अतुल कुमार को भी उन लोगों ने पीट दिया। जिससे दोनों को चोटें आई हैं। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

जहां से उन्हें गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।



प्रतियोगिता में भाग लेते एसवीएम के बच्चे। अमृत विचार

# सरस्वती विद्या मंदिर में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** जिला विद्यालय निरीक्षक उन्नाव द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत सोमवार को गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में संवाद, सम्भाषण, निबंध और कला पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन करके किया।

प्रतियोगिताओं में वोकल फार लोकल पर इंटर के छात्रों के लिए, विकसित भारत-2047 विषय पर हाईस्कूल के छात्रों के लिए निबंध और जूनियर कक्षाओं के लिए कला पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए, जबकि प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। शिवसिंह, मनोज सिंह, रमेश कुमार सिंह, प्रीति शुक्ला, संजय श्रीवास्तव और जगदम्मा प्रसाद समेत अन्य आचार्य भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम ने छात्रों में रचनात्मकता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**प्रतिभा** — उनका कार्य न केवल मनोरंजन का साधन है बल्कि सांस्कृतिक धरोहर को भी संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है

# रामलीला में अभिनय से रावण के छक्के छुड़ा देते हैं बाणासुर राम प्रकाश



रामलीला मंचन के दौरान रावण से संवाद करते बाणासुर बने राम प्रकाश। अमृत विचार

अमन सक्सेना, शुक्लागंज

**अमृत विचार।** रामलीला और धनुषभंग की लीला में बाणासुर का किरदार निभाने वाले कलाकार राम प्रकाश तिवारी ने पिछले नौ वर्षों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया है। पिपरी गांव निवासी रामू तिवारी के बेटे, राम प्रकाश तिवारी पेशे से अधिवक्ता हैं और आरपीएलके पब्लिक स्कूल के प्रबंधक भी। उनके मंच पर अद्भुत अभिनय के कारण दर्शक अपनी कुर्सियों से उठने को मजबूर नहीं होते।

बाणासुर के संवाद को जीवंत बनाने में राम प्रकाश की तेजतर्रार शैली का महत्वपूर्ण योगदान है। उनके मंचन के दौरान, जैसे ही मिथिला के राजा जनक के आमंत्रण पर राम-लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ पहुंचते हैं, सभी दर्शक मोहित हो



राम प्रकाश।

### अपने अभिनय से दूसरे प्रदेशों में छोड़ी छाप

- बाणासुर का अभिनय करने वाले रामप्रकाश तिवारी ने उन्नाव, कानपुर, फतेहपुर, जालौन, औरैया, इटावा, बांदा, रायबरेली जनपदों के आलावा, ओडिशा, अयोध्या, मथुरा, वृन्दावन, द्वारिका आदि तीर्थो में अपने प्रतिभा से उन्नाव जनपद का नाम पहुंचाया है।

### नवरात्र में इन स्थानों पर करेंगे मंचन

- राम प्रकाश ने बताया नवरात्र में बड़ा सेंट्रल पार्क शास्त्री नगर, रतनपुर गंगागंज, टिकरा कल्याणपुर कानपुर और टेन्नई पुरवा परेन्दा उन्नाव की रामलीला में उन्हें बुलाया गया है। जहां वह लीला का मंचन करेंगे।

जाते हैं। रावण का सीता स्वयंवर में बिना आमंत्रण आना और बाणासुर से संवाद की शुरुआत होना, दर्शकों के लिए एक रोमांचक क्षण होता है। रावण के राजा जनक पर क्रोध और बाणासुर का संवाद, पूरी लीला को जीवंतता प्रदान करता है। राम प्रकाश तिवारी ने वर्ष 2019 में धनुष भंग की परंपरा को पुर्नजवित करने का कार्य शुरू किया। उनके अभिनय का मुख्य आकर्षण रावण और बाणासुर के बीच होने वाला संवाद है। बाणासुर संवाद के दौरान जब बाण छुआ नहि चापा बोलते हैं तो पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठता है।

इस संवाद का गहराई से मंचन करने की वजह से राम प्रकाश तिवारी को हर जगह सराहा जाता है। इस प्रकार, राम प्रकाश तिवारी ने न केवल बाणासुर का किरदार निभाया है, बल्कि उन्होंने रामलीला की इस पारंपरिक कला को अपनी मेहनत और लगन से एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। उनका कार्य न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर को भी संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### पिपरी गांव के धनुषभंग से ली प्रेरणा

- उन्होंने बताया कि वह अपने गांव पिपरी में बजरंग वली मंदिर में आयोजित होने वाले धनुष भंग कार्यक्रम से प्रेरणा ली। तब से लेकर अब तक, वह इस परंपरा को जीवित रखने के लिए प्रयासरत हैं। उनके अदाकारी की वजह से हर साल अगहन पूर्णिमा पर आयोजित धनुष भंग कार्यक्रम में दर्शकों की भारी भीड़ जुटती है।

# माइनर किनारे मिला मानसिक रूप से बीमार वृद्ध का शव

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** माइनर किनारे वृद्ध का शव पड़ा देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। शिनाख्त होने पर वहां पहुंचे परिजनों ने बताया कि वह दो वर्ष से घर नहीं आया था और वह मानसिक बीमार था। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव देवगांव से एक किलोमीटर दूर माइनर किनारे सोमवार सुबह एक वृद्ध का शव पड़ा देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। क्षेत्रीय लोगों से जानकारी की गई तो उन्होंने उसकी पहचान फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव कोड़री निवासी रामबक्श (60) के रूप की। इसके बाद परिजनों के साथ पहुंचे चचेरे भाई मुन्नी लाल ने बताया कि मृतक की बेटी रामबेटी का 27 वर्ष पूर्व गंजमुरादाबाद चौकी क्षेत्र के गांव शिवलाल पुरवा



मौके पर लगी ग्रामीणों की भीड़।

में शादी हुई थी। वह मानसिक रूप से बीमार था। जिससे पत्नी भी उसे छोड़कर चली गई थी। तभी वह चचेरे भाई के घर में रहता था। जहां से दो वर्ष पूर्व कहीं चला गया था और आसपास घूमकर मांगता खाता रहता था। कभी-कभी घटनास्थल से डेढ़ किलोमीटर दूर आसीवन थानाक्षेत्र के गांव छत्ताखेड़ा निवासी भांजे इंद्रपाल के घर भी चला जाता था। प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि चचेरे भाई मुन्नी लाल की सूचना पर जांच के बाद शव पोस्मार्टम के लिये भेजा गया है।

# जम्मू-कश्मीर में गठबंधन, हरियाणा में कांग्रेस

शैलेश अवस्थी, कानपुर


राजीव शुक्ला।

- कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला ने किया दावा
- कश्मीर में भाजपा की अलगाववादियों के साथ मिलीभगत को खतरनाक बताया
- हरियाणा चुनाव में भाजपा के खिलाफ गुस्से का माहौल, जनता चाहती बदलाव

**अमृत विचार।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने दावा किया है कि विधानसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस-नेशनल कांन्फ्रेंस गठबंधन पूर्ण बहुमत हासिल करेगा, जबकि हरियाणा में कांग्रेस चुनाव जीतकर सरकार बनाएगी।

कानपुर प्रवास के दौरान अमृत-विचार से विशेष बातचीत में कांग्रेस सांसद ने बताया कि वह एक हफ्ते पहले जम्मू-कश्मीर गए थे। वहां कांग्रेस और नेशनल कांन्फ्रेंस गठबंधन के पक्ष में माहौल है। पार्टी का वादा है कि गठबंधन सरकार बनने पर जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिया जाएगा और रोजगार के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की अलगाववादियों से मिलीभगत है जो बेहद खतरनाक है, वह आग से खेल रही है। इस बात को वहां की जनता भी समझ रही है। जम्मू कश्मीर का आवाम शांति, रोजगार और विकास चाहता है और यह काम कांग्रेस ही कर सकती है। उन्होंने बताया कि जब वह केंद्र में योजना मंत्री थे, तब जम्मू-कश्मीर को विकास के लिए खासा पैकेज दिया था, लेकिन अब ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सरकार बनने पर राज्य का तेजी से विकास सुनिश्चित कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किए जाएंगे।

हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर सवाल के जवाब में वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने दावा किया कि वहां भाजपा के खिलाफ माहौल और गुस्सा है। पिछले 10 साल में भाजपा ने हरियाणा के लिए कुछ नहीं किया। भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी से लोग बेहाल हैं। जनता बदलाव चाहती है।

### दिल्ली में 'आप' से गठबंधन पर अभी कुछ कहना मुश्किल

- महाराष्ट्र और दिल्ली में भी कांग्रेस विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी है, यह जानकारी देते हुए शुक्ला ने कहा कि अभी यह नहीं कह सकते हैं कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी से गठबंधन होगा या नहीं।

### तिरुपति प्रसाद प्रकरण में भाजपा के शीर्ष नेता चुप

- शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पर हिन्दू और देश विरोधी होने का आरोप लगाने वाली भाजपा के शीर्ष नेता तिरुपति मंदिर प्रसाद मिलावट के मामले में क्यों नहीं बोल रहे हैं। यह तो हिन्दू आस्था से जुड़ा मामला है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की लोकप्रियता काफी बढ़ने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों नेता आमजन के बीच जाकर उनकी बात सुनते और राहत देते हैं।

## राहुल गांधी की नागरिकता मामले की सुनवाई 24 को

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में राहुल गांधी की नागरिकता के कथित विवाद पर दाखिल याचिका पर सुनवायी 24 अक्टूबर को होगी। मामले में सिटिजनशिप एक्ट के तहत की गयी शिकायत सक्षम प्राधिकारी को प्राप्त हो गयी है। हांलाकि केंद्र सरकार के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल एसबी पांडेय ने कहा कि उन्हें अभी सिर्फ मौखिक निर्देश ही मिले है और प्रत्यावेदन पर कृत कार्यवाही के बारे में लिखित निर्देश के लिए और समय चाहिए। न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने कर्नाटक के एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर पारित किया है। याची ने दलील दी कि उसके पास तमाम दस्तावेज और ब्रिटिश सरकार के कुछ ई-मेल हैं जिनसे यह सिद्ध होता है गांधी ब्रिटिश नागरिक हैं।

# उप्र. की सड़कों को मत्स्य विभाग को दे दें

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट


पूर्व विधायक आनंद शुक्ला।

- भाजपा के पूर्व विधायक आनंद शुक्ला ने एक्स पर की टिप्पणी ,बोले जनप्रतिनिधियों की कसावट अफसरों पर नहीं



पूर्व विधायक की चर्चित पोस्ट।

**अमृत विचार।** मानिकपुर के पूर्व विधायक भाजपा नेता आनंद शुक्ला एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार चर्चा में है उनकी एक्स पर की गई टिप्पणी, जिसमें उन्होंने प्रदेश की सड़कों की बदहाली उजागर की है। उन्होंने ट्वीट में लिखा है, 'उ.प्र. की सड़कों को मत्स्य विभाग को दे देना चाहिए ताकि गड्ढों में मत्स्य पालन कराया जा सके। लिखा कि वर्तमान समय में जनप्रतिनिधियों की वह कसावट अफसरों में नहीं दिखती, जो कसावट पहले नजर आती थी। कहा मेरे कार्यकाल में मेरे एक फोन में अफसर भागे चले आते थे।

भाजपा नेता आनंद शुक्ला अपनी मुखरता के लिए जाने जाते हैं। पार्टी से संबंधित मुद्दों पर भी खुलकर बोलना उनका स्वभाव है। उन्होंने प्रदेश की सड़कों को लेकर व्यंग्य किया है। जाहिर है, अपनी सरकार में अधिकारियों के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी को सत्तासीनों को नागवार गुजर सकती है। उन्होंने एक्स पर लिखा है, 'उ.प्र. की सड़कों को मत्स्य विभाग को दे देना चाहिए ताकि गड्ढों में मत्स्य पालन कराया जा सके। धर्मनगरी चित्रकूट से कौशांबी का अनुभव।' तय है कि एक वरिष्ठ भाजपा नेता, और वह भी जो एक जनप्रतिनिधि रह चुका है, की टिप्पणी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आनंद शुक्ला की इस पोस्ट पर तमाम लोग अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इस संबंध में जब पूर्व विधायक से बात की गई तो उन्होंने इसकी पुष्टि की, कहा सड़कों के हाल बेहाल हैं। उन्होंने कहा कि चित्रकूट से कौशांबी जाने वाले रास्ते की बदहाली किसी से छिपी नहीं। उन्होंने कई और सड़कों का जिक्र किया। उन्होंने अपने कार्यकाल को याद करते हुए दावा किया कि वह एक फोन करते थे तो अफसर भागे चले आते थे। उन्होंने किसी का नाम न लेते हुए कटाक्ष किया कि इसकी वजह यह थी कि न तो मेरे ओवरलोडेड ट्रक चलते थे और न बालू की खदानें थीं। अब तो कोई सुनता तक नहीं।

# यूके से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से गवाही नहीं

## हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर पत्नी ने की थी मांग, वैवाहिक विवाद में होनी है सुनवाई

विधि संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने वैवाहिक विवाद के एक मामले में युनाइटेड किंगडम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये गवाही दर्ज करने का आदेश देने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायालय ने पाया कि परिवार न्यायालय के समक्ष चल रही कार्यवाही में याची आज तक उपस्थित नहीं हुयी है और ऐसा कोई विशेष कारण नहीं है कि याची को इस तरह की अनुमति दी जाय।

यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने पत्नी की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया। उक्त याचिका पत्नी ने अपनी मां को मुख्तार आम नियुक्त करते हुए, उन्हीं के जरिये दाखिल करायी थी। याचिका में परिवार न्यायालय, लखनऊ के उस आदेश को चुनौती दी गयी थी जिसमें याची के वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिये गवाही दर्ज करने सम्बन्धी अर्जी को खारिज कर दिया गया था। याची की ओर से दलील दी गयी कि वह एक ब्रिटिश नागरिक है और अपने बच्चों के साथ यूके में रहती है। कहा गया कि याची के पति ने भी यूके में मेडिकल प्रैक्टिस के लिए परीक्षा दी थी लेकिन वह सफल नहीं हो सका जबकि याची स्कॉटलैंड के एक अस्पताल में साइकेट्रिस्ट है। कहा गया कि बाद में पति ने लखनऊ के परिवार न्यायालय में तलाक का मुकदमा दाखिल कर दिया, चुंकि याची यूके में रहती है इसलिए उसने अपनी मां को मुख्तार आम नियुक्त करते हुए, मुकदमे की सभी कार्यवाही का अधिकार उन्हें दे दिया। मांग की गयी कि उक्त मुकदमा अब साक्ष्य के स्टेज पर है लिहाजा उसकी गवाही जरिये वीसी दर्ज की जाय। हालांकि परिवार न्यायालय ने यह कहते हुए उसके अर्जी को खारिज कर दिया कि याची ने यह नहीं स्पष्ट किया है कि वह यूके की किस अदालत से वीसी के जरिये बयान दर्ज कराएगी, न ही हमारे पास यूके के अदालतों की कोई सूची है और समय में छह घंटे का अंतर भी एक बाधा है। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात पारित अपने आदेश में कहा कि याची की मां का बयान दर्ज किया जा चुका है और ऐसा कोई विशेष कारण भी नहीं उल्लिखित किया गया है जिसके आधार पर याचिका को मंजूर किया जाय।

### किशोरी के अपहरण और रेप में आजीवन कारावास

**औरैया।** दिबियापुर थाना क्षेत्र में करीब दो वर्ष पहले एक किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और फिर उसके साथ दुष्कर्म करने के के मामले में विशेष न्यायाधीश मनराज सिंह ने दोषी रोहित पाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता अभिषेक मिश्रा एवं विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) मृदुल मिश्रा ने बताया कि दिबियापुर थाने में किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुराचार करने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। वादी ने तहरीर में बताया था कि 2 नवंबर 2022 की शाम 6 बजे उसकी 15 वर्षीया पुत्री को आरोपी बहला-फुसलाकर ले गया। हालांकि वादी ने जिस व्यक्ति को नामजद किया था, पुलिस ने विवेचना में उसकी नामजदगी गलत पाई थी और तफ्तीश में जनेतपुर गांव के रोहित पाल पुत्र अमर सिंह पाल को आरोपी बनाया था। पुलिस ने मामले की विवेचना पूरी करने के बाद रोहित पाल के विरुद्ध अपहरण, दुष्कर्म, पॉक्सो और एससी-एसटी एक्ट में कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। यह मामला विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) मनराज सिंह की कोर्ट में चल चर रहा था। सोमवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना निर्णय सुनाया। विशेष लोक अभियोजक मृदुल मिश्रा ने किशोरी के साथ घिनौना कृत्य करने के दोषी को कठोर दण्ड देने की मांग की, वहीं बचाव पक्ष की ओर से उसे निर्दोष बताया गया। दोनों पक्षी को ओर से दलीलें सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश मनराज सिंह ने दोषी रोहित पाल को सभी धाराओं में दण्डित किया। कोर्ट ने अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा के साथ ही एक लाख रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

### अपहरण और हत्या के दो दोषियों को उम्रकैद

**हमीरपुर।** अपहरण कर हत्या करने के 18 साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश डकैती कोर्ट अनिल कुमार खरवार की अदालत ने दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंद्रप्रकाश गोस्वामी ने अदालत को बताया कि बिवांर थाना क्षेत्र के सायर गांव निवासी पीड़ित पिता रमजानी ने मौदहा थाना पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दी थी। बताया था कि तलाश के दौरान रस्सन लंबरदार के खेतों के पास झाड़ियों में उसके बेटे का शव पड़ा मिला। दोषियों ने उसके बेटे अल्ताफ की हत्या गले में बेल्ट से गला घोंटकर की है। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र तैयार कर कोर्ट में पेश किया था। अदालत ने दोषी सैय्यद उर्फ शमशेर व जुम्मन को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

## असंगठित कामगारों के कल्याण के लिए मिलकर कार्य करें

**लखनऊ।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि असंगठित कामगारों के कल्याण के लिए सभी राज्यों को मिलकर काम करना चाहिए। राज्यमंत्री सोमवार को राजधानी में 'रोजगार सृजन और श्रम सुधारों की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उप्र, उत्तराखंड, बिहार, मप्र और दिल्ली के श्रम विभाग के अधिकारियों से कहा कि श्रम सुधार, ई-श्रम पोर्टल, भवन एवं अन्य निर्माण कामगारों और रोजगार सृजन में सभी राज्यों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

## स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने में निर्देशों का नहीं हो रहा पालन

**लखनऊ।** बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने में केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के निर्देश का पालन नहीं हो रहा है। केंद्र ने स्मार्ट मीटर के साथ ही, तीन माह तक पुराने मीटर भी लगाए रखने के निर्देश दिए थे, ताकि नये मीटर की जांच भी होती रहे। उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता परिषद ने केंद्र से निर्देश का सख्ती से पालन कराए जाने की मांग की है। पूरे प्रदेश में लगभग एक लाख 45 हजार स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए हैं। इनमें लगभग एक लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर पूर्वांचल निगम में, 30 हजार मीटर दक्षिणांचल निगम, लगभग पांच हजार पश्चिमांचल निगम और लगभग ढाई हजार मीटर मध्यांचल निगम क्षेत्र के उपभोक्ताओं के आवासों पर लगाए गए हैं। केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने 16 सितंबर 2023 को समानांतर मीटर की व्यवस्था का निर्देश दिया था। निर्देश में उपभोक्ताओं के परिसर पर लगे साधारण मीटर को ही चेक मीटर घोषित करने को कहा गया था। यह व्यवस्था इसलिए की गई थी कि तीन माह तक समानांतर मीटर होने पर नए मीटर की चाल की जांच होती रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मनकीकलां वि०ख० कुरारा (हमीरपुर)**

पत्रांक– 10/ पंचम वित्त/ पंद्रहवा वित्त 2024–2025 दिनांक–30/09/2024

**निविदा सूचना**

पंचम/पंद्रहवा वित्त आयोग योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मनकीकलां में अंबेडकर पार्क में इण्टरलॉकिंग खड़ंजा का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्ध टेंडर दिनांक 07/10/24 तक आवंटित किये जाते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक 07/10/24 को अपराहन चार बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे।

सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह शपथ पत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी/टेण्डर दाताओं को G.S.T नं0 अनिवार्य है आपूर्ति की गयी सामग्री में मानक/गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना/कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

| क्र0सं0 | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | 16.00 Bags |
| 2 | लोकल बालू | 00 |
| 3 | सी0 सैण्ड | 42.36 M3 |
| 4 | 40 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 07.03 M3 |
| 5 | 20 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 00 |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईंटा | 00 |
| 7 | सरिया | 00 |
| 8 | 80 mm thick Interlocking Bircks | 4215 नग |
| 9 | TT Cartge Aor BC soil etc | 14.43 M3 |

प्रधान
ग्राम पंचायत मनकीकलां
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

सचिव/ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मनकीकलां
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)


# भाजपा नेताओं को हर हाल में पूरा करना होगा लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कमजोर साबित हो रहे सांसद-विधायक और महापौर के कसे गए पेच

**अमृत विचार।** राज्य भाजपा के शीर्ष नेताओं ने सोमवार को सदस्यता अभियान में कमजोर साबित हो रहे पार्टी के सभी सांसदों, विधायकों, महापौर, नगर निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों समेत सांगठनिक इकाईयों के प्रमुखों के पेच कसे। कहा कि सभी को अपने लक्ष्य हर हाल में पूरा करने होंगे। इस दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों व महानगरों के नेताओं को मंच पर बुलाकर सराहना भी की गई। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने सोमवार को विश्वेश्वरैया सभागार में सदस्यता अभियान की समीक्षा और दूसरे चरण की कार्ययोजना तय की। चौधरी ने कहा कि दूसरे चरण में 1 अक्टूबर से 15 तक सघन अभियान में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। पार्टी के प्रत्येक सांसद को 20 हजार, महापौर को 20 हजार और विधायक को 10 सदस्य बनाने का लक्ष्य पूरा करने में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। 2 करोड़ सदस्य बनाने के सापेक्ष अभी तक प्रदेश में 1 करोड़ 67 लाख से अधिक मतदाता सदस्य बन चुके हैं। कहा अभी तक अपने रैफलर कोड से सदस्य बनाकर लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया, वह सभी लक्ष्य प्राप्त कर लें।

### आईएएस नितिन रमेश गोकर्ण समेत 2 आईएएस 4 पीसीएस रिटायर

**लखनऊ।** राज्य में कुछ आईएएस और पीसीएस की जिम्मेदारियों में बदलाव संभव है। यह बदलाव दो आईएएस और चार पीसीएस अफसरों के सेवानिवृत्त होने के कारण किया जा सकता है। सोमवार को साल 1990 बैच के आईएएस अधिकारी नितिन रमेश गोकर्ण और अनिल कुमार सेवानिवृत्त हो गए। नितिन रमेश गोकर्ण अपर मुख्य सचिव आवास की जिम्मेदारी निभा रहे थे।

इस पद पर उनकी पोस्टिंग मई 2022 में हुई थी। जबकि अनिल कुमार निबंधक व आयुक्त सहकारिता का पदभार संभाल रहे थे। इसके अलावा, पीसीएस अधिकारी संदीप कुमार गुप्ता, कमलेश कुमार अवस्थी, राम प्रकाश और सुनील कुमार भी सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए।

## पेट्रोलियम पदार्थों की तस्करी में होगी सख्त कार्रवाई

**लखनऊ।** रेलवे लाइन पर बढ़ती घटनाओं के बाद पेट्रोलियम पदार्थो की पाइप लाइन से हो रही चोरी या तस्करी की वारदातों के मद्देनजर उत्तर प्रदेश पुलिस अब कानून को सख्ती से लागू करने जा रही है। इस तरह की घटनाओं में आरोपियों के खिलाफ भारत सरकार ने पेट्रोलियम एण्ड मिनरल पाइप लाइन ट्रान्सपोर्ट एक्ट 1962, धारा 15 व 16 में संशोधन कर पूर्व में उसे और सख्त बनाया था।

पाइप लाइन से छेड़छाड़ और तेल चोरी या तस्करी करने वालों के खिलाफ पुलिस अब इसी एक्ट के तहत ऐसी कानूनी कार्रवाई करेगी जो आरोपियों को अदालत में आजीवन कारावास और फांसी तक की सजा दिला सकती है। इस संबंध में पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से जोनल के एडीजी और परिक्षेत्र के आईजी के साथ बैठक कर इस तरह की वारदातों को रोकने और आरोपियों पर सख्ती करने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि मथुरा रिफाइनरी व कानपुर पेट्रोलियम डिपो के क्षेत्रों में बड़े स्तर पर तेल माफिया पनप रहे हैं, जो पाइप लाइनों को क्षतिग्रस्त कर पेट्रोलियम उत्पादों की चोरी करते हैं। इससे जहां एक ओर राष्ट्रीय क्षति होती है वहीं दूसरी तरफ व्यापक अग्निकांड से जनजीवन को खतरा होने की आंशका रहती है। पिछले दिनों इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस मुख्यालय में डीजीपी प्रशांत कुमार ने महत्वपूर्ण बैठक की थी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मनकीकलां वि०ख० कुरारा (हमीरपुर)**

पत्रांक– 11/ पंचम वित्त/ पंद्रहवा वित्त 2024–2025 दिनांक–30/09/2024

**निविदा सूचना**

पंचम/ पंद्रहवा वित्त आयोग योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मनकीखुर्द में कम्पोजिट विद्यालय में टाइल्स लगाने का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्ध टेंडर दिनांक 07/10/24 तक आवंटित किये जाते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक 07/10/24 को अपराहन चार बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे।

सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह शपथ पत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी/टेण्डर दाताओं को G.S.T नं0 अनिवार्य है आपूर्ति की गयी सामग्री में मानक/गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना/कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

| क्र0सं0 | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | 17.00 Bags |
| 2 | लोकल बालू | 00 |
| 3 | सी0 सैण्ड | 03.820 M3 |
| 4 | 40 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 00 |
| 5 | 20 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 07.630 M3 |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईंटा | 00 |
| 7 | सरिया | 00 |
| 8 | Kajaria Kerro Brand Tiles | 163.00 SQM |
| 9 | Photography Aor Site stationery | 01 Job |

प्रधान
ग्राम पंचायत मनकीकलां
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

सचिव/ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मनकीकलां
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)


राजनीति

सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा, भाजपा की नीतियों से तंग आ चुकी है जनता

# उपचुनाव में सपा जीतेगी दसों सीटें : श्यामलाल

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


गोला की प्रेसवार्ता में बोलते सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल। अमृत विचार

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि भाजपा की सरकार ने किसानों, युवाओं, बेरोजगारों के साथ धोखा किया है। इस सरकार में शोषितों, वंचितों की कोई सुनने वाला नहीं है। निकट भविष्य में होने जा रहे उप चुनाव में सपा 10 में से 10 सीटों पर चुनाव जीतेगी।

सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने काव्य महाकुंभ में हिस्सा लेने के बाद सपा के पूर्व विधायक विनय तिवारी के आवास पर पत्रकारों से वार्ता की। कहा कि जनता उनके साथ है, इसलिए मुख्यमंत्री की नींद उड़ गई है। उप चुनाव को लेकर भाजपा परेशान है। मिल्कीपुर का प्रभार खुद मुख्यमंत्री योगी देख रहे हैं। उन्हें चिंता है कि कहीं अन्य सीटों के साथ यह सीट भी खिसक न जाए। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस से उनका समझौता है। उप चुनाव में कांग्रेस को भी सीटें दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि वह जाति देख कर सवाल नहीं उठाते, उनकी पार्टी हर शोषित पीड़ित वंचित के साथ खड़ी है। भाजपा के लोग सपा के लोगों को गुंडा कहते हैं। उन्होंने भाजपा की सामंतवादी, पूंजीवादी, बुलडोजर वाली नीति को समाप्त करने के खिलाफ आवाज उठाई तो देश की सर्वाच्च अदालत ने बुलडोजर कार्यवाही पर रोक लगा दी।

उन्होंने कहा कि सहकारी गन्ना समितियों के चुनाव में सरकार मनमानी कर रही है। पूरी तरह बेईमानी पर उतारू है। लखीमपुर, पीलीभीत, शाहजहांपुर समेत पूरे प्रदेश में अन्याय हो रहा है। सपा चुप नहीं बैठेगी। 2024 के चुनाव में भाजपा को जनता ने सबक सिखा दिया। भाजपा का किसानों की आय दो गुनी करने का वादा एक धोखा है। भाजपा सरकार स्वामीनाथन के विचारों का अहमियत देने का राग अलापती रहती है, पर उनके विचारों को सतही स्तर पर लागू नहीं किया जाता। भाजपा की सरकार किसान विरोधी सरकार है। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि बाघ, भेड़िए से किसान परेशान हैं। तमाम जानें जा चुकी हैं। फिर भी सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। जिन लोगों की छुट्टा जानवरों से मौत हुई। सपा मुखिया ने उन्हें आर्थिक सहायता देने का काम किया है। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि योगी सरकार किसानों की जान बचाने को ठोस उपाय करे, छुट्टा जानवरों को पकड़वा कर उन्हें बंद कराए और बाघ से किसानों को सुरक्षित रखने के लिए अभियान चला कर उन्हें खेतों से खदेड़ा जाए। जिससे किसान की जान बचे और किसान खेती किसानी कर सके।

## अधिकांश कर्मचारियों ने कर दिया संपत्ति का खुलासा

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारियों के लिए सोमवार का दिन अपनी संपत्ति का ब्योरा देने का आखिरी दिन रहा। कार्मिक विभाग और बाद में मुख्य सचिव कार्यालय से मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड की गई जानकारी की समीक्षा कर आगे कदम उठाया जाएगा। इससे पूर्व समय से विवरण अपलोड न करने वाले निकाय, बिजली और अन्य कई विभागों के कर्मचारियों का वेतन रोक कर चेतावनी जारी की गई थी कि 30 सितंबर तक सभी कर्मी अपनी संपत्ति का ब्यौरा अवश्य दें दें। हालांकि सोमवार शाम तक 95 फीसदी राज्य कर्मियों ने अपनी संपत्ति का विवरण पोर्टल पर अपडेट कर दिया।इसमें पुलिस, लोक निर्माण और कृषि विभाग के कर्मचारी आगे रहे। इन विभागों के 99 फीसदी कर्मचारियों ने इस बाबत जानकारी ऑनलाइन कर दी।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2700–2750 आर.आर.21. 2800–2850 गेहूंफारम 2900–2950 जौ 2300–2400 ज्वार 2000 –4000 बाजरा 2250–2300 मकाई 2400 –2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7100 –7200 अरहर 8500 –9000 मसूर 5500 –5600 मटर 3600 –3700 उड़दहरा 11500 –12000 उड़दकाला 7500 –8500 मूंग 7500 –8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15400–15500 अरहरस्पेशल 12300–12400 चनादाल 8900–9000 मटरदाल 4450–4550 मसूरमलका 7100–7150 मसूरदाल 7300–7350 उड़ददाल 9000– 13800 उड़द धोवा 10000– 12800 मूंगदाल 8500 –9700 मूंग धोवा 9500–11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800–4000 बासमती न01.10500–11000 सेला 3000–4000 बासमती न02. 7000 –8000 आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1580–1670 मैदा 1660–1670 सूजी 1650–1700 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1550–1575 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5900–6000 अलसी 4500 –4600 अण्डी 4600 –4700 तिल्ली 11000– 11500 मूंगफली दाना षिवपुरी 9400– 11200 बटाली 8800 –11200 सेहुआं 4000 – 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसोंकोल्हू 15000–15100 अलसी 12200–12300 अण्डी 14000–14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1960–1968 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550–2600 अलसी 5150–5200 अण्डी 1400–1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1960–1963 मयूर 1960–1963 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौर लडडू 4900–5200 देशीभेली 4600–4700 शक्कर दाना (प्रति क्वि.) एम. 30. 4180–4200 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000–60100 औरय्या 51300–51400 माधौगढ़ 53300–53400

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 92600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 100000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 105000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 77550 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 57800–58000 |

# बिकवाली से सेंसेक्स 1.49% गिरा

## पश्चिमी एशिया में तनाव, जापानी बाजार में कमजोर रुख का दिखा असर

- निफ्टी ने भी 368 अंक यानी 1.41% का लगाया गोता

मुंबई, एजेंसी

पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव और जापानी बाजार में कमजोर रुख के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में दिग्गज कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से बड़ी गिरावट आई। सेंसेक्स 1,272 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी ने 368 अंक का गोता लगाया। विश्लेषकों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई और एचडीएफसी बैंक में भारी बिकवाली के अलावा विदेशी पूंजी की निकासी से भी बाजार में गिरावट रही।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 1272.07 अंक यानी 1.49% लुढ़क कर 84,299.78 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1,314.71 अंक तक फिसलकर 84,257.14 पर आ गया था। एनएसई का सूचकांक निफ्टी 368.10 अंक यानी 1.41% की बड़ी गिरावट से 25,810.85 अंक पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि एशियाई बाजारों में कमजोरी, पश्चिम एशिया में बढ़ते और चीन सरकार के प्रोत्साहन वाले कदमों से बाजार को झटका लगा। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयरों में 3% से अधिक की गिरावट आई। आईसीआईसीआई, नेस्ले, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी, बजाज फिनसर्व, एसबीआई और टाटा मोटर्स में भी गिरावट का रुख बना रहा।

### निवेशकों की संपत्ति 3.57 लाख करोड़ रुपये घटी



नई दिल्ली। शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट के साथ निवेशकों को 3.57 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी। बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स 1,272.07 अंक यानी 1.49 प्रतिशत गिरकर 84,299.78 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 1,314.71 अंक यानी 1.53 प्रतिशत टूटकर 84,257.14 पर आ गया था। विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव और जापानी बाजार में कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार में प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से गिरावट आई। इसके साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,57,885.53 करोड़ रुपये घटकर 4,74,35,137.15 करोड़ रुपये पर आ गया।

# पीसीआर: विकल्प बाजार का महत्वपूर्ण सूचक

पुट कॉल रेसियो (पीसीआर) विकल्प बाजार में एक महत्वपूर्ण सूचक है, जो निवेशकों की भावना और बाजार की दिशा को दर्शाता है। यह पुट विकल्पों और कॉल विकल्पों के अनुपात को दर्शाता है, जिससे निवेशकों को बाजार की स्थिति का अनुमान लगाने में मदद मिलती है। विकल्प बाजार में निवेश करने से पहले पीसीआर का विश्लेषण करना निवेशकों के लिए आवश्यक है। आइए इस पर जरा ध्यान दिया जाए ...

पीसीआर = पुट विकल्पों की संख्या/कॉल विकल्पों की संख्या




### अनुपात

- पीसीआर 1 से अधिक है, तो निवेशक बाजार में गिरावट की उम्मीद कर रहे हैं।
- रेसियो 1 से कम है, तो निवेशक बाजार में वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।

### महत्वपूर्ण

- उच्च जोखिम वाले निवेश में शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा, विकल्प व फ्यूचर, क्रिप्टोकरेंसी बाजार, प्राइवेट इक्विटी निवेश और हेज फंड निवेश शामिल हैं।
- विविधीकरण, जोखिम प्रबंधन, शिक्षा और अनुभव, विशेषज्ञ की सलाह और नियमित निगरानी से जोखिम कम किया जा सकता है।

### निम्न चरण का करें पालन

- **विकल्प बाजार में ओपन इंट्रेस्ट देखें :** विकल्प बाजार में ओपन इंट्रेस्ट देखें, जिसमें पुट और कॉल विकल्पों की संख्या शामिल है।
- **पुट और कॉल विकल्पों का अनुपात :** पुट विकल्पों की संख्या को कॉल विकल्पों की संख्या से विभाजित करें।
- वहीं वित्तीय वेबसाइटों और प्लेटफॉर्मों पर पुट कॉल रेसियो की जानकारी देख सकते हैं, जैसे कि वरसिटी बाय जोरोधा।




### उच्च जोखिम

**अस्थिरता :** ऐसे निवेश में बाजार की कीमतें तेजी से बदल सकती हैं।
**अनिश्चितता :** ऐसे निवेश में भविष्य आय या मूल्य की अनिश्चितता होती है।
**उच्च रिटर्न की उम्मीद :** ऐसे निवेश में उच्च रिटर्न की उम्मीद होती है।

### उपाय

**विविधीकरण :** निवेश को कई प्रकार के आस्तियों में विभाजित करें।
प्रबंधन : जोखिम को प्रबंधित करने की रणनीतियों का उपयोग करें।
शिक्षा और अनुभव : निवेश से पहले शिक्षा और अनुभव प्राप्त करें।

उच्च जोखिम वाले निवेश में निवेशकों को आकर्षित करने की क्षमता होती है, लेकिन यह जोखिम भरा भी हो सकता है। उच्च रिटर्न की उम्मीद में निवेशक अपनी पूंजी को जोखिम में डाल सकते हैं। लेकिन, उच्च जोखिम वाले निवेश में हानि की संभावना भी अधिक होती है। उच्च जोखिम वाले निवेश में शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा बाजार, विकल्प बाजार, फ्यूचर बाजार, क्रिप्टोकरेंसी बाजार, प्राइवेट इक्विटी निवेश और हेज फंड निवेश शामिल हैं। उच्च जोखिम वाले निवेश से पहले सावधानी से विचार करना आवश्यक है।

## सेबी का नई परिसंपत्ति श्रेणी लाने का फैसला

- भेदिया कारोबार के नियमों में किया गया संशोधन

**मुंबई।** सेबी के निदेशक मंडल ने उच्च जोखिम वाले निवेशकों के लिए नई परिसंपत्ति श्रेणी शुरू करने के प्रस्ताव पर सोमवार को मुहर लगाई। इस श्रेणी में प्रति निवेशक न्यूनतम 10 लाख रुपये का निवेश कर सकता है। नया निवेश विकल्प से परिसंपत्ति निर्माण में लचीलापन और म्यूचुअल फंड एवं पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं (पीएमएस) के बीच की खाई पाटने में मदद मिलेगी। जारी बयान के अनुसार ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) जैसे सूचकांकों पर नजर रखने से जुड़ी म्यूचुअल फंड योजनाओं के लिए नियामक ढांचे को ढील देने को मंजूरी दी गई है। सेबी निदेशक मंडल की बैठक में 17 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें भेदिया कारोबार के नियमों में संशोधन और निवेश सलाहकारों एवं शोध विश्लेषकों के लिए पात्रता मानदंड और अनुपालन शर्तों में रियायत दिया जाना शामिल है।

## लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में नहीं हुआ कोई बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- चौथी तिमाही के लिए कुछ योजनाओं की दरों में किया गया था बदलाव

सरकार ने सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) एवं लघु बचत योजनाओं पर 2024-25 की तीसरी तिमाही के लिए ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने की सोमवार को घोषणा की। सरकार ने तीन तिमाहियों से ब्याज में बदलाव नहीं किया है। 2023-24 की चौथी तिमाही में कुछ योजनाओं की दरों में बदलाव हुआ था।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि 2024-25 की तीसरी तिमाही (1 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2024) के लिए कई लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें दूसरी तिमाही (1 जुलाई से 30 सितंबर 2024) के लिए दरें समान रहेंगी। सुकन्या समृद्धि पर 8.2% ब्याज मिलेगा जबकि तीन साल की सावधि जमा पर ब्याज 7.1%होगा। पीपीएफ और डाकघर बचत पर ब्याज दरें क्रमशः 7.1 और 4% रहेंगी। केवीपी पर 7.5% तथा यह 115 महीनों में परिपक्व होगा। वहीं राष्ट्रीय बचत पत्र पर ब्याज दर 7.7% रहेगी। डाकघर मासिक आय योजना के निवेशकों को 7.4% ब्याज मिलेगा।

## आयकर ऑडिट रिपोर्ट 7 अक्टूबर तक कर सकेंगे दाखिल

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने 2023-24 के लिए ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की तारीख बढ़ाकर सात अक्टूबर कर दी है। विभाग ने कहा कि ऑडिट रिपोर्ट को इलेक्ट्रॉनिक दाखिल करने में करदाताओं के समक्ष आ रही कठिनाइयों के मद्देनजर समय सीमा 30 सितंबर से बढ़ाकर सात अक्टूबर की गई है। लेखा एवं परामर्श कंपनी मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक रूप से दाखिल करने में आ रही समस्याओं पर समयसीमा सात दिन और बढ़ाने का फैसला हुआ है।

## चालू खाता घाटा बढ़ा, जीडीपी का 1.1%

मुंबई, एजेंसी

देश का चालू खाते का घाटा अप्रैल-जून तिमाही में मामूली रूप से बढ़कर 9.7 अरब डॉलर यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.1% हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 8.9 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1% था। आरबीआई ने सोमवार को चालू खाते से संबंधित ये आंकड़े जारी किए। गत जनवरी-मार्च तिमाही में चालू खाता 4.6 अरब डॉलर यानी जीडीपी के 0.5% अधिशेष में था।

रिजर्व बैंक ने चालू खाता घाटे में सालाना आधार पर बढ़ोतरी को वस्तु व्यापार में फासला बढ़ने को जिम्मेदार बताया है। वस्तु व्यापार अंतराल चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 65.1 अरब डॉलर दर्ज किया गया जो पिछले साल की समान तिमाही में 56.7 अरब डॉलर था। समीक्षाधीन तिमाही में शुद्ध सेवा प्राप्तियां एक साल पहले के 35.1 अरब डॉलर से बढ़कर 39.7 अरब डॉलर हो गईं।

### प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अगस्त में 1.8% घटी

**नई दिल्ली।** कोयला, कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में गिरावट से अगस्त में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में 1.8% की कमी आई। सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई में यह वृद्धि दर 6.1% थी। प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अगस्त 2023 में 13.4% थी। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल–अगस्त के दौरान यह 4.6% बढ़ा। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 8% था। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27% हिस्सेदारी है।



## एक नजर

### कई राज्यों से 26 ठगों को सीबीआई ने पकड़ा

नई दिल्ली। सीबीआई ने लोगों को ठगने से जुड़ीं गतिविधियों में शामिल होने के आरोपी 26 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि ऑपरेशन चक्र–3 के तहत पुणे, हैदराबाद, अहमदाबाद और विशाखापत्तनम में 32 अलग–अलग जगहों पर छापेमारी हुई। एजेंसी ने 58.45 लाख नकद, लॉकर की चाबियां और तीन लग्जरी गाड़ियां जब्त की हैं। एजेंसी ने जिन स्थानों पर छापेमारी की उनमें चार कॉल सेंटर – पुणे के रीजेंट प्लाजा में स्थित वी.सी. इनकंफॉर्मिटीज प्राइवेट लिमिटेड, विशाखापत्तनम के मुरली नगर में स्थित वी.सी. इंफ्रोमेट्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद में स्थित वायाजेक्स सॉल्यूशंस और विशाखापत्तनम में स्थित अत्रिया ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं।

### नोएडा में सड़क हादसे में चार की मौत, एक घायल

नोएडा (उप्र)। सेक्टर 24 थाना क्षेत्र के सेक्टर 11 के पास हुए सड़क हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि हादसा रविवार देर रात दो बजे हुआ और पीड़ित दिल्ली के न्यू कोंडली के थे। अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) जोन प्रथम मनीष मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने घायल उत्तम की शिकायत पर मामला दर्ज किया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उत्तम ने बताया कि रविवार रात को वह मोहित, विशाल, मनीष और हिमांशु उर्फ बिट्टू के साथ नोएडा आए थे तथा दिल्ली लौट रहे थे। कार हिमांशु चला रहा था, तभी सेक्टर–11 स्थित एच ब्लॉक में ट्रैक्टर चालक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। इस घटना में कार सवार सभी लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने चारों लोगों को मृत घोषित कर दिया।

# मोदी पर खरगे की टिप्पणी अपमानजनक : शाह

## जम्मू-कश्मीर की जनसभा में कांग्रेस अध्यक्ष के दिए बयान की गृहमंत्री ने की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी



- शाह बोले- नफरत दिखाते हुए खरगे ने अपने स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री का नाम बिना वजह ही घसीटा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जम्मू-कश्मीर में एक जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर की गई टिप्पणी को सोमवार को अत्यंत खराब और अपमानजनक करार दिया। शाह ने कहा कि कटु तरीके से नफरत दिखाते हुए खरगे ने यह कहकर अपने निजी स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम बिना वजह ही घसीटा कि वह मोदी को सत्ता से हटाने से पहले नहीं मरेंगे।

जम्मू-कश्मीर के जसरोटा में रविवार को रैली में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे की तबीयत खराब हो गई, लेकिन कुछ देर रुकने के बाद उन्होंने भाषण जारी रखा और सत्तारूढ़ दल पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को सत्ता से हटाने से पहले वह मरेंगे नहीं। खरगे ने कांपती आवाज में कहा कि जब हमारी सरकार आएगी तो हम आतंकवाद को खत्म कर देंगे।

शाह ने खरगे की इस टिप्पणी को पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने भाषण में कल अपमानजनक व्यवहार किया। शाह ने लिखा कि कटु तरीके से नफरत दिखाते हुए उन्होंने अपने स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री मोदी को अनावश्यक घसीटा और कहा कि वह प्रधानमंत्री को हटाने से पहले नहीं मरेंगे। खरगे की टिप्पणी से पता चलता है कि कांग्रेस में प्रधानमंत्री के प्रति कितनी नफरत और डर है तथा वे उन्हीं के बारे में सोचते रहते हैं। मंत्री ने कहाक ि जहां तक खरगे जी के स्वास्थ्य का सवाल है, तो मोदी जी, मैं और हम सभी प्रार्थना करते हैं कि वह दीर्घायु हों और स्वस्थ जीवन जिएं। वह अनेक वर्षों तक जीवित रहें। वह 2047 तक विकसित भारत का निर्माण होता देखने के लिए जीवित रहें।

### गृहमंत्री मणिपुर और जाति जनगणना पर दें ध्यान : खरगे



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह को मणिपुर, जनगणना और जातिगत जनगणना जैसे गंभीर मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। खरगे ने शाह की टिप्पणी के बाद एक्स पर पोस्ट किया कि आपकी सरकार का ही सर्वे कहता है कि शहरी सीवरों, सेप्टिक टैंकों की सफाई करने वाले 92% कर्मचारी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्गों से आते हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा जातिगत जनगणना के विरोध में इसलिए है क्योंकि तब पता चल जाएगा कि एससी, एसटी, ओबीसी आर्थिक रूप से कमजोर व सभी कौन–कौन से कार्यों से जीवन–यापन कर रहे हैं, उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति क्या है तथा उनको किस तरह सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जातिगत जनगणना करवाने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है। हम ये करवाकर ही रहेंगे।

## उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है मोदी सरकार : राहुल गांधी

चंडीगढ़, एजेंसी



- कांग्रेस नेता ने अंबाला की चुनावी रैली में मोदी सरकार पर उद्योगपतियों के लिए काम करने का लगाया आरोप

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को किसानों के कल्याण, अग्निपथ और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर उद्योगपतियों के लिए काम करने का आरोप लगाया और दावा किया कि कांग्रेस हरियाणा में सरकार बनाएगी और बदलाव लाएगी।

अंबाला के नारायणगढ़ की रैली में राहुल गांधी ने कहा कि लड़ाई कांग्रेस और भाजपा की विचारधाराओं में है। कांग्रेस न्याय और भाजपा अन्याय है। राहुल ने दावा किया कि जैसे सुनामी आती है, वैसे ही गौतम अडाणी के बैंक खाते में पैसे आते हैं, जबकि आम आदमी संघर्ष करता रहता है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा कुमारी सैलजा इस मौके पर उपस्थित थे। कांग्रेस में कलह के दावे के बीच हुड्डा और सैलजा को एक मंच पर लाकर कांग्रेस ने एकजुटता का संदेश देने का प्रयास किया।

### संविधान बदलने की बात करने वालों को बदल दीजिए : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य के लोगों को उन लोगों को बदल देना चाहिए, जो संविधान बदलने की बात करते हैं और हर स्तर पर उसका अपमान करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों ने हमेशा देश की रक्षा की है। किसानों, जवानों और खिलाड़ियों ने देश का सम्मान बरकरार रखा है।

## दलित युवक को आईआईटी-धनबाद दे प्रवेश : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- फीस की राशि जमा नहीं कर पाने पर युवक को गंवानी पड़ी थी सीट

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आईआईटी-धनबाद से फीस जमा न करने के कारण सीट गंवाने वाले दलित युवक को प्रवेश देने को कहा। युवक समय से फीस जमा न कर पाने से आईआईटी -धनबाद में प्रवेश नहीं ले पाया था। अब न्यायालय ने संस्थान से उसे बीटेक में प्रवेश देने को कहा है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि हम ऐसे युवक को अवसर से वंचित नहीं कर सकते। उसे मझधार में नहीं छोड़ सकते। अदालत ने आईआईटी-धनबाद को अतुल कुमार को संस्थान के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग बीटेक में प्रवेश देने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि हमारा मानना है कि याचिकाकर्ता जैसे प्रतिभाशाली छात्र को वंचित नहीं किया जाना चाहिए, जो हाशिए पर पड़े समूह से ताल्लुक रखता है और जिसने प्रवेश पाने के लिए हरसंभव प्रयास किया।

## आतंकियों के खात्मे को तलाश अभियान जारी

**जम्मू।** सुरक्षाबलों ने हालिया मुठभेड़ों के बाद आतंकियों के खात्मे के लिए कठुआ और राजौरी में जारी तलाश अभियान को सोमवार को नए क्षेत्रों तक बढ़ा दिया। शनिवार शाम कठुआ की बिलावर तहसील के कोग-मंडली गांव में मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी शहीद और दो घायल हो गए थे। सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर किया था। वहीं, रविवार शाम राजौरी के मनियाल गली में आतंकियों और सुरक्षाबलों में संक्षिप्त गोलीबारी हुई थी। कठुआ में तीसरे दिन भी तलाश अभियान जारी है और मुठभेड़ स्थल के पास के गांवों तक घेराबंदी कर दी गई है।

## एक्सीडेंटल हिंदू बर्दाश्त नहीं कर पा रहे राम मंदिर

भिवानी/हिसार/नारनौंद/पंचकुला, एजेंसी



- योगी बोले- रोम की संस्कृति में पले लोग इसे नहीं कर पा रहे स्वीकार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिये बगैर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा में कहा कि रोम की संस्कृति में पले बढ़े लोग राम मंदिर निर्माण को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं।

हरियाणा में आयोजित रैलियों में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 500 वर्ष बाद 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री मोदी के करकमलों से रामलला अयोध्या धाम में विराजमान हुए, लेकिन घड़ियालू आंसू बहा रही कांग्रेस को इससे नफरत है। यही अंतर है राम की संस्कृति और रोम की संस्कृति में है। राम की संस्कृति में पला-बढ़ा व्यक्ति प्रभु श्रीराम की मर्यादा का पालन करते हुए 500 वर्ष तक निरंतर लड़ता रहा। प्रभु श्रीराम अयोध्या में विराजमान हो गए, लेकिन रोम की संस्कृति में पले-बढ़े बदनसीब एक्सीडेंटल हिंदू इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। एक्सीडेंटल हिंदू देश और जनता के प्रति कभी ईमानदार नहीं हो सकते। राम भारत के प्रतीक हैं। जो राम का नहीं, वो हमारे किसी काम का नहीं। भाजपा प्रत्याशियों को वोट देने की अपील करते हुये उन्होंने कहा कि जो लोग कहते हैं कि अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन पर नाच गाना चल रहा था, दरअसल उनका खानदान ही जिंदगी भर नाचगाना करता रहा। हिंदुओं का अपमान, सनातन संस्कृति को कोसना और भारत के बाहर संवैधानिक संस्थाओं को खड़ा करके कांग्रेसी अपनी योग्यता पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में नरेन्द्र मोदी पीएम बने। 2017 में यूपी में भाजपा सरकार बनी। डबल इंजन सरकार जब स्पीड से चलने लगी तो दो वर्ष में पांच सौ वर्ष की समस्या का समाधान हो गया। 140 करोड़ भारतवासी प्रसन्न हैं, लेकिन कांग्रेस को पीड़ा है।

## सिद्धारमैया के खिलाफ एमयूडीए मामले में केस

**नई दिल्ली।** ईडी लोकायुक्त की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) प्रकरण के संबंध में धन शोधन का मामला दर्ज किया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि संघीय एजेंसी ने मुख्यमंत्री और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है। मैसूरु स्थित लोकायुक्त पुलिस प्रतिष्ठान ने 27 सितंबर को दर्ज प्राथमिकी में सिद्धरमैया, उनकी पत्नी बीएम पार्वती, साले मल्लिकार्जुन स्वामी और देवराजू को नामजद किया है।

# हिंदू संगठनों की पुलिस से झड़प

शिमला, एजेंसी

**हिमाचल मस्जिद विवाद**

- मुस्लिम संगठन ने कहा- कोई मस्जिद अवैध नहीं

हिमाचल प्रदेश में अवैध रूप से निर्मित मस्जिदों को गिराने की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन के बीच मुस्लिम संगठन ने कहा कि राज्य में कोई अवैध मस्जिद नहीं है लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में नक्शे को मंजूरी मिलने में देरी से यह समस्या हो रही है। मस्जिद गिराने की मांग को लेकर कुल्लू में यात्रा निकालने वाले हिंदू संगठनों की सोमवार को पुलिस के साथ झड़प हो गई।

हिंदू धर्म जागरण यात्रा के प्रदर्शनकारियों ने हनुमान मंदिर से अखाड़ा मस्जिद तक मार्च निकाला। महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भगवा झंडे और तख्तियां लेकर मस्जिद गिराने का आह्वान कर रहे थे। पारंपरिक पोशाक में महिलाएं यात्रा की अगुवाई कर रही थीं। अवैध रूप से निर्मित मस्जिदों को गिराने की मांग 30 अगस्त को शिमला के मलयाना इलाके में मुस्लिम नाई और हिंदू व्यापारी के बीच हुई हाथापाई के बाद शुरू हुई। हिंदू समूह अवैध मस्जिदों गिराने की मांग कर रहे हैं जबकि स्थानीय लोग बाहरी लोगों की पहचान की मांग कर रहे हैं।

मंडी स्थित मुस्लिम कल्याण समिति के अध्यक्ष नहीम अहमद ने इस बीच सोमवार को कहा कि प्रदेश में कोई भी मस्जिद अवैध नहीं है लेकिन नक्शे को मंजूरी मिलने और अन्य प्रक्रियाओं में देरी हुई है। अगर कोई भी हिस्सा अवैध पाया जाता है तो हम खुद हटा देंगे।

## अभिनेता की तस्वीर वाले नोट देकर 2.1 किलो सोना ठगा

**अहमदाबाद।** गुजरात में दो अज्ञात व्यक्ति अभिनेता अनुपम खेर की तस्वीर वाले नकली नोट देकर सर्राफा कारोबारी का 2.1 किलो सोना लेकर रफूचक्कर हो गए। कारोबारी मेहुल ठक्कर ने नवरंगपुर थाने में दी शिकायत में बताया कि किस तरह उन्हें 500 के नकली नोटों के 26 बंडल देकर धोखाधड़ी हुई।

घटना 24 सितंबर की है जब अज्ञात लोगों ने 2.1 किलो सोने के बदले ठक्कर के कर्मचारियों को नकली नोट थमाए, जिनपर रीसोल बैंक ऑफ इंडिया लिखा था। ठक्कर के पास आभूषण की दुकान के मालिक और परिचित प्रशांत पटेल का फोन आया। पटेल ने 2.1 किलो सोना खरीदने की बात कही, जिसके लिए 1.60 करोड़ की रकम तय हुई। ठक्कर को अंदाजा नहीं था कि वह ठगी का शिकार होने वाले हैं।

# ये या-या क्या है, ये कॉफी शॉप नहीं : चंद्रचूड़

नई दिल्ली, एजेंसी



- पूर्व प्रधान न्यायाधीश गोगोई के खिलाफ सुनवाई के दौरान वादी के लहजे पर सीजेआई सख्त

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को सुनवाई के दौरान वादी के लहजे पर नाराजगी जताई। उन्होंने वादी से पूछा कि ये या-या क्या है? यह कॉफी शॉप नहीं है और उन्हें ऐसे शब्दों से एलर्जी है।

यह घटनाक्रम शीर्ष अदालत में तब हुआ जब पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई को जनहित याचिका में पक्षकार बनाने और सेवा विवाद से संबंधित याचिका रद करने के मामले में उनके खिलाफ आंतरिक जांच की मांग से जुड़ी याचिका पर सुनवाई हो रही थी। सीजेआई ने उस समय नाराजगी जताई जब वादी ने पीठ के कुछ सवालों के जवाब में यस के बजाय या-या कहा।

चंद्रचूड़ ने कहा कि ये या-या क्या है? ये कॉफी शॉप नहीं है। मुझे इस या-या से एलर्जी है। इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने पुणे के वादी से कहा कि आप किसी न्यायाधीश को प्रतिवादी बनाकर जनहित याचिका कैसे दायर कर सकते हैं? कुछ तो गरिमा होनी चाहिए। आप यह नहीं कह सकते कि मैं एक न्यायाधीश के खिलाफ आंतरिक जांच चाहता हूं, बस। गोगोई उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश रहे हैं। गोगोई प्रधान न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हुए। क्योंकि आप पीठ के समक्ष सफल नहीं हुए, इसलिए आप यह नहीं कह सकते कि मैं किसी न्यायाधीश के खिलाफ आंतरिक जांच चाहता हूं। क्षमा करें, हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। याचिकाकर्ता ने श्रम कानूनों के तहत उसकी सेवा समाप्त किए जाने से संबंधित उसकी याचिका को न्यायमूर्ति गोगोई के नेतृत्व वाली पीठ द्वारा खारिज किए जाने के बाद एक जनहित याचिका दायर की थी।



# मैच के परिणाम को तेज चला बल्ला

## चौथे दिन भारत को 52 रन की बढ़त, बांग्लादेश की पहली पारी 233 पर सिमटी, दूसरी में बनाए 26 रन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट में चौथे दिन सोमवार को टीम इंडिया पूरे रौब में दिखी और मैच को रोमांचक मोड़ पर ला दिया। धुआंधार बॉलिंग और बैटिंग ने बारिश के कारण दो दिन का मैच न होने का मलाल दूर कर दिया। चौथे दिन बांग्लादेश टीम ने पहली पारी में मोमिनुल हक के नाबाद 107 रन की बदौलत 233 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी टीम इंडिया ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए पहले तीन ओवर में ही 50 रन पूरे कर लिए। खेल समाप्त होने से पहले भारतीय टीम ने 9 विकेट पर 285 रन बनाकर पहली पारी घोषित कर दी और पहली पारी में 52 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी खेलने उतरी बांग्लादेश की टीम ने खेल समाप्त होने तक 2 विकेट खोकर 26 रन बना लिए।

चौथे दिन मैच शुरू होने पर चटक धूप निकली। बांग्लादेश टीम ने अपनी पहली पारी 3 विकेट पर 107 रन से आगे खेलना शुरू किया। पहली व मैच की चौथी सफलता बुमराह ने मुश्फिकिर रहीम को 7 रन पर पवेलियन लौटाकर दिलाई। इसके बाद लिटन दास आए। मोमिनुल ने अपना पचासा पूरा किया। सिराज ने पारी के 50वें ओवर में लिटन दास को 13 रन पर आउट करके पांचवीं कामयाबी हासिल की। इस समय बांग्लादेश का स्कोर 148 रन पर था। इसके बाद शाकिब आए। 56वें ओवर में अश्विन ने शाकिब को सिराज के हाथों कैच करा दिया। बांग्लादेश का यह विकेट 170 रन पर गिरा। अश्विन के 66वें ओवर में चौका जड़कर मोमिनुल ने अपने टेस्ट करियर का 13वां शतक पूरा किया। 66 ओवर में 6 विकेट खोकर बांग्लादेश ने 205 रन बना लिए। इसके बाद 28 रन के अंदर बांग्लादेश ने अपने बचे चारों विकेट खो दिए। मोमिनुल ने 17 चौकों से नाबाद 107 रनों की शतकीय पारी खेली। बांग्लादेश ने पहली पारी में 72.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 233 रन बनाए। टीम इंडिया के गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।



दूसरी पारी में विकेट लेने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।

### सबसे तेज टीम अर्धशतक और शतक का बनाया रिकॉर्ड

**कानपुर।** भारतीय बल्लेबाजों ने बेहद आक्रामक शुरूआत करते हुए बांग्लादेश के खिलाफ वर्षाबाधित दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया और सबसे तेज टीम शतक का अपना ही रिकॉर्ड दुरूस्त किया। यशस्वी जायसवाल ने दस चौके और एक छक्के की मदद से भारत के लिए चौथा सबसे तेज अर्धशतक बनाया। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा 11 गेंद में 23 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने तीसरे ही ओवर में 50 रन बना डाले। इसके साथ ही इंग्लैंड का सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड तोड़ा जिसने इस साल जुलाई में ट्रेंट ब्रिज में वेस्टइंडीज के खिलाफ 4.2 ओवर में अर्धशतक बनाया था। भारत ने सौ रन 11वें ओवर में पूरे करके अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2023 में पोर्ट आफ स्पेन टेस्ट में सबसे तेजी से तिहरा अंक छुआ था।

बांग्लादेश की पहली पारी समाप्त होने पर टीम इंडिया के ओपनर यशस्वी जायसवाल व कप्तान रोहित शर्मा मैदान पर उतरे। दोनों ने एक दिवसीय अंदाज में खेलना शुरू किया और महज तीन ओवर में स्कोर 50 पर पहुंचा दिया। 55 रन के स्कोर पर कप्तान रोहित 23 रन बनाकर बांग्लादेश का पहला शिकार बने। इसके बाद 11.1 ओवर में 100 रन का आंकड़ा टीम ने छू लिया। दूसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी हुई। यशस्वी 52 गेंदों पर 72 रन बनाकर आउट हुए। चाय के समय तक टीम ने 16 ओवर में 2 विकेट पर 138 रन बना लिए। चाय के बाद शुभमन मिल 39 रन पर पवेलियन लौटे। ऋषभ पंत नौ रन पर शाकिब का शिकार हुए। इस समय स्कोर 159 था। पांचवें विकेट के लिए विराट कोहली व केएल राहुल के बीच 87 रनों की साझेदारी हुई। कोहली 47 रन बनाकर पांचवां शिकार हुए। इसके बाद अगले 39 रन में टीम इंडिया ने चार विकेट और खो दिए। नौवें विकेट के रूप में आकाशदीप के आउट होते ही भारतीय टीम ने पारी घोषित कर दी। केएल राहुल ने 68 रनों की पारी खेली। पहली पारी में भारतीय टीम ने 34.4 ओवर में 9 विकेट खोकर 285 रनों का स्कोर खड़ा किया और 52 रन की बढ़त बनाई। बांग्लादेश के लिए मेहंदी हसन मिराज व शाकिब अल हसन ने 4-4 विकेट लिए।

दूसरी पारी खेलने उतरी बांग्लादेश टीम ने जल्द ही पहला विकेट 18 रन पर खो दिया। अश्विन ने जाकिर को 10 रन पर पगबाधा किया। हसन बिना खाता खोले ही अश्विन की गेंद पर बोल्ड हो गए। खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने 11 ओवर में 2 विकेट खोकर 26 रन बना लिए थे। इस्लाम 7 रन व मोमिनुल बिना खाता खोले क्रीज पर हैं।



बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी के दौरान कैच लपकते रवींद्र जडेजा। >>

● ग्रीनपार्क में चौथे दिन टीम इंडिया का दिखा जलवा, चौके-छक्कों की बरसात



**9** विकेट पर 285 रन बनाकर भारत ने घोषित कर दी पहली पारी

<< 47 रनों की पारी के दौरान बल्लेबाजी करते विराट कोहली।

### 300 टेस्ट विकेट लेने वाले सातवें भारतीय बने जडेजा

**कानपुर।** रविंद्र जडेजा भारत के लिये 300 विकेट लेने वाले सातवें गेंदबाज बन गए जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के चौथे दिन खालिद महमूद का विकेट लिया। जडेजा ने महमूद का रिटर्न कैच लपककर बांग्लादेश की पारी का अंत किया। बांग्लादेश ने पहली पारी में 233 रन बनाए। भारत के लिये 300 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों में अनिल कुंबले (619), आर अश्विन (524), कपिल देव (434), हरभजन सिंह (417), ईशांत शर्मा (311) और जहीर खान (311) शामिल हैं। जडेजा ने 74 टेस्ट में यह आंकड़ा हुआ है। वह 300 टेस्ट विकेट और 3000 टेस्ट रन सबसे तेजी से पूरे करने वाले इंग्लैंड के इयान बाथम के बाद दूसरे खिलाड़ी भी बन गए।

### विराट कोहली ने पूरे किए 27,000 रन, विश्व में चौथे बल्लेबाज बने

**कानपुर।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली सोमवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने वाले दुनिया के चौथे बल्लेबाज बन गए। इस टेस्ट मैच के शुरुआती तीन दिनों में बारिश से लगभग आठ सत्र का खेल प्रभावित होने के बाद भारतीय टीम ने चौथे दिन अपनी पहली पारी में आक्रामक बल्लेबाजी की जिसमें कोहली ने 35 गेंद में 47 रन का योगदान दिया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों को मिलाकर वह 27,000 रन का आंकड़ा पार करने वाले महान सचिन तेंदुलकर के बाद वह दूसरे भारतीय बल्लेबाज है। सबसे ज्यादा रन तेंदुलकर के नाम है। उन्होंने 34,357 रन बनाए है। दूसरे स्थान पर श्रीलंका के संगकारा (28,016) और तीसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (27,483) है। कोहली के नाम टेस्ट में 8,870 से अधिक रन है जबकि उन्होंने 295 वनडे में 13,906 और 125 टी-20 में 4,188 रन बनाए है। इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी-20 विश्व कप के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप को अलविदा कह दिया था। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक्स पर लिखा विराट के शानदार करियर में एक और बड़ा मील का पत्थर, उन्होंने 27,000 रन पूरे किए।

### स्कोर बोर्ड

**बांग्लादेश पहली पारी : 233/10** — 74.2 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जाकिर का जायसवाल बो आकाश | 0 | 24 | 0/0 |
| शादमान इस्लाम पगबाधा बो आकाश | 24 | 36 | 4/0 |
| मोमिनुल हक नाबाद | 107 | 194 | 17/1 |
| नजमुल हुसैन शंटो पगबाधा बो अश्विन | 31 | 57 | 6/0 |
| मुशफिकुर रहीम बो बुमराह | 11 | 32 | 2/0 |
| लिटन दास का शर्मा बो सिराज | 13 | 30 | 3/0 |
| शाकिब का सिराज बो अश्विन | 9 | 17 | 2/0 |
| मेहदी हसन मिराज का गिल बो बुमराह | 20 | 42 | 4/0 |
| तैजुल इस्लाम बो बुमराह | 5 | 8 | 1/0 |
| हसन महमूद बो सिराज | 1 | 4 | 0/0 |
| खालिद अहमद का और बो जडेजा | 0 | 4 | 0/0 |

अतिरिक्त : 12, गेंदबाजी : बुमराह 18-7-50-3, सिराज 17-2-57-2, अश्विन 15-1-45-2, आकाश दीप 15-6-43-2, जडेजा 9.2-0-28-1

**भारत पहली पारी : 285/9 (घोषित)** — 34.4 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो महमूद | 72 | 51 | 12/2 |
| रोहित शर्मा बो मेहदी हसन | 23 | 11 | 1/3 |
| शुभमन गिल का महमूद बो शाकिब | 39 | 36 | 4/1 |
| ऋषभ पंत का महमूद बो शाकिब | 9 | 11 | 0/0 |
| विराट कोहली बो शाकिब | 47 | 35/4/1 | |
| केएल राहुल स्ट लिटन बो मेहदी हसन | 68 | 43/7/2 | |
| रविंद्र जडेजा का शंटो बो मेहदी हसन | 8 | 13 | 0/0 |
| रविचंद्रन अश्विन बो शाकिब | 1 | 4 | 0/0 |
| आकाश दीप का महमूद बो मेहदी हसन | 12 | 5 | 0/2 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : महमूद 6-0-66-1, अहमद 4-0-43-0, मेहदी हसन 6.4-0-41-4, इस्लाम 7-0-54-0, शाकिब 11-0-78-4

**बांग्लादेश दूसरी पारी : 26/2** — 11 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शादमान इस्लाम नाबाद | 7 | 40 | 1/0 |
| जाकिर हसन पगबाधा बो अश्विन | 10 | 15 | 1/0 |
| हसन महमूद बो अश्विन | 4 | 9 | 1/0 |
| मोमिनुल हक नाबाद | 0 | 2 | 0/0 |

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : बुमराह 3-1-3-0, अश्विन 5-2-14-2, आकाश दीप 3-2-4-0

## खेल डायरी

### ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को वनडे श्रृंखला में 3-2 से हराया

**ब्रिस्टल।** बारिश आई लेकिन देर से और ऑस्ट्रेलिया ने निर्णायक पांचवें एक दिवसीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज करके इंग्लैंड को श्रृंखला में 3-2 से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिये 310 रन का लक्ष्य मिला था लेकिन उस समय बारिश हो गई जब ऑस्ट्रेलिया ने 20.4 ओवर में दो विकेट पर 165 रन बनाए थे। इसके बाद का खेल नहीं हो सका और डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर ऑस्ट्रेलिया ने 49 रन से जीत दर्ज की। श्रृंखला के दौरान चोटों और बीमारियों से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया ने हर मैच में अलग टीम उतारी। आखिरी मैच में मिचेल मार्श के फिट नहीं होने से स्टीव स्मिथ ने कप्तानी की। ऑस्ट्रेलिया ने दस ओवर के बाद एक विकेट पर 103 रन बना लिए थे। मैथ्यू शॉर्ट ने 30 गेंद में 58 रन बनाए। स्टीव स्मिथ 36 और जोश इंगलिस 28 रन बनाकर खेल रहे थे जब मैच खत्म करने का फैसला किया था।



### बिरला ने अवनी और नवदीप को किया सम्मानित

**मुंबई।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को अवनी लखेरा एवं नवदीप सिंह को सम्मानित किया। बिरला आज मुंबई में सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवार्ड समारोह में सम्मिलित हुए। यहां उन्होंने खेल, शिक्षा, उद्योग, सामाजिक सरोकार सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया। उन्होंने हाल ही में सम्पन्न हुए पेरिस पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाने वाली राजस्थान के बेटी अवनी लखेरा एवं नवदीप सिंह को सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होंने अभिनेता आयुष्मान खुरान को उनके द्वारा ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए शुरू की गई पहल स्वीकार के लिए भी सम्मानित किया। बिरला ने कहा कि मुझे खुशी है कि यह कार्यक्रम ऐसी प्रतिभाओं को सम्मानित करने का है जिन्होंने अपने काम से समाज में आदर्श प्रस्तुत किए हैं।

### रक्षा ने क्रोएशिया और बेल्जियम में जीते खिताब

**मुंबई।** भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी रक्षा कंदासामी ने शानदार फॉर्म कायम रखते हुए क्रोएशिया इंटरनेशनल और बेल्जियम जूनियर टूर्नामेंट खिताब जीते। सोलह वर्ष की रक्षा दोनों टूर्नामेंटों में अपराजेय रहीं। उन्होंने क्रोएशिया इंटरनेशनल के फाइनल में इंग्लैंड की लियोना ली को 21-9, 21-5 से हराया। इसके अलावा बेल्जियम में जर्मनी की ग्लोरिया पोलुएक्तोव को 21-14, 10-21, 22-20 से मात दी।

### निशानेबाज जूनियर विश्व चैंपियनशिप में देश को दो कांस्य

**नई दिल्ली।** भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों ने पेरू के लीमा में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) की जूनियर विश्व चैंपियनशिप में क्रमश: 10 मीटर मिश्रित टीम स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता के दूसरे दिन कांस्य पदक जीतने के साथ ही भारत के पदकों की संख्या पांच हो गई जिसमें दो स्वर्ण और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। राइफल निशानेबाजों के क्वालीफिकेशन दौर में गौतमी भनोट व अजय मलिक की भारतीय जोड़ी 628.9 का संयुक्त स्कोर बनाकर 34 टीमों में तीसरे स्थान पर रही। इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में भारतीय टीम ने क्रोएशिया को 17-9 से हराया। वहीं चीन ने फाइनल में फ्रांस को हराकर प्रतियोगिता का अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में भारत के अभिनव साव व शाम्भवी क्षीरसागर की दूसरी जोड़ी 628.1 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रही।

# एटलेटिको प्रशंसकों ने मैदान पर फेंका सामान, मैच बाधित

मैड्रिड, एजेंसी

मेजबान एटलेटिको मैड्रिड और रीयाल मैड्रिड के बीच ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट का रविवार का मैच बीच में रोकना पड़ा जब एटलेटिको के प्रशंसकोंने मैदान पर सामान फेंकना शुरू कर दिया। मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में हुए मैच में करीब 70वें मिनट में व्यवधान पैदा हुआ और खिलाड़ियों को लॉकर रूम में भेज दिया गया।

मैड्रिड ने उस समय पहला गोल दागा था जो एटलेटिको के प्रशंसकों के सामने इस गोल का जश्न मना रहे थे। इसके 15 मिनट से अधिक समय के बाद मैच को दोबारा शुरू किया गया जो 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। रियाल के गोलकीपर थिबॉट कोर्टोइस ने रेफरी को मैदान पर फेंकी जा रही चीजों के बारे में सचेत किया जिसमें लाइटर भी शामिल था। वहीं एटलेटिको के कोच डिएगो सिमोन ने प्रशंसकों को कई बार समझाया। स्टेडियम के लाउडस्पीकर पर ऐलान किया गया कि 15 मिनट तक खेल रोकना पड़ा है और अगर दर्शकों का ऐसा ही व्यवहार रहा तो



इसे निलंबित कर दिया जाएगा। स्पेनिश लीग ने एक दिन पहले कहा था कि वह पुलिस से उन सोशल मीडिया अभियान के प्रचारकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करेगी जिनका उद्देश्य विनिसियस जूनियर (खिलाड़ी) के खिलाफ नस्लवादी हरकतों को बढ़ावा देना था। मैच से पहले एटलेटिको के प्रशंसकों को सोशल मीडिया पर वीडियो में विनिसियस अलग है नारे लगाते हुए देखा गया था।

# पाकिस्तान दौरे पर फैसला सरकार का : बोर्ड

कानपुर, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान के दौरे को लेकर अंतिम फैसला भारत सरकार को करना है। पाकिस्तान 19 फरवरी से नौ मार्च तक एकदिवसीय प्रारूप में खेले जाने वाले इस आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाला है।

शुक्ला ने बांग्लादेश के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन के खेल के इतर संवाददाताओं से कहा अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हमारी नीति यह है कि अंतर्राष्ट्रीय दौरों के लिए हम हमेशा सरकार की अनुमति लेते हैं। यह सरकार तय करती है कि हमारी टीम को किसी देश के दौरे पर जाना चाहिए या नहीं। इस मामले में भी सरकार जो भी फैसला करेगी हम उसका पालन करेंगे। मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमलों के बाद से भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ को द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली है। दोनों टीमें का आमना



● **उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा-हमारी नीति है हम अंतर्राष्ट्रीय दौरों के लिए हम हमेशा सरकार की अनुमति लेते हैं**

सामना सिर्फ आईसीसी और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के टूर्नामेंटों में होता है। पाकिस्तान की टीम ने पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए सात साल के अंतराल के बाद भारत का दौरा किया था। बीसीसीआई आईसीसी से टूर्नामेंट को पाकिस्तान से हटाकर श्रीलंका या दुबई में आयोजित करने का अनुरोध कर सकता है। एशिया कप के बीते सत्र का आयोजन हाइब्रिड मॉडल के तहत हुआ था। जिसमें भारत को अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे। इससे श्रीलंका ने टूर्नामेंटों के नौ मैचों की मेजबान की थी जबकि पाकिस्तान ने शेष चार मैचों की मेजबानी की। पीसीबी हालांकि चैंपियंस ट्रॉफी को अपने देश से बाहर ले जाने के विचार के खिलाफ है।

### पहली अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग में खेलेंगे तेंदुलकर

**मुंबई।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर नजर आएंगे जब वह इस साल तीन आयोजन स्थलों पर होने वाली पहली अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) में हिस्सा लेंगे। इस टी-20 प्रतियोगिता में छह टीम हिस्सा लेंगी। आईएमएल में भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और इसके मैच मुंबई, लखनऊ और रायपुर में खेले जाएंगे। हर साल आयोजित होने वाला यह टी-20 टूर्नामेंट तेंदुलकर और भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर की योजना का हिस्सा है। गावस्कर इस लीग के आयुक्त भी होंगे। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तेंदुलकर और गावस्कर पीएमजी स्पोर्ट्स और खेल विपणन कंपनी स्पोर्टफाइव के साथ मिलकर भारत में लीग का आयोजन करने के लिए एक और कंपनी स्थापित करेंगे। किसी एक फ्रेंचाइजी के स्वामित्व के माध्यम से भाग लेने में रुचि रखने वाले पक्षों को भी आमंत्रित किया गया था।

## बॉलीवुड हलचल



### काजोल, कृति की फिल्म दो पत्ती 25 को होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री काजोल और कृति सेनन अभिनीत बहुप्रतीक्षित थ्रिलर फिल्म दो पत्ती 25 अक्टूबर को रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स हैंडल पर बताया कि शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित मर्डर मिस्ट्री दो पत्ती 25 अक्टूबर से स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी। निर्माताओं ने दर्शकों को सस्पेंस थ्रिलर की एक झलक दिखाते हुए एक मिनट 32 सेकंड के वीडियो के साथ फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की। नेटफ्लिक्स ने अपने एक्स अकाउंट पर फिल्म दो पत्ती के बहुप्रतीक्षित टीजर को एक कैप्शन के साथ साझा करते हुए लिखा, अब होगा खेल शुरू, लेकिन इस कहानी के है दो पहलू, दो पत्ती 25 अक्टूबर को रिलीज होगी, केवल नेटफ्लिक्स पर। फिल्म दो पत्ती, उत्तराखंड के काल्पनिक शहर देवीपुर पर आधारित है। काजोल इस फिल्म में एक पुलिसकर्मी की भूमिका में है जो एक हत्या के प्रयास के मामले में सच्चाई को उजागर करने के मिशन पर है। कृति सेनन ने पहली बार दोहरी भूमिका निभाई है। उन्होंने जुड़वां बहनों का किरदार निभाया है। यह फिल्म बड़े पर्दे पर शाहीर शेख की पहली फिल्म भी है।

### आईफा में पुरस्कार जीतने पर बेहद खुश हैं मृणाल

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री मृणाल ठाकुर आईफा उत्सवम में पुरस्कार जीतने पर बेहद खुश हैं। अबु धाबी में आयोजित आईफा उत्सवम में अभिनेत्री मृणाल ठाकुर को फिल्म 'हाय नन्ना' में यशना की भूमिका के लिए पुरस्कार मिला है। आईफा उत्सवम में पुरस्कार जीतने पर मृणाल बेहद खुश हैं। मृणाल ठाकुर ने कहा, मैं इस अवॉर्ड के लिए बहुत आभारी हूं। मेरे लिए यशना की भूमिका निभाना वास्तव में एक खास अनुभव था, जिसने मुझे प्यार और भावना की गहराई के बारे में जानने का मौका दिया। मैं अपनी इस सफलता का सारा श्रेय अपने निर्देशक, प्रतिभाशाली सह-कलाकारों और पूरी टीम को देती हूं। यह पुरस्कार सिर्फ मेरा नहीं है। यह हमारी



पूरी टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का फल है। मृणाल ने कहा, मैं इस सफर को जारी रखते हुए दर्शकों के साथ और भी बेहतर कहानियां शेयर करने के लिए तैयार हूं। यह मेरा पहला आईफा अवार्ड है। इस अवॉर्ड को रानी मैम और ऐश्वर्या मैम जैसे कलाकारों के साथ शेयर करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है।

### ओडिशा के मुख्यमंत्री, पटनायक ने मिथुन को दादा साहेब फाल्के के लिए दी बधाई

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने सोमवार को मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब पुरस्कार के लिए चुने जाने पर बधाई दी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर माझी ने प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चुने जाने पर जाने माने अभिनेता को हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा भारतीय सिनेमा में आपके पांच दशक के उल्लेखनीय सफर और भारतीय दर्शकों के साथ साथ दुनियाभर के अपने प्रशंसकों का आपने अपनी बहुमुखी प्रस्तुतियों से जो मनोरंजन किया है, उसके सम्मान में यह सबसे शानदार श्रद्धांजलि है। पटनायक ने एक्स पर लिखा प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चयनित किए जाने पर बहुमुखी प्रतिभा के अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को बधाई। उन्होंने उड़िया सिनेमा सहित पर्दे पर कई यादगार भूमिकाएं निभाई हैं। मृगया, सुरक्षा, डिस्को डांसर और डांस डांस जैसी फिल्मों में अभिनय करने वाले चक्रवर्ती को सिनेमा के क्षेत्र में सरकार के सर्वोच्च सम्मान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए सोमवार को नामित किया गया। चक्रवर्ती को यह पुरस्कार आठ अक्टूबर, 2024 को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में दिया जाएगा।

# सिनर-अल्कारेज चीन ओपन के सेमीफाइनल में, सबालेंका जीतीं

**बीजिंग।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने सोमवार को यहां जिरी लेहेका को सीधे सेट में हराकर चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने दो दिन पहले मार्च में दो बार एनाबोलिक स्टेरॉयड परीक्षण पॉजिटिव आने के बाद अमेरिकी ओपन चैंपियन सिनर पर एक से दो वर्ष का प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए अपील दायर की है।

इटली का यह 23 वर्षीय खिलाड़ी हालांकि इससे विचलित नहीं दिखा और उन्होंने 37वें स्थान पर काबिज लेहेका के खिलाफ 6-2, 7-6 से जीत दर्ज की। गत चैंपियन सिनर की यह लगातार 14वीं जीत है और वह सेमीफाइनल में पांचवें वरीय आंद्रे रूबलेव और स्थानीय दावेदार बू युनचाओकेट के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। सोमवार को एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-4, 7-5 से हराया। कार्लोस अल्कारेज ने कारेन खाचानोव के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ लगातार दूसरे साल यहां सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्पेन के 21 साल के अल्कारेज ने दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी खाचानोव को 7-5, 6-2 से हराया। सेमीफाइनल में अल्कारेज की भिड़ंत दानिल मेदवेदेव से होगी। दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव ने इटली के फ्लावियो कोबोली को सीधे सेट में 6-2, 6-4 से हराया। महिला एकल में एरिना सबालेंका ने एशलिन क्रूगर को 6-2, 6-2 से हराकर लगातार 14वीं जीत दर्ज की।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# स्पेसएक्स कैप्सूल अंतरिक्ष पहुंचा दोनों यात्रियों की जल्द होगी वापसी

- चार सीट वाले कैप्सूल में विल्मोर और सुनीता विलियम्स के लिए दो सीट खाली रखी गईं





केप केनवरल (अमेरिका)

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स समेत जून से फंसे दो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को धरती पर वापस लाने के लिए स्पेस एक्स का नया कैप्सूल रविवार को अंतरिक्ष पहुंचा। स्पेस एक्स ने बचाव अभियान के लिए शनिवार को उड़ान भरी। चार सीट वाले कैप्सूल में क्षमता से कम केवल दो अंतरिक्ष यात्री हैं। दो सीट अंतरिक्ष में फंसे बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स के लिए खाली रखी गई हैं। कैप्सूल के अगले साल धरती पर लौटने की संभावना है।

'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (नासा) ने 'बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल' में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के बाद विल्मोर और विलियम्स को स्पेसएक्स कैप्सूल से धरती पर लाने का फैसला किया। अंतरिक्ष यात्रियों के साथ उड़ान भरने वाला यह स्टारलाइनर का यह पहला यान था। नासा ने कहा कि उड़ान के बाद 'थ्रस्टर' की विफलता और हीलियम' रिसाव की समस्या बहुत गंभीर है। इसी कारण स्टारलाइनर इस महीने की शुरुआत में खाली ही धरती पर लौटा।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत के साथ हिंदी का महत्व बढ़ा

सिंगापुर के एक शीर्ष कारोबारी नेता ने कहा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की भूमिका के साथ हिंदी का महत्व भी बढ़ा है और अत्याधुनिक तकनीक के साथ हिंदी के मेल ने कारोबार के क्षेत्र में भारत में 57 .2 करोड़ और विश्व में 50 करोड़ हिंदी भाषियों के लिए संभावनाओं के द्वार खोले हैं। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें पहले अछूते रहे विशाल बाजारों में प्रवेश करने का अवसर मिलता है। सिंगापुर इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष नील पारेख ने कहा हम डिजिटलीकरण की दुनिया में आगे बढ़ रहे हैं, जहां संस्कृति और बाजारों के बीच सीमाएं तेजी से धुंधली होती जा रही हैं और भाषा लोगों, विचारों एवं अवसरों को जोड़ने वाले अहम सेतु के रूप में उभरी है। सप्ताहांत में आयोजित वैश्विक हिंदी उत्कृष्टता शिखर सम्मेलन – 2024 की थीम नवाचार के युग में हिंदी की उत्कृष्टता थी, जिसका आयोजन सिंगापुर स्थित ग्लोबल हिंदी फाउंडेशन ने किया था। पारेख ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में तेजी से उभरते भारत में काम करने के लिए हिंदी भाषा के ज्ञान के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। पारेख सिंगापुर में संसद के मनोनीत सदस्य भी हैं।



## गहरी सांस्कृतिक समझ के लिए हिंदी एक सेतु

उद्यमी पारेख ने कहा कि हिंदी सिर्फ संचार की भाषा नहीं है बल्कि यह गहरी सांस्कृतिक समझ के लिए एक सेतु है। इससे हमें भारतीय बाजार में प्रवेश का मौका मिलता है, जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करने की इच्छा रखने वाले निगमों और एसएमई के लिए उत्कृष्ट संभावनाएं प्रदान करता है। हिंदी दुनिया में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, जिसे वैश्विक स्तर पर 50 करोड़ से अधिक लोग बोलते हैं। भारत में 57 .2 करोड़ से अधिक लोग सिर्फ हिंदी बोलते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भी भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने में एक शक्तिशाली उपकरण बन गई है और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और मशीन लर्निंग जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाया जा रहा है।

## आने वाले समय में अहम भाषा होगी हिंदी

सिंगापुर स्थित वित्तीय सलाहकार मंदार पाध्ये ने भाषाओं विशेषकर हिंदी के प्रचार-प्रसार के प्रयासों का उल्लेख किया, जो देश के अधिकांश स्कूलों में पढ़ाई जाने वाली भाषाओं में से एक है। पाध्ये ने कहा, वैश्विक स्तर पर अंग्रेजी भाषा का ज्ञान जरूरी है तथा इसके बाद जिन दो भाषाओं का ज्ञान आपको होना चाहिए, वे हैं हिंदी और चीनी (मंदारिन), क्योंकि अगली पीढ़ी के नेता ऐसी जगहों से आ रहे हैं जहां ये भाषाएं बोली जाती हैं। पाध्ये की हालिया पुस्तक द रिजिलिएंट इन्वेस्टर में मानव-से-मानव संबंधों पर प्रकाश डाला गया है जो निरंतर विकसित होते वित्तीय परिदृश्य में व्यावसायिक विकास और व्यक्तिगत विकास के बीच विकसित होते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी एक अहम भाषा होगी क्योंकि कई कारोबारी नेता भारतीय समुदाय से आते हैं और इनमें से कई की मातृभाषा हिंदी है। करीब 300 प्रतिभागियों के साथ हिंदी पर अपने विचार साझा करने के लिए सिंगापुर पहुंचीं इंदौर में 'प्री-एग्जामिनेशन ट्रेनिंग सेंटर' की प्राचार्य अलका भार्गव ने कहा कि उनका मानना है कि वैश्विक मंच पर हिंदी को और अधिक बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक संयुक्त प्रयास किए जाने चाहिए।

## एक नजर

### भारतीय सिख डॉलर लेकर पाक की यात्रा पर आएं

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने सोमवार को देश की यात्रा करने वाले भारतीय सिखों को सलाह दी कि वे भारतीय मुद्रा के बजाय अमेरिकी डॉलर लेकर चलें। पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के प्रथम सिख मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने कहा हमें कई शिकायतें मिली हैं कि अपने पवित्र स्थलों के दर्शन के लिए पाकिस्तान आने वाले भारतीय सिखों को मौजूदा विनिमय दर से बहुत कम राशि दी जा रही है। अरोड़ा ने भारतीय सिखों के शोषण के बारे में कई शिकायतें प्राप्त होने के बाद यह परामर्श जारी किया।

### बांग्लादेश ने ब्रिटेन से अपने उच्चायुक्त को वापस बुलाया

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने ब्रिटेन में अपनी उच्चायुक्त सईदा मुना तस्नीम को वापस बुला लिया है और उन्हें तुरंत ढाका लौटने को कहा है। ढाका ट्रिब्यून की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्रालय ने अवामी लीग सरकार द्वारा नियुक्त दूतों को वापस बुलाने की प्रक्रिया के हिस्से के रूप में रविवार को नोटिस जारी किया। तस्नीम नवंबर 2018 से लंदन में उच्चायुक्त हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अपने लंदन कार्यभार से पहले उन्होंने थाईलैंड में बांग्लादेश के राजदूत के रूप में कार्य किया था।

### ताइवान पहुंचा तूफान क्रैथॉन, चेतावनी जारी

**ताइपे।** तूफान क्रैथॉन के ताइवान के तट पर पहुंचने के बाद सोमवार तड़के जान-माल की क्षति की गंभीर चेतावनी जारी की गयी। ताइवान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी के अनुसार, सोमवार सुबह नौ बजे तक क्रैथॉन ताइवान के सबसे दक्षिणी बिंदु से लगभग 220 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में केंद्रित था, जो लगभग नौ किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा था। इसके केंद्र के पास अधिकतम हवा की गति 162 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई और तूफान का दायरा 200 किलोमीटर है।

### विदेश मंत्री जयशंकर ब्लिंकन से करेंगे मुलाकात

**वाशिंगटन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर मंगलवार को अपने अमेरिकी समकक्ष टोनी ब्लिंकन से मुलाकात करेंगे और इस दौरान दोनों नेताओं के बीच यूक्रेन युद्ध एवं पश्चिम एशिया में संकट सहित कई द्विपक्षीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। जयशंकर रविवार को अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी पहुंचे। वह कैबिनेट के अन्य मंत्रियों और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के अन्य अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन से मुलाकात करने के अलावा जयशंकर का थिंक-टैंक समुदाय से भी बातचीत करने का कार्यक्रम है।

### कोलंबिया में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में आठ की मौत

**बोगोटा।** कोलंबिया के पूर्वी विभाग विचाडा में मानवीय मिशन के दौरान कोलंबियाई वायु सेना के एक हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से आठ लोगों की मौत हो गयी। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति के एक्स अकाउंट पर कहा गया, पेट्रो ने शोक संतप्त परिवारों के लिए संवेदना जताई और देश इस त्रासदी में मृतकों के प्रति शोकाकुल है।

# हिजबुल्ला उप प्रमुख जारी रखेगा लड़ाई

## नईम कासेम ने कहा- इजराइल जमीनी हमला करने का फैसला करता है तो उसके लड़ाके पूरी तरह तैयार

- शीर्ष कमांडरों के मारे जाने के बावजूद लंबे युद्ध के लिए तैयार

बेरूत, एजेंसी

हिजबुल्ला के उपप्रमुख ने समूह के अधिकतर शीर्ष कमांडरों के मारे जाने के बावजूद इजराइल के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया और कहा कि आतंकवादी समूह लंबे युद्ध के लिए तैयार है। हिजबुल्ला के नेता हसन नसरल्ला भी इजराइली हमलों में मारे जाने वाले शीर्ष नेताओं में शामिल था।

नईम कासेम ने नसरल्ला की मौत के बाद सोमवार को टेलीविजन पर अपने पहले बयान में कहा कि अगर इजराइल जमीनी हमला करने का फैसला करता है तो हिजबुल्ला के लड़ाके लेबनान की रक्षा करने और लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नसरल्ला के उत्तराधिकारी का फैसला होने तक उप महासचिव के रूप में नईम कासेम अब हिजबुल्ला के कार्यवाहक नेता हैं। कासेम ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में हिजबुल्ला के शीर्ष सैन्य कमांडरों की मौत के बावजूद समूह अब नये कमांडरों पर निर्भर है। कासेम ने कहा, इजराइल हमारी (सैन्य) क्षमताओं को प्रभावित करने में सक्षम नहीं है। हमारे पास उपकमांडर हैं और किसी भी शीर्ष नेता के मारे जाने या घायल होने की स्थिति में कमांडर की जगह ले सकते हैं।

लेबनान के कई क्षेत्रों पर रविवार को इजराइली हमलों के परिणामस्वरूप कम से कम 105 लोग मारे गए। स्थानीय मीडिया ने लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने पहले कहा था कि उसने रविवार दोपहर से लेबनान भर में दर्जनों लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला किया है।



लेबनान में हमले के बाद ध्वस्त इमारतों का मलबा।

### इजराइल ने मध्य बेरूत पर किया हमला

**यरूशलम।** लेबनान में हिजबुल्ला के नेताओं और उसके ठिकानों को निशाना बनाकर हमला करने के कुछ ही घंटों बाद इजराइल ने मध्य बेरूत में हवाई हमले किए। प्रत्यक्षदर्शियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत को निशाना बनाया। लगभग एक साल के संघर्ष में मध्य बेरूत में यह पहला इजराइली हवाई हमला है। इससे पहले, इजराइल की सेना ने सप्ताहांत में लेबनान पर हमला कर हिजबुल्ला के प्रमुख नेता हसन नसरल्ला को मार गिराया था। इजराइली सेना ने रविवार को कहा कि उसने शनिवार को हवाई हमले में हिजबुल्ला की 'सेंट्रल काउंसिल' के उप प्रमुख नबील कौक को मार गिराया। हिजबुल्ला ने उसकी मौत की पुष्टि की है। वह एक सप्ताह से भी कम समय में इजराइली हमलों में मारा गया हिजबुल्ला का सातवां शीर्ष सदस्य है।

### नेतन्याहू ने अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी को कैबिनेट में शामिल कर अपनी स्थिति को मजबूत किया

**यरूशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने गठबंधन का विस्तार करते हुए और सरकार में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी गिदोन सार को रविवार को अपने मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया। नेतन्याहू ने बताया कि समझौते के तहत, सार बिना किसी विभाग के मंत्री के रूप में काम करेंगे और उस सुरक्षा कैबिनेट में शामिल होंगे जिस पर पश्चिम एशिया में इजराइल के शत्रुओं के खिलाफ जारी युद्ध के प्रबंधन की निगरानी है। सार (57) को उम्मीद थी कि वह नेतन्याहू के एक और प्रतिद्वंद्वी एवं रक्षा मंत्री योआव गैलेंट की जगह लेंगे लेकिन इजराइल की उत्तरी सीमा पर हिजबुल्ला के साथ लड़ाई तेज होने के कारण गैलेंट फिलहाल पद पर बने रहेंगे। सार के प्रधानमंत्री के साथ तनावपूर्ण संबंध रहे हैं। वह कभी नेतन्याहू की 'लिकुड पार्टी' के उभरते सितारे थे, लेकिन चार साल पहले उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी और अपने अलग दल का गठन किया।

### यमन के हुती विद्रोहियों ने अमेरिका निर्मित ड्रोन को मार गिराने का किया दावा

**दुबई।** यमन के हुती विद्रोहियों ने सोमवार को दावा किया कि उन्होंने देश के ऊपर अमेरिका निर्मित एक और 'एमक्यू-9 रीपर' ड्रोन को मार गिराया। उन्होंने वीडियो भी साझा किया जिसमें कथित तौर पर सतह से हवा में मार करने वाली एक मिसाइल ड्रोन को निशाना बनाती दिखती है। अमेरिकी सेना ने इस बारे में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। दावा ऐसे समय किया गया है जब गाजा पट्टी में इज़राइल-हमास युद्ध को लगभग एक साल होने वाला है। हुती विद्रोही लाल सागर से यात्रा करने वाले जहाजों को निशाना बनाते रहे हैं और अमेरिका के नेतृत्व वाले हवाई हमलों ने यमन में हुती की स्थिति को प्रभावित किया है।

# नेपाल में बाढ़, भूस्खलन से 200 लोगों की मौत

- 30 लोग अब भी लापता हिमालयी राष्ट्र में तबाही

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर लगभग 200 हो गई जबकि कम से कम 30 लोग अब भी लापता हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पिछले शुक्रवार से लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ आई और जगह जगह भूस्खलन हुआ, जिससे हिमालयी राष्ट्र में तबाही मच गई। नेपाल पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि लगातार हो रही बारिश, बाढ़, भूस्खलन और पानी भर जाने की वजह से कम से कम 192 लोग मारे गए हैं।

उन्होंने बताया कि इस आपदा में देश भर में 194 अन्य लोग घायल भी हुए हैं, जबकि 30 अन्य लापता हैं। सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में रविवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भारी बारिश के कारण आई आपदा के दौरान बचाव, राहत और पुनर्वास प्रयासों को तेज करने का निर्णय लिया गया। गृह मंत्रालय ने कहा कि बाढ़ और भूस्खलन के बाद राहत कार्यों के लिए सभी सुरक्षा एजेंसी को तैनात किया गया है और नेपाल सेना, नेपाल पुलिस एवं सशस्त्र पुलिस बल के कर्मियों ने अब तक लगभग 4,500 आपदा प्रभावित व्यक्तियों को बचाया है। घायलों का मुफ्त उपचार कराया जा रहा है और बाढ़ से प्रभावित अन्य लोगों को भोजन और अन्य आपातकालीन राहत सामग्री प्रदान की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्राकृतिक आपदा के बाद काठमांडू में सैकड़ों लोग भोजन, सुरक्षित पेयजल और गंदगी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। भूस्खलन के चलते प्रमुख राजमार्गों के अवरुद्ध होने के कारण देश के अन्य जिलों और भारत से सब्जियों की आवक अस्थायी रूप से बाधित हुई है जिससे बाजार में कीमतें भी बढ़ गई हैं।



बाढ़ पीड़ितों को रेस्क्यू करते हुए।

## जापान में 27 अक्टूबर को चुनाव कराने की योजना बना रहे हैं इशिबा

**टोक्यो।** जापान के नए प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने सोमवार को कहा कि वह पदभार ग्रहण करने की तैयारी के तहत 27 अक्टूबर को आम चुनाव कराने की योजना बना रहे हैं। इशिबा ने कहा कि संसद का निचला सदन 09 अक्टूबर को भंग हो जाएगा। उन्होंने जल्द से जल्द जनता का जनादेश प्राप्त करने के महत्व पर जोर दिया। पूर्व रक्षा मंत्री इशिबा (67) ने शुक्रवार को आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची को मामूली अंतर से हराकर देश की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) का नेतृत्व प्राप्त करने में कामयाबी हासिल की। एलडीपी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने जापान में संसद के दोनों सदनों में बहुमत हासिल कर लिया है, इसलिए पार्टी के नए प्रमुख के रूप में इशिबा को मंगलवार को एक असाधारण डाइट सत्र में प्रधानमंत्री चुना जाना तय है।

# डेमोक्रेट्स चुनाव जीतने पर संविधान कर सकते हैं नष्ट

- अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क ने व्यक्त की चिंता

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क ने सोमवार को कहा कि आगामी पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी अगर जीत हासिल करती है तो अमेरिका के संविधान को नष्ट कर देगी। मस्क राष्ट्रपति के विशेष दूत जॉन केरी के इस कथन को देश के मुख्य कानून के लिए खतरा मानते हैं कि अमेरिकी संविधान भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से निपटने में बाधक है।

उन्होंने कहा कि केरी ने पहले चिंता जतायी थी कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देने वाला अमेरिकी संविधान का पहला संशोधन सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से निपटने में बाधक है। एक एक्स यूजर ने केरी के भाषण पर एक लेख के शीर्षक का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया और कहा कि अगर डेमोक्रेट जीत गये, तो यह आखिरी चुनाव होगा। मस्क ने एक्स पर इसे 'रि-पोस्ट' करते हुए कहा और वे संविधान को नष्ट कर देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटस की ओर से मौजूदा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस चुनाव लड़ रही है जबकि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार हैं।



## ब्रिटेन का आखिरी कोयला बिजली संयंत्र हुआ बंद

**लंदन।** ब्रिटेन का आखिरी कोयला आधारित बिजली संयंत्र सोमवार को बंद हो जाएगा, जिससे देश में औद्योगिक क्रांति को जन्म देने वाली कोयला विद्युत की 142 साल पुरानी व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। मध्य इंग्लैंड स्थित 'रैटक्लिफ-ऑन-सोर स्टेशन' अपनी अंतिम पाली के साथ आधी रात से हमेशा के लिए विराम ले लेगा। ब्रिटेन सरकार ने 2030 तक देश के लिए समूची ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से उत्पन्न करने के प्रयासों में एक मील के पत्थर के रूप में कोयला आधारित बिजली संयंत्र के बंद होने की सराहना की। ऊर्जा मंत्री माइकल शैंक्स ने कहा, संयंत्र का बंद होना एक युग के अंत का प्रतीक है और कोयला श्रमिक 140 वर्षों से अधिक समय से हमारे देश को बिजली प्रदान करने वाले अपने काम पर गर्व कर सकते हैं। एक देश के रूप में हम पीढ़ियों के प्रति ऋणी हैं।

# दुर्गा पूजा का विरोध वाले बयान पर चिंता व्यक्त की

- कट्टरपंथी इस्लामी समूह इंसाफ कायमकारी छात्र-जनता की 16 सूत्री मांग की आलोचना की
- हिंदुओं को दुर्गा पूजा मनाने या किसी भी मूर्ति पूजा में शामिल होने के खिलाफ चेतावनी दी गई

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद ने देश में दुर्गा पूजा समारोहों का विरोध करने वाले कट्टरपंथी इस्लामी समूह, इंसाफ कायमकारी छात्र-जनता के बयानों पर चिंता व्यक्त की है। मीडिया रिपोर्टों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, परिषद ने मीडिया के लिए जारी बयान में इंसाफ कायमकारी छात्र-जनता की 16 सूत्री मांग की आलोचना की है, इस 16 सूत्री मांग में उन्होंने हिंदुओं को दुर्गा पूजा मनाने या किसी भी मूर्ति पूजा में शामिल होने के खिलाफ चेतावनी दी है। काउंसिल ने बयानों और मांगों के जरिए देश में सांप्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने वालों को तुरंत हिरासत में लेने की मांग की है।

### परिषद ने दी चेतावनी

परिषद ने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो हिंदू समुदाय दुर्गा पूजा के आयोजन से हतोत्साहित हो सकता है। परिषद ने उल्लेख किया कि ऐसी मांगें और बयान मानवाधिकारों के खिलाफ हैं और धार्मिक आयोजन करने के अधिकारों का उल्लंघन करते हैं।

## कोशिका प्रतिरोपण से टाइप 1 मधुमेह को ठीक करने का दावा



**बीजिंग।** चीनी वैज्ञानिकों ने मूल कोशिका (स्टेम सेल) प्रतिरोपण के माध्यम से 'टाइप-1' मधुमेह के एक पुराने रोगी को ठीक करने का दावा किया है और इसे विश्व भर में अपनी तरह का पहला मामला बताया गया है। चीनी समाचार पत्र 'द पेपर' की रिपोर्ट के अनुसार, 25 वर्षीय एक महिला एक दशक से अधिक समय से इस बीमारी से पीड़ित थी लेकिन छोटे से ऑपरेशन के जरिए कोशिका प्रतिरोपण के लगभग ढाई महीने बाद वह अपने रक्त शर्करा स्तर को प्राकृतिक तरीके से नियंत्रित करने में सक्षम है। इस ऑपरेशन में सिर्फ आधे घंटे का समय लगा। यह ऑपरेशन करने वाली टीम ने पिछले सप्ताह पत्रिका सेल में अपने निष्कर्ष प्रकाशित किए।

# इमरान पर आतंकवाद का नया मामला दर्ज

- रावलपिंडी के लियाकत बाग इलाके में प्रदर्शन के बाद तीन नए मामले दर्ज किए गए

इस्लामाबाद, एजेंसी

रावलपिंडी के लियाकत बाग इलाके में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के आह्वान पर किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद पंजाब पुलिस ने उनके खिलाफ शनिवार को तीन नए मामले दर्ज किए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री पहले से ही जेल में बंद हैं।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार पीटीआई के संस्थापक पर रविवार को खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर और पार्टी अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर खान के साथ आतंकवाद रोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। रावलपिंडी के न्यू टाउन और सिविल लाइंस पुलिस थानों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों में हत्या के प्रयास, धारा 144 के उल्लंघन और अन्य आतंकवाद से संबंधित अपराधों के आरोप भी शामिल थे। एक वर्ष से अधिक समय से जेल में बंद इमरान खानने अपने समर्थकों को राष्ट्रीय संस्थाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए उकसाया और जेल से निर्देश जारी किए।



## 17 भारतीय मछुआरे श्रीलंका में गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध तरीके से मछली पकड़ने के आरोप में 17 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर उनकी नौकाएं जब्त कर लीं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी देते हुए बताया गया है कि इन 17 मछुआरों को मिला कर इस साल द्वीप राष्ट्र में ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की संख्या 413 हो गई है। श्रीलंकाई नौसेना ने बताया कि मछुआरों को गिरफ्तार किया गया और रविवार को मन्नार के उत्तर में उनकी दो नौकाएं जब्त की गईं। नौसेना ने भारतीय मछुआरों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया। इसमें कहा गया है कि पकड़े गए 17 मछुआरों को तलाईमन्नार पियर ले जाया गया और आगे की कार्रवाई के लिए उन्हें मन्नार मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा।

खगोल विज्ञान — कैमरे में कैद करने की पूरी दुनिया में होड़ लगी

# आसमान मे चमक बिखेरने लगा है धूमकेतु ए 3

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** धूमकेतु ए 3 त्सुचिंशान-एटलस का नजर आना शुरू हो गया है। सुबह के आसमान में प्रभावशाली ढंग से चमक बिखेर रहा है। इसकी चमक बढ़ने को लेकर खगोल के प्रति रूचि रखने वाले दुनियाभर के खगोलप्रेमी व धूमकेतुओं पर अध्ययन कर रहे वैज्ञानिकों के बीच इस धूमकेतु को कैमरे में कैद करने की होड़ लगी हुई है। इस धूमकेतु के जुलाई में विखण्डित होने की खबर आई थी।

यह क्षतिग्रस्त हो चुका था और नज़र आना भी बंद हो गया था। घटना बेहद निराश करने वाली थी। मगर अब पुनः नजर आने लगा है। 27 सितंबर को सूर्य के सबसे करीब पहुंच गया था। अब वापस लौट रहा है। अब यह धूमकेतु 12 अक्टूबर को पृथ्वी के सबसे करीब होगा। उम्मीद है कि तब वह सुबह की जगह शाम को नजर आने लगेगा। अक्टूबर में इसकी चमक में काफी बढ़ोतरी होने की संभावना जताई जा रही है। संभव है कि तब इसे कोरी आंखों से देखा जा सकेगा। फिलहाल यह धुंधला नजर आ रहा है और इसे देखने के लिए दूरबीन की सहायता लेनी पड़ेगी।



यूएई से कैमरे में कैद धूमकेतु ए3।

### नष्ट होने से बच गया ए 3 त्सुचिंशान-एटलस

**नैनीताल :** धूमकेतु ए 3 त्सुचिंशान-एटलस बेहद भाग्यशाली माना जा रहा है। जुलाई में टूटकर बिखर चुका था। जिसने जबरदस्त वापसी की। मगर 27 सितंबर को सूर्य के करीब पहुचने पर इसके पुनः नष्ट होने की आशंका बनी हुई थी। दरअसल सूर्य के नजदीक पहुचने पर संभव था कि वह सूर्य के आकर्षण में हजार भीषण ताप में समा जाता और सदा के लिए समाप्त हो जाता। मगर यह यह बच निकला। अब इसके धरती के करीब पहुचने का इंतजार है।